आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 36 | उज्जैन, शुक्रवार 20 फरवरी, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 3 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

बुधवार रात एवं गुरूवार तड़के जिले के कई क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि

# फसलों पर प्रकृति का कहर बरसा

## प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में नजरिया सर्वे के लिए टीम मैदान में उतरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक बार फिर से प्रकृति का कहर फसलों पर बरसा है। इस बार फसलों को अधिक नुकसान की स्थिति बनने के हाल सामने आ रहे हैं। बारिश के साथ ओलावृष्टि से गेंहू, लहसून, प्याज सहित अन्य फसलें प्रभावित हुई हैं। नजरिया सर्वे के लिए प्रशासनिक टीम मैदान में उतरी हैं। इनमें पटवारी, ग्राम सेवक, बीमा कंपनी के कर्मचारी शामिल हैं।

बुधवार रात एवं गुरूवार तड़के एक बार फिर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में फसल पर प्रकृति का कहर बरसा है। जिले के कई क्षेत्र इस कहर से प्रभावित हुए हैं। इसके तहत गुरूवार को प्रशासनिक अमला सर्वे के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचा है एवं नजरिया सर्वे की शुरूआत कर दी गई है।

**किसान संघ पहुंचा** – भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह आंजना के अनुसार बुधवार एवं गुरूवार को प्रकृति के कहर को खेतों में देखने के लिए संघ के तहसीलवार कार्यकर्ताओं के साथ प्रमुख पदाधिकारी भी खेतों पर पहुंचे एवं नजरिया सर्वे किया गया है। लागतार दो तीन दिन से हो रही बेमौसम बारिश और तूफान के कारण उज्जैन जिले के बहुत से किसानों की गेहूं और अन्य फसलों को नुकसान हुआ है।



### उन्हेल के आसपास का क्षेत्र ज्यादा प्रभावित हुआ

उन्हेल–नागदा क्षेत्र में उन्हेल के आसपास का क्षेत्र ज्यादा प्रभावित हुआ है। लसुल्डिया बाजार, झोखरा पिपलिया का रुपाखेड़ी, सुरजाखेड़ी, लेकोडा सहित अन्य गांव उज्जैन तहसील के नरवर, सेमलिया नसर, भंवरी, जस्तीखेड़ी, गोंदिया, बदरखा बेरसिया, सायराखेड़ी, नागदा तहसील, घटि्टया, बड़नगर, महिदपुर, मकड़ोन, तराना, कोठी महल तहसील में बहुत से किसानों को नुकसान हुआ है। आंजना ने कहा कि आरबीसी 6/4के तहत किसानों की क्षति ग्रस्त फसल का सर्वे कर राहत राशि दी जावे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष शिवचरण शर्मा, जिला मंत्री ईश्वर सिंह बीसा खेड़ी, तहसील अध्यक्ष मानसिंह चौधरी कार्यकरिणी मुकेश शर्मा, शैलेंद्र सिंह, अशोक पटेल, प्रभु लाल, सरपंच प्रतिनिधि संतोष वर्मा अन्य किसानों की उपस्थिति में नजरिया निरीक्षण किया गया।

राजस्थान में ओले गिरे

# मध्यप्रदेश के 25 जिलों में बारिश

## हरियाणा में बारिश से 7 डिग्री तापमान गिरा, केदारनाथ में 6 इंच बर्फ गिरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज बदल गया है। मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन समेत 25 से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ीं, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है।

राजस्थान के 11 जिलों में तेज आंधी-बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी है। एक दिन पहले 11 से ज्यादा जिलों में दिनभर रुक-रुककर बारिश हुई। राजधानी जयपुर के रटर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में पानी भर गया। इससे कई ऑपरेशन टल गए। 4 जिलों में ओले भी गिरे। हरियाणा के हिसार समेत कई इलाकों में 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और ओले गिरने की चेतावनी दी गई है। राज्य के भिवानी और रेवाड़ी में बुधवार दोपहर को हल्की बूंदाबांदी के साथ ओले गिरे। वहीं उत्तराखंड में बागेश्वर और रुद्रप्रयाग सहित तीन जिलों में बर्फबारी हुई है। इसके अलावा 7 जिलों में बारिश हुई है। रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ में 6 इंच बर्फ गिरी है।

## देश विदेश

### बिना अनुमति देश छोड़कर नहीं जाऊंगा : अनिल अंबानी


**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी ने 19 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया। इसमें उन्होंने वचन दिया है कि वे अदालत की अनुमति के बिना भारत छोड़कर नहीं जाएंगे। यह हलफनामा उनके रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप की कंपनियों से जुड़ी 40 हजार करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी की जांच के बीच आया है। अंबानी ने अदालत को यह भी भरोसा दिलाया है कि वे ईडी और सीबीआई द्वारा की जा रही जांच में पूरी तरह से सहयोग करेंगे। ये दोनों एजेंसियां अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ जांच कर रही हैं। वकील मुकुल रोहतगी की तरफ से किए मौखिक वादे की पुष्टि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अनिल अंबानी ने अपने हलफनामे में आधिकारिक तौर पर उस अंडरटेकिंग (वचन) को अपना लिया है, जो उनकी ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने 4 फरवरी को कोर्ट में पेश की थी।

### सोना 3151 रुपये महंगा हुआ, 1.55 लाख पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में 19 फरवरी को लगातार दूसरे दिन तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,151 रुपए बढ़कर होकर 1.55 लाख पहुंच गया है। वहीं, एक किलो चांदी 8,432 रुपए बढ़कर 2.45 लाख पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 21,540 और चांदी 14,810 महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर

### फिल्म घूसखोर पंडत नाम हटाया गया



फिल्ममेकर नीरज पांडेय बोले- नया टाइटल अभी तय नहीं, कहानी के अनुसार रखा जाएगा

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की फिल्म घूसखोर पंडत का नाम बदल दिया गया है। फिल्ममेकर नीरज पांडेय ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दाखिल करके इसकी जानकारी दी। जिसमें बताया गया कि फिल्म का विवादित टाइटल हटा दिया गया है। अब इसका कहीं इस्तेमाल नहीं होगा। नया नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन जो भी रखा जाएगा, वह पुराने नाम जैसा या उससे मिलता-जुलता नहीं होगा। नीरज पांडेय ने कोर्ट में बताया कि नया नाम फिल्म की कहानी और उद्देश्य को सही ढंग से दिखाएगा और कोई गलत मतलब नहीं निकलेगा। इसके अलावा पुराने नाम से जुड़े सभी पोस्टर, ट्रेलर और प्रचार सामग्री भी पहले ही हटा दी गई है। दरअसल 12 फरवरी को पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने फिल्ममेकर और ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को फिल्म का नाम बदलने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ता अतुल मिश्रा ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। नेटफ्लिक्स ने 3 फरवरी 2026 को मनोज बाजपेयी की 'घूसखोर पंडत' का ऐलान भी टीजर रिलीज करके किया गया था। लेकिन जैसे ही इसका टीजर जारी किया गया तो इसके टाइटल को लेकर विवाद शुरू हो गया और लोग सड़कों पर उतर गए। इसके बाद यह मामला कोर्ट तक पहुंच गया। टीजर में मनोज बाजपेयी सीनियर इंस्पेक्टर अजय दीक्षित के किरदार में नजर आ रहे हैं, जिन्हें दिल्ली में पंडित के नाम से जाना जाता है। फिल्म में उन्हें एक बदनाम पुलिस अधिकारी के रूप में दिखाया गया है। टीजर के मुताबिक, दीक्षित 20 साल पहले एसआई के रूप में भर्ती हुए थे और अपने किए गए कारनामों की वजह से उन्हें बार-बार डिमोट किया गया।

### मुसलमानों को खत्म करने वाले खुद खत्म हुए : मदनी

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के 'मुसलमानों की घरवापसी' बयान पर हंगामा मच गया है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने अपना पुराना एक वीडियो एक्स पर जारी किया है। हालांकि उन्होंने मोहन भागवत या आरएसएस का नाम नहीं लिया। मदनी ने लिखा- क्या 20 करोड़ मुसलमानों को हिंदू बना दोगे? क्या 6 करोड़ ईसाइयों की भी घर वापसी कराओगे? ऐसे बयान देश को तबाही की ओर ले जाएंगे। जो 70 साल में कहने वाले पैदा नहीं हुए, वो आज 20 करोड़ मुसलमानों की 'घर वापसी' की बात कर रहे हैं। ऐसा लगता है मानो सिर्फ उन्होंने ही अपनी मां का दूध पिया हो। जो आवाज देश को तबाही और दुश्मनी की तरफ ले जाए, वह वफादारी की आवाज नहीं हो सकती।

### 3.35 करोड़ लूट के बदमाशों का यूपी में शॉर्ट एनकाउंटर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सराफा कारोबारी से लगभग 3.35 करोड़ के सोने की लूट के सभी आरोपी पकड़े गए। वारदात के बाद 4 बदमाश यूपी भाग गए थे। जहां पुलिस ने उनका शॉर्ट एनकाउंटर किया। पैर में गोली लगते ही चारों बदमाश पकड़े गए। पांचवा आरोपी बिलासपुर से पकड़ाया है। बता दें कि सरकंडा के राजकिशोर नगर में सराफा कारोबारी संतोष तिवारी मंगलवार की रात लूट हुई थी। आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर सिर पर हथौड़ा मारा था और करीब 2 किलो सोना लेकर भाग गए थे। पुलिस जांच में पता चला कि वारदात में उपयोग की गई बाइक और कार दोनों चोरी की थी। बाइक अंबिकापुर में पदस्थ नगर सैनिक राकेश चौबे के नाम पर दर्ज है, जिसे आरोपियों ने 13 फरवरी को मैनपाट से चोरी किया था और उसी से वे बिलासपुर आए।

इंदौर में चूहा कांड के बाद फिर हॉस्पिटल में लापरवाही

# एमवाय हॉस्पिटल में एचआईवी यूनिट तक पहुंचीं बिल्लियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के महाराजा यशवंतराव अस्पताल में एचआईवी संक्रमित मरीजों की यूनिट और दवा कक्ष में बिल्लियों के घूमने का मामला सामने आया है। अस्पताल के ओपीडी में एक बिल्ली ने बच्चों को जन्म दिया। एआरटी (एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी) केंद्र तक उसकी पहुंच देखी गई। यह लापरवाही तब सामने आई जब 6 महीने पहले ही चूहों के कुतरने से 2 नवजातों की मौत हुई थी।



अस्पताल के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में एक बिल्ली ने तीन बच्चों को जन्म दिया। इसके बाद ओपीडी और आसपास के हिस्सों में बिल्लियों की आवाजाही लगातार देखी गई। अस्पताल प्रबंधन ने तीन में से दो बच्चों को रेस्क्यू कर लिया है और तीसरे को पकड़ने की कोशिश जारी है। एचआईवी संक्रमित मरीजों के दवा कक्ष में बिल्लियों के घूमने और गंदगी फैलाने की शिकायत मिली है। इसी कक्ष से मरीजों को हर महीने मुफ्त दवाएं दी जाती हैं। यहां नवजात बच्चों को दी जाने वाली सेप्ट्रोन दवाएं भी रखी जाती हैं। अस्पताल के एआरटी एकीकृत परामर्श केंद्र के कुछ कर्मचारी बिल्लियों की देखभाल करते नजर आए। इससे दवा कक्ष की सुरक्षा और संक्रमण नियंत्रण को लेकर सवाल उठे हैं।

### डीन ने पिंजरे लगाने और हटाने के निर्देश दिए

एमजीएम मेडिकल कॉलेज और एमवाय अस्पताल के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने मामले को गंभीर माना है। उन्होंने कहा, मामला हमारे संज्ञान में आया है। हमने हाउसकीपिंग कंपनी को परिसर खाली कराने और बिल्लियों को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाने के निर्देश दिए हैं। ओपीडी दोपहर 2 बजे के बाद बंद हो जाती है, इसलिए संक्रमण का कोई खतरा नहीं है। उन्होंने पुष्टि की कि तीन में से दो बच्चों को रेस्क्यू कर लिया गया है और तीसरे को पकड़ने की कार्रवाई जारी है। साथ ही पेस्ट एस एंड एनिमल कंट्रोल एजेंसी की जवाबदेही तय करने की बात कही गई है।

## महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प, बैरिकेडिंग पर चढ़ीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



मोहन सरकार के बजट में महिलाओं को महंगाई से कोई राहत नहीं मिलने के विरोध में आज महिला कांग्रेस ने भोपाल में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के बंगले का घेराव करने की कोशिश की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर हालात तनावपूर्ण हो गए।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर महिला कार्यकर्ता संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया के नेतृत्व में जमा हुईं। इसके बाद ठेले पर स्कूटी और सिलेंडर रखकर मंत्री जगदीश देवड़ा के बंगले का घेराव करने नारेबाजी करते हुए निकलीं। इस बीच पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रेडक्रॉस हॉस्पिटल के पास रोक लिया। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला जलाने की कोशिश की। पुलिस ने पुतला जलाने से रोका, जिसके बाद महिला कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प की स्थिति बन गई। महिलाओं का कहना था कि बजट में न तो रसोई गैस सस्ती हुई और न ही पेट्रोल-डीजल या घरेलू खर्चों पर कोई राहत दी गई।

## पंजाब सीएम ऑफिस-चंडीगढ़ कोर्ट को उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

चंडीगढ़ स्थित पंजाब सचिवालय और चंडीगढ़ कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया और पूरे इलाके को खाली करा लिया गया। एहतियातन हरियाणा सचिवालय को भी अलर्ट पर रखा गया है।

जानकारी के मुताबिक, धमकी भरा ईमेल संबंधित विभाग को मिला था, जिसमें सीएम ऑफिस में विस्फोट करने की बात कही गई है। इस ईमेल का स्क्रीनशॉट वायरल हुआ। हालांकि, इसकी पुलिस या प्रशासन के किसी अधिकारी ने पुष्टि नहीं की है।



सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और लोगों को सचिवालय से सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया। पुलिस बल, सीआरपीएफ, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड की टीमें मौके पर पहुंचीं और पूरे इलाके की बारीकी से तलाशी ली। जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। बता दें कि मंगलवार को भी मोहाली के अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसमें सीएम मान एडमिट थे। हालांकि, यह धमकी भी झूठी निकली थी।

कांग्रेस का दावा

## राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी मिली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा किया। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है।

पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा आरएसएस-भाजपा तंत्र एक 'गोडसे फैक्ट्री' है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है।



उन्होंने एक्स पर लिखा- कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं जब तक उनके फॉलोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती, तब भी गोडसे बनाया गया था।

## ब्रिटेन के किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू गिरफ्तार

### एपस्टीन मामले में नाम, 17 साल की लड़की से रेप का आरोप, शाही घर भी छीना जा चुका

एजेंसी ▸▸ लंदन

ब्रिटेन में किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें सार्वजनिक पद पर रहते हुए गलत बर्ताव के शक में पकड़ा गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें गुरुवार सुबह करीब 8 बजे उनके घर से हिरासत में लिया गया।



एपस्टीन मामले में पीड़िता रही वर्जीनिया गिफ्रे ने आरोप लगाया था कि 2001 में जब वह 17 साल की थी तब प्रिंस एंड्रयू ने उनका यौन शोषण किया था। हालांकि एंड्रयू ने ग्रिफे के सभी आरोपों को खारिज किया था। गिफ्रे की अप्रैल 2025 में मौत हो गई थी। इसकी वजह आत्महत्या बताई गई थी। एंड्रयू को पकड़ने के लिए आज सुबह सादे कपड़े में पुलिस पहुंची थी। वह आधुनिक इतिहास में गिरफ्तार होने वाले पहले शाही सदस्य बन गए हैं। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ने पिछले साल अक्टूबर में अपने छोटे भाई एंड्रयू से प्रिंस का खिताब और सभी शाही उपाधियां वापस ले ली थीं। उन्हें विंडसर स्थित उनके आलीशान घर रॉयल लॉज को भी खाली करने का आदेश दिया गया। 65 साल के एंड्रयू दिवंगत क्वीन एलिजाबेथ के दूसरे बेटे हैं। एंड्रयू का नाम लंबे समय से अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ा रहा है।

दावा- ईरान पर इस हफ्ते हमला कर सकता है अमेरिका

# 2003 के बाद सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात


एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन/तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है। उठठ की रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इसे अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है।

मिडिल ईस्ट में अमेरिका ने 2003 के इराक युद्ध के बाद अपनी सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में एफ-35, एफ-22, एफ-15 और एफ-16 जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट्स की कई स्क्वॉड्रन तैनात की हैं।

बड़े पैमाने पर एयर ऑपरेशन के लिए जरूरी कमांड एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी भेजे जा रहे हैं। हाल के हफ्तों में एयर डिफेंस सिस्टम भी इलाके में लगाए गए हैं अमेरिकी न्यूज एजेंसी एक्सियोस की

### कई हफ्ते चलेगा मिलिट्री ऑपरेशन



रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अमेरिका सैन्य कार्रवाई करता है तो यह कई हफ्तों तक चलने वाला बड़ा ऑपरेशन होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ऑपरेशन पिछले महीने वेनेजुएला में हुई सीमित कार्रवाई से कहीं बड़ा होगा और संभव है कि इसे इजराइल के साथ मिलकर अंजाम दिया जाए। इसका निशाना ईरान का परमाणु और मिसाइल ढांचा हो सकता है।

### इजराइली अधिकारी बोले- संघर्ष की बहुत ज्यादा आशंका

- इजराइल की सैन्य खुफिया एजेंसी के पूर्व अधिकारी आमोस यादलिन ने कहा कि टकराव अब पहले से कहीं ज्यादा करीब है। हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं, लेकिन एक महाशक्ति कुछ ही दिनों में युद्ध शुरू नहीं करती। कूटनीतिक रास्ता अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।
- यादलिन ने यह भी कहा कि कई लोग हमले के खिलाफ हैं और पेंटागन भी पूरी तरह साफ नहीं है कि वह इस कार्रवाई से क्या हासिल करना चाहता है, लेकिन राष्ट्रपति काफी दृढ़ नजर आ रहे हैं। ट्रम्प का 'सभी ऑप्शन खुले हैं' वाला बयान असली सैन्य तैयारी के बारे में बताता है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### किसान की चिंताएं बढी...

मौसम का रूख बिगडता दिख रहा है और फसलें खेतों में खडी है। पिछले एक माह के दरमियान पहले पानी का अभाव फसलों पर रहा तो उसके बाद बैमौसम बरसात एवं ओलावृष्टि से फसलें प्रभावित हुई हैं। एक बार फिर से मौसम ने रूख तिरछा किया है। दो दिनों में कई स्थानों पर बारिश एवं ओलावृष्टि ने फसलों को प्रभावित किया है। निश्चित तौर पर फसलों पर इसका दुष्प्रभाव सामने आना ही है और उपज में कमी होना तय है। इसका असर किसान से लेकर बाजार तक देखा जाएगा। भविष्य में इससे पूरा बाजार प्रभावित होना तय है। कई क्षेत्रों में बुधवार झगुरुवार रात हुई ओलावृष्टि से किसानों की चिंता बढ गई है। मौसम का बिगडैल रवैया बना हुआ है और बारिश के साथ ओलावृष्टि के आसार भी हैं। ऐसे में किसानों की चिंता बढना तय है। इसे लेकर किसानों को अभी से बराबर जिम्मेदार ढाढस बंधाते रहें तो बेहतर होगा अन्यथा प्राकृतिक प्रकोप के प्रभावित किसान चिंता के दौरान कोई ऐसा कदम न उठा लें कि उसकी भरपाई मुश्किल हो जाए और उनके परिवार एवं बच्चों को उसका भूगतान करना पडे। खुसूर-फुसूर है कि ओला प्रभावित क्षेत्रों में इसके लिए किसानों की चौपाल लगाने का काम शुरू करते हुए उन्हें आश्वस्त किया जाना चाहिए कि उनके साथ सब कोई हैं। वे अन्नदाता हैं और उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। पूर्व से फसल बीमा है जिसका लाभ उन्हें मिलेगा और इसके अतिरिक्त भी उन्हें हर तरह की सहायता उपलब्ध होगी। इससे किसान को ढाढस बंधेगा और वह निश्चिंत होगा,जिससे की कोई अनहोनी नहीं होगी।




## ट्रैंडिंग




## मोबाइल पर बात करते वाहन चलाने पर सख्ती, कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**उज्जैन।** उज्जैन में वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण बन रहा है।

गुरुवार, को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट किया कि ऐसे चालकों के खिलाफ सख्त चालानी और दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिले के ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर वहां रंबल स्ट्रिप, कैट आई, संकेतक बोर्ड और स्पीड ब्रेकर लगाने के भी निर्देश दिए। साथ ही, किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।बैठक में स्कूल वाहनों में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने स्कूल संचालकों को निर्देश दिए कि वे अपने वाहनों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे और जीपीएस सिस्टम लगाएं। आरटीओ को स्कूल वाहनों की फिटनेस का नियमित सत्यापन करने के लिए कहा गया है।

रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि पशुओं के सींग पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, इंटरसिटी बड़ी बसों के शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के विषय पर भी चर्चा की गई।

### अब श्री महाकालेश्वर में भस्मार्ती की तरह सांध्य एवं शयन आरती भी आनलाईन बुकिंग से होगी, एक हजार से1200 श्रद्धालुओं की अधिकतम बुकिंग आरती दर्शनों के लिए होगी

# बुकिंग वालों ने किए आरती दर्शन, सामान्य श्रद्धालुओं को भी मिल सका प्रवेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर आने वाले श्रद्धालु अब भस्मार्ती की तरह अन्य संध्या आरती एवं शयन आरती भी आनलाईन बुकिंग से कर सकेंगे। गुरूवार को संध्या आरती की आनलाईन बुकिंग की शुरूआत मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने करते हुए इस व्यवस्था की शुरूआत की है। गुरूवार को संध्या आरती में बुकिंग कर आने वाले श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं तो सामान्य श्रद्धालुओं ने भी इस दौरान भगवान के दर्शन किए हैं। आरती के दौरान किसी को रोका नहीं गया।

मंदिर प्रबंध समिति ने दोनों ही आरतियों के लिए प्रति श्रद्धालु ₹250/- (शीघ्र दर्शन के समान) शुल्क निर्धारित किया गया है। बुकिंग फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व (प्रथम आओ, प्रथम पाओ) के आधार पर की जाएगी।महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया को निरंतर आगे बढ़ाते हुए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संध्या आरती एवं शयन आरती की बुकिंग प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन करने का निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था पारदर्शिता, सुव्यवस्थित प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लागू की जा रही है।



### ये रहेगी बुकिंग,दर्शन व्यवस्था

अब श्रद्धालु दोनों आरतियों के लिए केवल मंदिर की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से ही बुकिंग कर सकेंगे। मंदिर प्रबंध समिति की वेबसाईट https://www.shrimahakaleshwar.mp.gov.in/

पर संध्या आरती की ऑनलाइन बुकिंग प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ होगी।शयन आरती की ऑनलाइन बुकिंग प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से प्रारंभ होगी। दोनों आरतियों हेतु प्रवेश द्वार क्रमांक 1 निर्धारित किया गया है। संध्या आरती के लिए प्रवेश का अंतिम समय सायं 6:00 बजे रहेगा। शयन आरती के लिए प्रवेश का अंतिम समय रात्रि 10:00 बजे रहेगा।दोनों आरतियों के निर्धारित समय के दौरान चलित दर्शन की प्रक्रिया भी संचालित की जाएगी, जिससे श्रद्धालु सुव्यवस्थित रूप से दर्शन लाभ प्राप्त कर सकें।

### प्रशासक ने देखी व्यवस्था

मंदिर समिति का उद्देश्य डिजिटल माध्यम से पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालु-अनुकूल व्यवस्था सुनिश्चित करना है, जिससे अधिकाधिक श्रद्धालु सुगमता से आरती एवं दर्शन का लाभ प्राप्त कर सकें। प्रक्रिया की शुरूआत के साथ प्रशासक ने आरती स्थल, प्रवेश मार्ग, काउंटर व्यवस्था, तकनीकी नियंत्रण कक्ष तथा पोर्टल संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, सुगम एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ रहे। पोर्टल प्रारंभ होते ही प्रशासक प्रथम कौशिक ने प्रथम संध्या आरती की ऑनलाइन बुकिंग भी की गई।

### घर बैठे श्रद्धालु बुक कर सकेंगे

यह व्यवस्था डिजिटलाइजेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे श्रद्धालु घर बैठे आरती बुक कर सकेंगे तथा मंदिर परिसर में भीड़ प्रबंधन अधिक सुव्यवस्थित होगा। प्रशासक ने श्रद्धालुओं से विशेष रूप से अनुरोध किया कि वे किसी भी प्रकार के बिचौलियों, अनधिकृत व्यक्तियों अथवा अन्य अनधिकृत माध्यमों से बुकिंग न करें। मंदिर द्वारा निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त किसी को भी अतिरिक्त राशि प्रदान न करें। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना अथवा अवैध वसूली से सावधान रहें। आरती बुकिंग की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन एवं पारदर्शी है तथा किसी भी अतिरिक्त भुगतान की आवश्यकता नहीं है।

### काशी बना रोल माडल

इधर सामने आ रहा है कि आरती दर्शन के लिए काशी में प्रति श्रद्धालू रूपए 300 लिए जाते हैं और आरती में बैठकर दर्शन की सुविधा मिलती है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में भस्मार्ती अनुमति में सख्ती की स्थिति बनने के बाद से श्रद्धालुओं से अन्य आरती दर्शन करवाने को लेकर लेनदेन की जानकारी बराबर सामने आ रही थी। इसमें चलते मंदिर समिति ने सीधे तौर पर इसे नियमों के तहत ही लागू कर श्रद्धालुओं को न्यूनतम शीघ्र दर्शन शुल्क में ही लागू कर दिया।

### लुकछुप कर नहीं बुकिंग कर दर्शन करें

वर्तमान में संध्या आरती एवं शयन आरती के लिए कई श्रद्धालु प्रयास करते थे,लेकिन इस दौरान श्रद्धालुओं को चलायमान ही दर्शनों के लिए रखा जाता था। ऐसे में कई श्रद्धालु रूक कर दर्शन की इच्छा को पुरा करने के लिए बैरिकेड्स में इधर झउधर होकर एवं लुकछुप कर या फिर जैक लगाकर दर्शन करते थे। इस दौरान मंदिर के गार्ड श्रद्धालुओं को आगे चलाते थे और ऐसे में विवाद की स्थिति भी बनती थी। इसे लेकर मंदिर समिति ने सीधे तौर पर वैधानिक मान्यता देते हुए श्रद्धालुओं को बुकिंग की सुविधा प्रदान की है।

## एमआर 4 मार्ग चौड़ीकरण का क्षेत्रवासियों ने किया विरोध

### आज अधिकारियों के समक्ष रखेंगे अपना पक्ष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ढांचा भवन क्षेत्र में दारु गोदाम के समीप एम आर -4 मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है जिसके चलते गुरुवार को नगर निगम की टीम जेसीबी व अन्य संसाधनों के साथ मार्ग चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं मकानों पर कार्रवाई करने पहुंची थी जिसका क्षेत्रवासियों ने विरोध किया और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर नारेबाजी कर चौड़ीकरण का विरोध करने लगे। इधर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी व नेता प्रतिपक्ष रवि राय भी मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने अधिकारियों से चर्चा की। इस पर अधिकारियों ने उन्हें आज सुबह 11:00 बजे मेला कार्यालय पर चर्चा के लिए बुलाया है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि एम आर 4 मार्ग को 80 फीट चौड़ा किया जा रहा है । जबकि इस मार्ग का इतना उपयोग नहीं होता है। ना ही यह सिंहस्थ मार्ग है। ऐसे में इसको 80 फीट चौड़ा करने का कोई औचित्य नहीं है। वहीं अगर 80 फीट मार्ग चौड़ा किया जाएगा तो यहां पर कई लोगों के मकान चौड़ीकरण की भेंट चढ़ जाएंगे तथा लोग बेघर हो जाएंगे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि 50 से 60 फीट मार्ग चौड़ा हो जाएगा तो किसी को भी कोई नुकसान नहीं होगा फिलहाल यह मार्ग 20 फीट चौड़ा है।

इधर मुकेश भाटी का कहना है कि अधिकारियों ने आज चर्चा के लिए बुलाया है तथा आज सुबह 11:00 बजे सभी कोठी स्थित मेला कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखेंगे।



### पति को कैंसर इधर महिला को बेघर होने की भी चिंता सता रही

दारु गोदाम क्षेत्र में रहने वाली एक महिला का भी मकान चौड़ीकरण की में जद में हैं तथा महिला का पति पहले ही कैंसर की बीमारी से पीड़ित है। ऐसे में कोई कमाने वाला नहीं है और जैसे-तैसे महिला अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है लेकिन अब महिला की चिंता और बढ़ गई है। पति गंभीर बीमारी से पीड़ित है और पलंग पर है ऐसे में महिला को अब बेघर होने की भी चिंता सता रही है।

## मानवीयता का परिचय देते हुए अंकित ने बचाई महिला की जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



पिछले दिनों इंडियन बैंक के सिक्योरिटी गार्ड अंकित भार्गव ने एक बार फिर बहादुरी दिखाते हुए एक मुस्लिम महिला की जान बचाई ' फिलहाल महिला अस्पताल में है और खतरे से बाहर है ' प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकित तेरह फरवरी की रात को करीब 8:30 बजे अपने घर जा रहे थे तभी उन्हें गाड़ी अड्डा चौराहे पर एक मुस्लिम महिला जिसका नाम तबस्सुम बी पति गुलाम दस्तगीर निवासी ताजपुर था, सड़क पर घायल अवस्था में मिक्सर मशीन के नीचे पड़ी हुई दिखी ' उसका हाथ कट चुका था और काफी खून बह रहा था। अंकित ने लगभग 15 मिनट तक एंबुलेंस का इंतजार करने के बाद बिना कुछ सोचे समझे गोल्डन आवर के अंदर ही अकेले ही उस महिला को ई-रिक्शा में डालकर चरक अस्पताल पहुंचा दिया ' पुलिस पुलिस प्रशासन द्वारा यद्यपि अंकित की तारीफ तो की गई है लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री राहवीर योजना के अंतर्गत उनका नाम प्रस्तावित नहीं किया गया है।

यहां हम आपको बता दें कि अंकित ने पूर्व में भी तीन बत्ती चौराहे पर स्थित एक चाय की दुकान में गैस सिलेंडर में आग लगने पर बहादुरी बताते हुए आग बुझाई थी और कई लोगों की जान बचाई थी।

## बालाजी हॉस्पिटल पर बायो मेडिकल वेस्ट कचरा मिक्स पाए जाने पर निगम ने लगाया 50 हजार का जुर्माना





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास रोड स्थित बालाजी हॉस्पिटल के द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट कचरे को मिक्स रखने पर नगर निगम द्वारा गुरुवार को 50 हजार का जुमार्ना किया गया।

उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 की नवीन टूलकिट के अंतर्गत होटल, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अस्पतालों इत्यादि को अपने प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे का निष्पादन करना है साथ ही अस्पताल से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट कचरे को प्रथक से रखना है जिसके क्रम में देवास रोड स्थित बालाजी हॉस्पिटल पर गुरुवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि बायोमेडिकल वेस्ट के हानिकारक कचरे को मिक्स कचरे में दिया जा रहा है जिसके क्रम में निगम द्वारा अस्पताल प्रबंधन पर 50 हजार का जुमार्ना लगाने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार जोन क्रमांक 04 के उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त श्री रविकांत मगरदे, स्वास्थ्य अधिकारी श्री कालूराम सोलंकी के मार्गदर्शन में स्वच्छता निरीक्षक श्री यश धौलपुरे, दरोगा श्री रितेश सारवान द्वारा की गई।

## 'राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रनिर्माण और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है'




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के शुभारंभ सत्र में मुख्य अतिथि एवं सार्वभौम मानव विकास संस्थान के अध्यक्ष आचार्य शैलेंद्र पाराशर ने शिवार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में चरित्र निर्माण, सामाजिक चेतना, राष्ट्रनिर्माण और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है।

अपने प्रेरक एवं ओजस्वी उद्बोधन में आचार्य पाराशर ने कहा कि विशेष शिविर विद्यार्थियों के जीवन में आत्मपरिवर्तन का अवसर लेकर आता है। शिविर में सक्रिय सहभागिता से नेतृत्व क्षमता, वक्तृत्वकला, आत्मविश्वास, अनुशासन, समय प्रबंधन तथा निर्णय लेने की क्षमता जैसे गुण स्वाभाविक रूप से विकसित होते हैं।

# मौसम में बदलाव से सजग रहकर खुद को रखें स्वस्थ

### बढती गर्मी एवं रात में ठंडक होने से मौसमी प्रभाव के कारण त्वचा में फंगल इंफेक्शन, गला बैठना आम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। मौसम में बदलाव के साथ ही त्वचा एवं गला बैठना जैसी बिमारी आम हो चली है। इन बिमारियों के मरीज बढते ही जा रहे हैं। सजग रहकर एवं त्वचा की देखभाल कर स्वस्थ रहा जा सकता है। गला बैठने की समस्या से भी बचा जा सकता है और सजग रहकर स्वस्थ रहा जा सकता है। तापमान में तेजी से बढती गर्मी एवं रात में ठंडक होने से मौसमी प्रभाव के कारण त्वचा एवं गला बैठने का रोग बढ रहा है।

इन दिनों दिन में गर्मी और रात को हल्की ठंडक के चलते फंगल इंफेक्शन के मामले काफी तेजी से सामने आ रहे है। अस्पतालों में पहुंच रहे मरीजों में फंगल इंफेक्शन के मरीजों की संख्या निरंतर बढ रही है। इसके पीछे तापमान में अचानक बढ़ोतरी के कारण त्वचा से जुड़ी समस्याओं में तेजी आना बताया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम के बदलाव के कारण न केवल मुंहासों की समस्या बढ़ी है। बल्कि फंगल इंफेक्शन भी तेजी से फैल रहा है। सजग नहीं होने पर यह समस्या बढ सकती हैगर्मियों के मौसम में जहां त्वचा से पसीना निकलता है, वहीं हवा में नमी भी बढ़ जाती है। इस नमी और पसीने से फंगल इंफेक्शन के मरीजों की संख्या बढने लगी है। यह इंफेक्शन शरीर के विभिन्न हिस्सों में फैल सकता है, जैसे कि पेट, पीठ, चेहरे और पैरों पर। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में यह समस्या अधिक देखी जा रही है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा.जितेन्द्र शर्मा बताते हैं कि मौसम की वजह से यह खुश्की हो रही है।इसमें ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें। पानी छानकर एवं उबालकर ठंडा किया हुआ हो तो बेहतर होगा। नहाने के तत्काल बाद कपडे न पहनें ,पूरे शरीर को सूखा कर ही कपडे पहनें। उनी वस्त्रों को पहनकर सोने से बचें। इसी तरह से गला बैठने को लेकर सतर्क रहें। तली-गली खाद्य वस्तुओं से बचें। ज्यादा ठंडे पानी का उपयोग न करें। धूप से सीधे आकर पानी न पीते हुए कुछ देर शरीर को ठंडा होने के उपरांत ही पानी ग्रहण करें।



दिन गर्म रातें अभी भी ठंडी

अब दिन गर्म होने लगे हैं।पारा बराबर 30 से उपर ही चल रहा है। मंगलवार को भोपाल, इंदौर, मंदसौर, नीमच समेत 15 शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से पार रहा। हालांकि, रातें अभी भी ठंडी है। मौसम विभाग ने दो दिन बाद दिन-रात के तापमान में गिरावट होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार, देश में दो सिस्टम एक्टिव है। लेकिन, कमजोर होने की वजह से बारिश के आसार कम ही है। दूसरी ओर नए वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकते हैं। इसका असर प्रदेश में दिखाई दे सकता है। इससे दिन और रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन एवं वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है। वहीं, पहाड़ों में बर्फबारी और बारिश होने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिको के अनुसार, सिस्टम गुजरने और बर्फ पिघलने के बाद मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिलेगा।

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



### एआई और संपदा-2 डेटा से तय होंगी नई गाइडलाइन दरें,

# इंदौर में 3000 से ज्यादा लोकेशन पर गाइडलाइन बढ़ेगी

## 91 नई कॉलोनियां शामिल, 200 और जुड़ सकती हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर शहर और जिले में संपत्ति खरीदने वालों के लिए अगले वित्त वर्ष से खर्च बढ़ सकता है। शासन और स्थानीय स्तर पर हुए आकलन में तीन हजार से अधिक लोकेशन पर गाइडलाइन दरें बढ़ाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए उप पंजीयन कार्यालयों में प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें पहले जिला और फिर केंद्रीय मूल्यांकन समिति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।



उप पंजीयन कार्यालय इस माह प्रस्ताव तैयार कर जिला मूल्यांकन समिति को भेजेगा। यहां से स्वीकृति मिलने के बाद मार्च के मध्य तक प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन समिति को भेजा जाएगा, जिसके आधार पर नई गाइडलाइन दरें तय होंगी।

दरअसल, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान हुई संपत्ति रजिस्ट्रियों का विश्लेषण किया गया है। जिन स्थानों पर जमीन या संपत्ति की खरीद-फरोख्त तय गाइडलाइन दर से अधिक कीमत पर हुई है, उन क्षेत्रों में दर बढ़ाने की सिफारिश की जा रही है।

वित्तीय वर्ष के बीच में विभाग ने सौ से अधिक नई कॉलोनियों को गाइडलाइन में जोड़ने का प्रस्ताव भेजा था, जिनमें से 91 को मंजूरी मिल चुकी है। इनकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर रजिस्ट्रियां भी शुरू कर दी गई हैं। आने वाले वित्त वर्ष में करीब 200 नई लोकेशन और शामिल होने की संभावना है। इसके लिए विभाग ने आवेदन मांगे हैं, जिनमें स्वीकृत नक्शा, रेरा पंजीयन और अन्य वैध अनुमतियां जरूरी होंगी।

### एआई और संपदा-2 सिस्टम बनेगा आधार

इस बार 10 प्रतिशत से अधिक दस्तावेज पंजीकृत होने वाली लोकेशन को ही बढ़ोतरी में शामिल किया गया है। एआई और संपदा-2 के डेटा के आधार पर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। शासन ने पिछले माह करीब 3200 लोकेशन पर संभावित बढ़ोतरी की जानकारी भेजी थी। विस्तृत जांच में 2400 स्थानों पर 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि सामने आई, जबकि करीब 600 स्थानों पर स्थानीय स्तर पर अतिरिक्त बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### पिछले साल 20 से 270% तक बढ़ी थीं दरें

S@MPADA 2.0 e-registry Portal — Govt. of M.P.

मौजूदा वित्त वर्ष में भी कई क्षेत्रों में गाइडलाइन दरों में 20 से लेकर 270 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई थी। सबसे ज्यादा वृद्धि ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि भूमि में देखी गई थी। अधिक कीमत पर रजिस्ट्रियां होने और भूमि अधिग्रहण से जुड़े विरोध को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किए गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के हित में तत्पर है सरकार

**इंदौर।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और हर परिस्थिति में किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। हाल ही में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई वर्षा एवं ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के नुकसान की राहत राशि देने के लिए गंभीरता से कार्य किया जाएगा। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि जिन-जिन जिलों में वर्षा और ओलावृष्टि की घटनाएं सामने आई हैं, वहां तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सर्वे कार्य पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान समय पर किया जा सके। मंत्री श्री कंषाना ने आश्वासन दिया कि किसी भी किसान को नुकसान की स्थिति में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और राज्य सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने किसानों से अपील की है कि वे धैर्य बनाए रखें तथा स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग करें।

### फाल्गुन शुक्ल द्वितीया पर महाकाल का भस्म शृंगार

# शिवलिंग पर लिखे ॐ ने दिया शांति का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज बाबा महाकाल का आज भस्म रमाकर शृंगार किया गया। फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर आज गुरुवार को भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल के दरबार मे हजारो श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इस दौरान भक्तों ने अपने ईष्ट देव बाबा महाकाल के दर्शन किए और फिर जय श्री महाकाल के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में फाल्गुन माह शुक्ल की द्वितीया तिथि पर आज गुरुवार सुबह 4 बजे भस्म आरती हुई। इस दौरान पण्डे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन किया,



जिसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर पंचामृत और फलों के रस से किया गया। पुजारियों और पुरोहितों ने इस दौरान बाबा महाकाल का आकर्षक स्वरूप में शृंगार कर कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को नवीन मुकुट धारण कराया। जिसके बाद महानिवार्णी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल के शिवलिंग पर भस्म अर्पित की गई और फिर झांझ-मंजीरे, ढोल-नगाड़े और शंखनाद के साथ भस्मारती हुई।

शृंगार की विशेषता यह थी कि आज बाबा महाकाल के शिवलिंग पर ॐ लिखा गया और शांति का संदेश दिए जाने के साथ ही भस्म से शृंगार किया गया।

**जय श्री महाकाल के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हुआ**

### बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचा नेपाल का सैन्य अधिकारी दल

नेपाल के उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों की पत्नियों के प्रतिनिधिमंडल ने श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन लाभ लिए। इस प्रतिनिधिमंडल में कुल 14 विशिष्ट सदस्य शामिल रहे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद नवा डेलिगेशन की सदस्यों ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति ने हमारी काफी बेहतर व्यवस्था की थी। महाकाल के अद्भुत दर्शनों को हम शब्दों में बयां नहीं कर सकते।

## इंदौर में ब्रेन स्टेम डेड मरीज का अंगदान, कई मरीजों को मिलेगा जीवनदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में अंगदान के क्षेत्र में सतत एवं संगठित प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। राज्य शासन की मंशा एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वित मार्गदर्शन में चिकित्सा संस्थानों द्वारा अंगदान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पुनः एक और अंगदान की प्रक्रिया संपन्न की जा रही है, जो न केवल मानवता की उत्कृष्ट मिसाल है बल्कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए जीवनदान का माध्यम भी बनेगी। सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने अंगदान की प्रक्रिया के लिये जल्द से जल्द सभी समुचित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधितों को आदेश दिए हैं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि गौशिंदे कॉलोनी, खंडवा रोड, खरगोन निवासी श्री विजय जायसवाल (आयु 49 वर्ष) को 15 फरवरी 2026 को गंभीर सिर की चोट, बाइलेटरल रअल्ठ, बाइलेटरल रऊ्ल्ठ तथा डिफ्यूज सेरेब्रल एडिमा की स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों की चार सदस्यीय टीम द्वारा ळल्डअ नियम, 2014 के तहत 17 फरवरी 2026 को दोपहर 02:23 बजे उनकी पहली ब्रेन स्टेम डेथ घोषित की गई। इसके बाद 18 फरवरी 2026 को सुबह 11:01 बजे उसी टीम द्वारा एपनिया टेस्ट सहित दूसरी कन्फर्मेटरी मेडिकल जांच की गई, जिसमें यह पुष्टि हुई कि मरीज ब्रेन स्टेम डेड है।


### इंदौर में अफवाह का कहरः वीडियो वायरल

# बच्चा चोर समझकर महिला से मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में सोशल मीडिया पर फैल रही बच्चा चोरी की अफवाहों ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था को चुनौती दी है। एमआईजी थाना क्षेत्र में अफवाह के चलते एक 34 वर्षीय महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। महिला को कुछ लोगों ने संदेह के आधार पर बच्चा चोर समझ लिया और भीड़ ने उसके साथ हाथापाई कर दी।

जानकारी के मुताबिक नेहरू नगर निवासी महिला अपने काम से इलाके में गई थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने उस पर शक जताया और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा



हो गई। दो महिलाओं सहित अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की। घटना का वीडियो भी बना लिया गया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कलाबाई कौशल और खुशी कौशल सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ झूठा आरोप लगाकर मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में बच्चा चोरी जैसी कोई घटना सामने नहीं आई है। पुलिस का कहना है कि यह मामला पूरी तरह अफवाह और गलतफहमी का परिणाम है।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों पर विश्वास न करें और किसी भी स्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें। अफवाह फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स की पहचान कर उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रबंधोत्सव 2026 का रंगारंग आगाज, प्रतिभा और खेल का उत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस इंदौर में प्रबंधोत्सव 2026 - अंतर-महाविद्यालयीन प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन हुआ। इस महोत्सव में इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों के 25 से अधिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, टीमवर्क और सांस्कृतिक समन्वय को प्रोत्साहित करना है, ताकि शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिले।

महोत्सव के अंतर्गत क्विज, मेहंदी, वाद-विवाद, गायन, नृत्य, रंगोली जैसी सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ ऑनलाइन गेमिंग, क्रिकेट, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शूटिंग और



पारंपरिक खेल जैसे कब्बडी व पिट्ठू आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने खेल भावना और उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सचिन शर्मा डीसीडीसी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रुचियां सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विशिष्ट अतिथि सुभाष सिंह, डीएसपी-साइबर सुरक्षा, इंदौर, मध्य प्रदेश पुलिस ने विद्यार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के संतुलित उपयोग की सलाह दी। संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को वर्चुअल दुनिया के दुष्प्रभावों से सावधान रहने की सलाह दी। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन विष्णु पसारी ने प्रबंधोत्सव 2026 का विधिवत उद्घाटन करते हुए सभी को शुभकामनाएँ दीं। संस्थान के सचिव मनीष बाहेती ने आभार माना। संचालन सुश्री प्रतिभा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर श्री वैष्णव ट्रस्ट समूह के ट्रस्टीगण, कंप्यूटर एवं बायोसाइंस विभागाध्यक्ष डॉ. क्षमा पैठणकर, डॉ. दीपा कटियाल, डॉ. मंदीप गिल, प्रशासनिक अधिकारी कल्पेश भट्ट सहित संस्थान के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समन्वय में डॉ. संदीप मालू, डॉ. एकता अग्रवाल, डॉ. राघव जायसवाल एवं जयप्रकाश रायकवार ने किया।

# सरकार के खिलाफ किसानों का अर्धनग्न प्रदर्शन

### अडानी समूह को बरलाई शुगर मिल बेचने पर मोहन सरकार के खिलाफ जमकर रोष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मोहन सरकार अब अंग्रेजों के जमाने को याद दिला रही है। आज किसान की हालत यह है कि उनकी निजी जमीनें बड़े बड़े उद्योगपतियों को बेची जा रही है। इसी के चलते अब किसान आर पार की लड़ाई के मुड़ में आ गए है। बरलाई शुगर मिल से जुड़ी किसानों की भूमि के मुद्दे को लेकर बुधवार को सांवेर एसडीएम कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यकताओं एवं किसानों ने जोरदार धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व प्रदेश सचिव विजय राठौर ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान, शेयर धारक सदस्य और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। धरने को संबोधित करते हुए विजय राठौर ने आरोप लगाया कि मालवा सहकारी शकर कारखाने की करीब 30.133 हेक्टेयर भूमि, जिसमें किसानों ने लगभग 50 वर्ष पूर्व शेयर लिए थे, उसे गुजरात की अडानी ग्रुप को दिए जाने की प्रक्रिया चल रही है। राठौर ने कहा कि यह भूमि मूलतः किसानों से शकर मिल स्थापित करने के उद्देश्य से अधिग्रहित की गई थी और उस समय किसानों से 500 से 1000 रुपए प्रति बीघा के भाव पर जमीन ली गई थी। साथ ही किसानों से 200 से 1000 रुपए लेकर उन्हें मिल के शेयर दिए गए थे।

विजय राठौर हर समय किसानों के लिए आंदोलन करते हैं पहले भी रेलवे लाईन, आउटर रिंग रोड , ग्रीन फील्ड कॉरिडोर और भूमि अधिग्रहण का मामला हो या शुगर मिल की जमीन हो विजय राठौर हर समय किसानों के लिए आंदोलन करते हैं। राठौर ने बताया कि उस दौर में अनेक किसानों ने कर्ज लेकर तथा अपनी जमीन गिरवी रखकर शेयर खरीदे थे, इस उम्मीद के साथ कि मिल से उन्हें और उनके परिवारों को स्थाई लाभ मिलेगा।



### शुगर मिल परिसर में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि आज उस भूमि का उपयोग किसी निजी कंपनी को देने के लिए किया जा रहा है, तो शेयर धारक किसानों और उनके परिवारजनों की सहमति आवश्यक है। प्रदर्शन में शामिल किसानों ने मांग की कि भूमि का नामांतरण तत्काल रोका जाए और जब तक किसानों का निर्णय न हो, तब तक शुगर मिल परिसर में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए। उनका कहना है कि शेयर धारक सदस्यों के परिवारों को या तो भूमि वापस दी जाए या वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

### मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की

प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश के मंत्री तुलसीराम सिलावट की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उनका कहना था कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक की जाए और किसानों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। किसानों ने यह भी बताया कि मालवा सहकारी शकर मिल में ऐसे कई सदस्य हैं ,जिनके पास आज शेयर संबंधी दस्तावेज या प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हैं अथवा समय के साथ खो चुके हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि ऐसे किसानों की पहचान कर उन्हें भी लाभ का अधिकार दिया जाए, ताकि उन्हें सम्मान और न्याय मिल सके। अंत में प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम घनश्याम धनगर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र राठौर, जनपद सदस्य पवन पटवारी, मोहन मुकाती, कृपाराम नेता, श्याम सोनी, सुर्य कुमार ओस्तवाल, उत्तम ठाकुर,कमल पहलवान,लखन पटेल, चन्दु सोलंकी सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## छूट की प्रक्रिया अटकी, टैक्स दिए बगैर सड़कों पर दौड़ रहे वाहन

### अधिकारी बोले-एक समय में दो मेलों के लिए सिस्टम अपडेट नहीं हो सकता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र उज्जैन में 15 फरवरी से शुरू हुए विक्रमोत्सव व्यापार मेले में वाहन खरीदारों की भारी भीड़ तो उमड़ रही है, लेकिन टैक्स छूट की प्रक्रिया अटकने से डीलर और ग्राहक दोनों परेशान हैं। नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) के पोर्टल अपडेट न होने की वजह से मेले में बिके वाहनों का टैक्स जमा नहीं हो पा रहा। नतीजा, एक हजार से ज्यादा वाहन बिना टैक्स चुकाए ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

डीलरों ने इनके इंश्योरेंस तो करा दिए, लेकिन अब टैक्स जमा न होने से पेनाल्टी का डर सता रहा है। ग्राउंड पर बात करने पर डीलरों ने बताया कि एक-दो दिन में सिस्टम चालू होने की उम्मीद है, लेकिन फिलहाल असमंजस बरकरार है। इंदौर के मारुति डीलर अमन ने उज्जैन मेले में अपना स्टॉल लगाया है। डीलर ने कहा वाहन अच्छी संख्या में बिक रहे हैं, लेकिन एनआईसी का पोर्टल अपडेट नहीं है।

अधिकारियों से संपर्क किया तो पता चला कि 25 दिसंबर 2025 से 25 फरवरी 2026 तक ग्वालियर में व्यापार मेला चल रहा है। नियमों के मुताबिक, एक राज्य में एक समय दो मेलों के लिए सिस्टम अपडेट नहीं हो सकता। इसी वजह से उज्जैन मेला पोर्टल पर एक्टिव नहीं किया जा रहा। अधिकारी एक-दो दिन में शुरू करने की बात कह रहे हैं। डीलर ने आगे बताया कि इस देरी से ग्राहकों को छूट का लाभ नहीं मिल पा रहा और डीलरों को भी नुकसान हो रहा है। इंदौर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के सह सचिव ने कहा कि उज्जैन मेले में पहली बार ऐसी समस्या आ रही है। डीलरों के मुताबिक मेले के पहले तीन दिनों में करीब एक हजार वाहन बिक चुके हैं। इनका बीमा तो हो गया, लेकिन टैक्स एंट्री न होने से आगे की फॉर्मेलिटीज रुकी हुई हैं।

न्यूज-कॉलम



## बुरहानपुर में कुएं की मिट्टी धंसने से बड़ा हादसा, 5 साल की बच्ची की मौत

**बुरहानपुर।** जिले के धूलकोट क्षेत्र के ग्राम बोरी बुजुर्ग में बुधवार शाम सार्वजनिक कुएं के निर्माण कार्य के दौरान अचानक जमीन धंस गई। उस समय मजदूर कुएं के अंदर काम कर रहे थे। देखते ही देखते मिट्टी खिसकी और तीन लोग करीब 50 फीट गहरे कुएं में जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने तुरंत लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। इस हादसे में एक पांच साल की बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गई। बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। मृत बच्ची उसी परिवार की सदस्य थी, जिसके अन्य दो लोग इस हादसे में घायल हुए हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजन बेसुध हालत में हैं। हादसे में 34 वर्षीय छगन नानसिंग और 7 वर्षीय वैष्णव छगन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तुरंत बाहर निकालकर पुलिस वाहन से बुरहानपुर लाया गया। फिलहाल दोनों का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस दुर्घटना ने गांव में गहरा दुख और चिंता का माहौल बना दिया है, और प्रशासन से जांच एवं राहत की मांग की जा रही है।

## वरिष्ठ नागरिक अपीलीय अधिकरण के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

**बुरहानपुर।** वरिष्ठ नागरिक अंसारी बहनों ने वरिष्ठ नागरिक अपीलीय अधिकरण/कलेक्टर बुरहानपुर के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट जबलपुर में याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई के पश्चात हाईकोर्ट ने कलेक्टर (वरिष्ठ नागरिक अपीलीय अधिकरण), एस.डी.ओ. (वरिष्ठ नागरिक अधिकरण) सहित अब्दुल करीम/मो. अशफाक बंधु को नोटिस के आदेश जारी किए हैं। याचिकाकर्ता वरिष्ठ नागरिक अंसारी बहनों की ओर से बुरहानपुर के अधिवक्ता श्री मनोज कुमार अग्रवाल ने उनका पक्ष रखा, जिस पर से मा. हाईकोर्ट ने उक्त आदेश जारी किए। अधिकरण एक अर्द्ध-न्यायिक संस्था है जो प्रशासनिक या कर-संबंधी विवादों को हल करने के लिये स्थापित की जाती है। यह प्रशासनिक अधिकरण अधिनियम, 1985 के तहत स्थापित किया गया है।

## आदिवासी अपना जल,जंगल जमीन नही देगे-उपाध्यक्ष महेश पटेल



**अलीराजपुर।** आदिवासी नेता और आदिवासी विकास परिषद के उपाध्यक्ष महेश पटेल ने बुधवार को धार जिले के कुक्षी के ग्राम खेड़ली में जबरन चुना पत्थर ड्रिल किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा किसी भी कीमत पर आदिवासियों से उनकी जल,जंगल और जमीन को दूर नही होने देंगे उसके लिए कितनी भी बड़ी लड़ाई क्यो नही लड़ना पड़े।श्री पटेल ने कहा उनके जिले अलीराजपुर की जोबट विधानसभा जहॉ से सेना महेश पटेल विधायक है उनके डाबड़ी गाँव को भी इसमें जोड़ने की बात है वे अलीराजपुर हो या धार हो किसी भी जिले के आदिवासियों को बेदखल नही होने देंगे इसके लिए आदिवासी विकास परिषद एक बड़ी रणनीति बनांकर ग्रामीणों की बैठकें करेगी और सभी को एक जुट रहकर चुना पत्थर ड्रिल के पुरजोर विरोध का आव्हान महेश पटेल ने किया है।

## आकांक्षी विकासखंड भगवानपुरा में मंगल दिवस का आयोजन



**खरगोन।** जिले के आकांक्षी विकासखंड भगवानपुरा में संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत मंगल दिवस का आयोजन उत्साह पूर्वक किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन एवं ऊँचाई मापन किया जा रहा है। अभियान के दौरान बच्चों के पोषण स्तर का आकलन कर उन्हें सामान्य, मध्यम कुपोषित एवं गंभीर कुपोषित श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है, जिससे समय पर उपचार एवं परामर्श सुनिश्चित किया जा सके। सभी आंकड़ों की प्रविष्टि पोषण ट्रैकर में की जा रही है, जिससे वास्तविक समय में मॉनिटरिंग संभव हो रही है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीएचआर (टेक होम राशन) का वितरण भी किया जा रहा है, ताकि बच्चों एवं गर्भवती/धात्री माताओं को आवश्यक पोषण आहार उपलब्ध कराया जा सके। यह संपूर्ण गतिविधियाँ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेखा राठौर के मार्गदर्शन एवं परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग भगवानपुरा के निर्देशन में संपन्न हो रही हैं।

## कलेक्टर ने किया बिरगोद डेम के पानी को पेयजल के लिए संरक्षित घोषित

**उज्जैन।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री रौशन कुमार सिंह ने पेयजल परिरक्षण जल अधिनियम 1986 की धारा 3 में उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार जनसाधारण को घरेलू प्रयोजन के लिए जल उपलब्ध कराने की दृष्टि से तराना में स्थित छोटी कालीसिंध नदी पर बनाए गए बिरगोद स्टॉप डेम के जल को संरक्षित घोषित कर दिया है। इस संबंध में आदेश जारी हो गए है। कलेक्टर श्री सिंह ने डेम के जल को बिरगोद एवं उससे लगे ग्रामों के लिए केवल पेयजल के लिए प्रयोग करने की अनुमति दी है तथा जल को अन्य किसी प्रयोजन तथा सिंचाई एवं औद्योगिक प्रयोजन के उपयोग के लिए निषिद्ध कर दिया है। आदेश के तहत एसडीएम तराना, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तराना और एसडीओपी तराना यह सुनिश्चित करेंगे कि जल का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजन के लिए हो। यह उनका उत्तरदायित्व होगा कि वे अन्य प्रयोजन के लिए उनके अधिकार क्षेत्र में जल उपयोग करते पाए जाने कि स्थिति में प्रभावशील आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। नगर परिषद तराना राजस्व विभाग एवं विद्युत मंडल के दल तराना स्थित बिरगोद स्टॉप डेम पर चल रहे या चलने वाले अवैध पंपों को जब्त करने की कार्यवाही करेंगे।

# जनगणना-2027 के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी जनगणना के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य को अद्यतन एवं व्यवस्थित रूप से संपादित करना है।

प्रशिक्षण में भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर्स श्री सिद्धार्थ गोयल एवं श्री कुलदीप चावड़ा ने उपस्थित अधिकारियों को जनगणना कार्यों की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन, मोबाइल एप के उपयोग तथा विभिन्न वेब पोर्टलों के संचालन की विस्तृत जानकारी दी।

प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक जानकारी के अनुसार जिले में जनगणना कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 के मध्य आयोजित किया जाएगा, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 में संपन्न होना प्रस्तावित है।

इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जो भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। आंकड़ों का संकलन मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही नागरिकों को स्वयं अपना डेटा भरने की सुविधा देने के लिए स्व-गणना वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है।

**वेब पोर्टलों से होगा प्रबंधन एवं निगरानी**

मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन च्ब्लॉक क्रिएटर वेब पोर्टलज्ञ के माध्यम से किया जाएगा, जबकि जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली वेब पोर्टल के जरिए संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को संभावित समस्याओं एवं उनके समाधान से भी अवगत कराया गया तथा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर के मार्गदर्शन में जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनगणना लिपिक,चार्ज अधिकारी एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना के कार्य को गंभीरता से लेकर सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए पूर्ण करना है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम,संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र बघेल, श्री मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री तपीश पांडे, सुश्री निधि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे, सुश्री दीपिका पाटीदार, जिला योजना अधिकारी श्रीमती तारिणी जौहरी सहित जनगणना कार्य हेतु नियुक्त अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कक्षा पांचवी एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ

**बड़वानी।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निदेर्शानुसार बड़वानी जिले में 20 फरवरी से कक्षा पांचवी एवं आठवीं वार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो रही है। कक्षा 5वीं की परीक्षा 26 फरवरी तक एवं कक्षा 8वीं की परीक्षा 28 फरवरी तक संपन्न होगी। इस परीक्षा के आयोजन हेतु जिले भर में 267 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में 2855 शासकीय शालाओं, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त मदरसों एवं अशासकीय शालाओं के कक्षा पांचवी में अध्यरयनरत 25728 एवं कक्षा आठवीं में अध्य,यनरत 17991 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर से सभी प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण करते हुए केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति उनकी बैठक, उत्तररपुस्तिका एवं प्रश्न पत्र का वितरण, परीक्षा संबंधी समस्त प्रपत्रों का वितरण की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए गए है। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर से निरीक्षण दल गठित किए गए है। परीक्षा के सुव्य वस्थित संचालन हेतु समस्त केन्द्राध्यक्षों एवं शिक्षकों को राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के समस्त निर्देश प्रदान कर दिए गए है। जिला कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा दिए गए निर्देशानुसार इस शैक्षणिक सत्र में परीक्षा परिणाम हेतु समस्त शासकीय शालाओं के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को कठिन बिन्दुओं पर निदानात्मक कक्षाएं लगाकर एवं साप्ताहिक टेस्ट के माध्यम से परीक्षा की तैयारी कराई गई है। कलेक्टर द्वारा समस्त विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित करने के साथ-साथ शिक्षकों को परीक्षा के सफल संचालन हेतु निर्देशित किया।

# सांसद-महापौर सहित जनप्रतिनिधियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती पर किया माल्यार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर





जिले में गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जीजामाता चौराहा स्थित मां साहेब जीजाऊ एवं बाल शिवाजी की प्रतिमा पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, महापौर माधुरी अतुल पटेल, समाजजन एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में भी जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान किया।

**छत्रपति शिवाजी महाराज को शत-शत नमन**

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि भारत के अमर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर शत-शत नमन है। उन्होंने उपस्थित समूह को शिवाजी महाराज जी के विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि जो धर्म, सत्य, श्रेष्ठता और परमेश्वर के सामने झुकता है, उसका आदर समस्त संसार करता है। साथ ही जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी पूरे समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों में जुटा रहता है, उसके लिए समय स्वयं अनुकूल हो जाता है। सांसद पाटील ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज जी का अदम्य साहस, अद्भुत शौर्य और असाधारण बुद्धिमत्ता देशवासियों को युगों-युगों तक प्रेरित करता रहेगा। वे एक कुशल शासक, योग्य सेनापति और उत्कृष्ट संगठक थे, जिन्होंने सर्वसमावेशी हिंदवी स्वराज की स्थापना हेतु अपना जीवन समर्पित किया। उनका अतुल्य शौर्य और राष्ट्रनिष्ठा सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

**कार्यक्रम में उपस्थित रहे**

महापौर माधुरी अतुल पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल, अनिल भोसले, भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील, मनोज टंडन, आदित्य प्रजापति, डॉ दीपक वाभले, एमआईसी चैयरमैन भरत इंगले, दिनेश चौधरी, दिनेश पाटील, रविंद्र जगताप, गोपाल पाटील, प्रवीण गुंजाल, रामदास सगरे आदि मौजूद रहे।

## नाबालिक बालिका के साथ समूहीक बलात्कार करने वाले आरोपीगणों को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड

**मंडलेश्वर।** सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, कार्यालय मण्डलेश्वर जिला खरगोन के अनन्यतः विशेष लोक अभियोजक प्रदीपसिंह अलावा (एडीपीओ) द्वारा बताया गया है कि घटना दिनांक 31.10.2024 स्वयं पीडिता ने पुलिस थाना खरगोन में इस आशय की प्रथम सुचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 30.10.2024 को रात्रि 7 बजे जब वह उसके मित्र (एम) के साथ स्कूटी से डाबरिया रोड़ घूमने गई थी, तो ट्रेचिंग ग्राउण्ड के आगे, छोटा तालाब पर स्कूटी खडी कर वे दोनों तालाब की तरफ जा रहे थे, तभी वहां पर अभियुक्तगण आये और उन दोनों को पकडकर उनसे पैसे मांगने लगे तथा उन दोनों के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर पीडिता को झाडियों में ले जाकर बारी-बारी से अभियुक्तगणों ने बलात्कार किया।पुलिस थाना खरगोन द्वारा अभियुक्तगण हबु, दिनेश उर्फ डामरिया, सखाराम व सुरज के विरूद्ध अपराध दर्ज कर अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय मण्डलेश्वर में प्रस्तुत किया गया।जहां अनन्यतः विशेष न्यायालय (पाक्सो एक्ट) मण्डलेश्वर द्वारा अभियुक्तगण हबु, दिनेश उर्फ डामरिया, सखाराम व सुरज को शेष प्राकृत जीवनकाल (आजीवन कारावास) एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी अनन्यतः विशेष लोक अभियोजक मण्डलेश्वर प्रदीपसिंह अलावा द्वारा की गई।

<u>नपा अध्यक्ष व सीएमओ के खिलाफ जमकर कर रहे नारेबाजी</u>

# बीते 4 माह से नपा सनावद में कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों ने की अनिश्चितकालीन हड़ताल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



बीते चार माह से सनावद नगर पालिका परिषद के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी, सफाई कर्मियों को वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है बीते दिनों कर्मचारियों ने सीएमओ व अध्यक्ष को आवेदन देकर अवगत कराया था कि यदि दो दिन में वेतन नहीं दिया जाएगा तो समस्त कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे,कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला है, जबकि हर माह उनकी तनख्वाह से पीएफ की राशि काटी जा रही है, लेकिन वह उनके खातों में जमा नहीं की जा रही।कर्मचारियों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। लगातार अनदेखी से नाराज कर्मचारियों ने मजबूर होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है।वाल्मीकि कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि अजय शिंदे ने बताया कि कर्मचारियों ने अधिकारियों से कम से कम दो-दो माह का वेतन एक साथ जारी करने की मांग की थी, लेकिन हाल ही में केवल एक माह का वेतन ही डाला गया।

उन्होंने कहा कि चार माह से चले आ रहे कर्ज और आर्थिक संकट के बीच एक माह की तनख्वाह कर्मचारियों के लिए पर्याप्त नहीं है, जिससे परेशानियां और बढ़ गई हैं।वहीं नगर पालिका कर्मचारी मीना बाई शिंदे ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि छोटे कर्मचारियों का घर-परिवार सीमित आय पर चलता है। उन्होंने कहा कि दो-दो माह का वेतन एक साथ मिलने से कुछ राहत मिल सकती थी, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया।

## कलेक्टर द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। उज्जैन तहसील के ग्राम कडछली में रहने वाले राजाराम ने आवेदन दिया कि गांव में एक महिला के द्वारा उन्हें और अन्य रहवासियों द्वारा ग्रामीण आबादी की ओर आवागमन के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिस वजह से उन्हें गांव में आने जाने में बहुत समस्या हो रही है। इस पर तहसीलदार उज्जैन ग्रामीण को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। नागदा के ग्राम निनावटखेडा निवासी जगदीश ने आवेदन दिया कि गांव में स्थित शासकीय मार्ग पर एक व्यक्ति के द्वारा मकान का निर्माण कर लिया गया है। जिस वजह से उन्हें और अन्य ग्रामवासियों को कृषि कार्य करने के लिए अपने-अपने खेतों से जाने में बहुत असुविधा हो रही है। अतः उक्त मार्ग को पुनः प्रारंभ करवाया जाए। इस पर एसडीएम नागदा को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। खाचरौद के ग्राम बरथून निवासी अशोक ने आवेदन दिया कि उनके द्वारा कुछ समय पूर्व कृषि भूमि क्रय की गई थी। परंतु आज दिनांक तक भूमि का नामांतरण नहीं किया गया है। इस पर एसडीएम खाचरौद को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उज्जैन निवासी श्यामाबाई ने आवेदन दिया कि वे गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है।

## बाग-डेहरी रोड पर दो बाइक की भिड़ंत, पुलिसकर्मी की मौत

**बाग।**अलीराजपुर के बाग-डेहरी रोड पर गुरुवार तड़के दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में अलीराजपुर कोतवाली में तैनात एक पुलिसकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान 33 साल के नवल सिंह मंडलोई के रूप में हुई है। वे अलीराजपुर कोतवाली में अपनी सेवाएं दे रहे थे। बताया जा रहा है कि वे अपनी बाइक से अपने पैतृक गांव 'डोई' (बाग के पास) जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। नवल सिंह का परिवार अलीराजपुर में ही रहता था। एक्सीडेंट में दूसरी बाइक चला रहा २१ साल का हिमांशु (निवासी टांडा) बुरी तरह जख्मी हो गया है। उसके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए हैं। हालत नाजुक होने के कारण उसे प्राथमिक इलाज के बाद बड़वानी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे की खबर मिलते ही बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# सिंहस्थ 2028 के निमार्णाधीन कार्यो में तेजी लाए प्लान के हिसाब से कार्य करें-सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,

सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में मंगलवार को सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने सिंहस्थ २०२८ के लिए किए जा रहे अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान मेला अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत प्रचलित निर्माण कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विगत दिनों नगर निगम में बैठक में जो निर्देश दिए है उनका अक्षरशः पालन किया जाए। किसी ने लापरवाही की तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि सभी विभाग समन्वय के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार संपर्क में रहें। कहीं कोई व्यावधान आ रहा है तो तुरंत संज्ञान में लाए।

श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए है कि जो अच्छा कार्य कर रहे है उन्हें प्रोत्साहन दे और देरी से कार्य करने वालों की सूची बनाएं। मेला अधिकारी श्री सिंह ने सिंहस्थ 2028 अंतर्गत कार्यों को करने वाली सभी एजेंसियों को कार्य के दौरान सुरक्षा के उपाय किए जाने निर्देश भी दिए।बैठक में श्री सिंह ने सिंहस्थ के ऐसे कार्य जिनमें गति धीमी है उनमें तेजी लाने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने कहा कि प्लान के अनुसार समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए। मेला अधिकारी श्री सिंह ने सिंहस्थ के अंतर्गत प्रचलित कार्यों की समय सीमा तय करते हुए कार्य पूर्ण होने के दिनांक का चार्ट तैयार करने के लिए भी निर्देश दिए है। बैठक में सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने नगर निगम द्वारा सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत प्रचलित कार्यों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जीवन खेडी से सिकंदरी तक दो कि.मी. मास्टर प्लान रोड पर 1500 मीटर रोड का कार्य प्रगतिरत है। इसी तरह सिंहस्थ बायपास, शनि मंदिर, नक्षत्र होटल से पंचमुखी हनुमान मंदिर तक मार्ग, जंतर-मंतर से सॉलिटर तक रोड निर्माण, गदा पुलिया से मंछामन मार्ग, मुनि नगर से सार्थक नगर मार्ग, इंदौर रोड डी मार्ट मार्ग, सांदीपनि चौराहा से उद्यन मार्ग, गाडी अड्डा से खजूर वाली मस्जिद, वीडी मार्केट छोटी पुलिया तक, मेट्रो से तेलीवाड़ा मार्ग पर प्रचलित कार्य की जानकारी दी गई।

# तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ का जन्मोत्सव को लेकर जैन युवा महासंघ की बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

खंडवा में आगामी 11 मार्च को जैन समाज के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जन्म कल्याणक; महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत नमीनाथ मंदिर में स्नात्रमहोत्सव होगा एवं सामयिक, एकासना, उपवास आदि की प्रेरणा दी जाएगी, स्कूलों में धर्म सभा का आयोजन होगा कार्यक्रम में वक्ताओं के द्वारा भगवान श्री आदिनाथ (श्री ऋषभदेव)के जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम पश्चात गरीब बच्चे, बच्चियों को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। प्रचार मंत्री चंद्र कुमार सांड ने बताया कि श्वेतांबर जैन मूर्तिपूजक युवक महासंघ, ङ्करूस् खंडवा के तत्वावधान में आगामी ११ मार्च को प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और भव्य पैमाने पर मनाया जाएगा। इसकी तैयारिया शुरू कर दी गई हैं।कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु संघ के पदाधिकारियों की विशेष बैठक मंगलवार रात को संपन्न हुई। बैठक देर रात तक चली । इस महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में


महासंघ के प्रदेश महामंत्री विजय जैन प्रदेश उपाध्यक्ष नवीश बोथरा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहित मेहता जिलाध्यक्ष अभय जैन शहर अध्यक्ष विनय बागरेचा, उपाध्यक्ष राजेश बोरा, नवनीत बोथरा, कांतिलाल नारोलिया, वाडीलाल पटेल, मनोज बोरा, पीयूष चौरड़िया, संघ के प्रचार प्रमुख चंद्र कुमार सांड आदित्य बोथरा आदि उपस्थित रहे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पावन अवसर पर शहर के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रहेगी। धर्मसभा ,सधर्मी वात्सल्य का भव्य आयोजन भी किया जाएगा, जहाँ संपूर्ण समाज एक साथ एकत्रित होकर महोत्सव की खुशियाँ साझा करेगा।

बैठक के दौरान कार्यक्रम के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन भी गणमान्य सदस्यों द्वारा किया गया।


पश्चिम रेलवे

रेलवे रिक्रूटमेंट सेल
पार्सल डिपो, अलीभाई प्रेमजी रोड, ग्रांट रोड (ईस्ट), मुंबई - 400 007.
वेबसाइटः https://www.rrc.wr.com

वेस्टर्न रेलवे में अप्रेंटिस की भर्ती के लिए इंडिकेटिव नोटिफिकेशन



नोटिफिकेशन नंबर RRC/WR/04/2025 अप्रेंटिस तारीख 18/02/2026

| | |
|---|---|
| शुरू होने की तारीख और समय | 21-02-26 को 11.00 बजे |
| बंद होने की तारीख और समय | 23-03-26 को 17.00 बजें |

1. वेस्टर्न रेलवे, अप्रेंटिस एक्ट 1961 के तहत अलग-अलग जगहों पर तय ट्रेड्स में ट्रेनिंग के लिए नोटिफाइड 5349 स्लॉट के लिए एक्ट अप्रेंटिस के तौर पर भर्ती के लिए इच्छुक एप्लिकेंट्स से ऑनलाइन एप्लीकेशन मंगाता है। साल 2025-2026 के लिए वेस्टर्न रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आने वाले डिवीजन, वर्कशॉप और यूनिट।
2. सभी तरह से पूरे एप्लीकेशन 23.03.2026 को शाम 5.00 बजे तक सिर्फ ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए।
3. ज्यादा जानकारी के लिए, RRC -WR की वेबसाइट https://www.rrc.wr.com पर लॉग ऑन करें। 1140

हमें लाइक करें: Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly हमें फालो करें:

# बिस्तर तले खजाना



प्रसिद्ध कहानी है। एक गरीब रबाई (शिक्षक) को सपना आया कि राजधानी में किसी पुल के नीचे एक खजाना गड़ा है और यदि वह वहां पर जाए, तो उसे वह खजाना मिल सकता है। रबाई सुबह उठा, तो पहले बहुत हंसा। सोचा, बेकार की बात है। वैसे भी, राजधानी हजार मील दूर है और सपने तो सपने होते हैं। अगली रात वही सपना दोबारा आया। तब उसे थोड़ा संदेह हुआ कि शायद यह मात्र सपना न हो। शायद परमात्मा कोई संकेत दे रहा हो। फिर भी, एक सपने के कारण हजार मील दूर जाने का साहस वह जुटा न पाया। वह गरीब आदमी था। टिकट खरीदने के पैसे भी उसे मांगने पड़ते। फिर कौन जाने, वह पुल हो भी या नहीं? वह कभी राजधानी गया ही नहीं था। तीसरे दिन सपना फिर से आया और उसे बलपूर्वक संदेश मिला कि, तू बस वहां जा और पुल के नीचे खजाने को खोज ले। सारा खजाना तेरा है। बस उस पुल के किनारे गड़ा हुआ है। रबाई को सपने में ठीक-ठीक जगह दिखाई दी। यह सब इतना स्पष्ट था कि उसे जाना ही पड़ा। उसने हजार मील की यात्रा की। जब वह वहां पहुंचा, तो यह देखकर हैरान रह गया कि पुल बिल्कुल वैसा ही था, जैसा उसे दिखाई पड़ा था, आस-पास वैसे ही पेड़ थे, वैसा ही सब कुछ था। बस एक समस्या थी। सपने में कोई पुलिस वाला नहीं था, लेकिन यहां हरदम कोई न कोई पुलिस वाला तैनात रहता था। रबाई ने वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की कि यहां पुलिस वाले हमेशा क्यों खड़े रहते हैं? लोगों ने उसे बताया, क्योंकि कुछ लोगों ने इस पुल से आत्महत्या की है। समस्या हो गई। वह यहां से वहां चक्कर काटने लगा। एक सिपाही को उस पर शक हो गया। कई रोज से वह उसे वहां चक्कर काटते देख रहा था। एक दिन उसने पूछा, क्या तुम भी आत्महत्या करने की सोच रहे हो? लगातार क्यों मंडरा रहे हो? रबाई बोला, मुझे पुल से कोई लेना-देना नहीं है। मैं तो यहां इसलिए आया हूं, क्योंकि मुझे एक सपना आया था। उसने सिपाही को अपना सपना सुनाया और बोला, जहां तुम खड़े हो, वहीं उसके तीन फीट नीचे बड़ा खजाना गड़ा है। सिपाही जोर-जोर से हंसने लगा। बोला, कितने मूरख हो। मुझे भी एक आया कि फलां शहर में (वह उसी रबाई का शहर था) एक फलां नामक (जो रबाई का मूल नाम था) रबाई के तकिये-बिस्तर के नीचे खजाना गड़ा है। मैं तो तुम्हारे जैसा मूरख नहीं कि हजार मील दूर उस छोटे से गांव जाऊं। सपने तो सपने होते हैं। जाओ, अपने घर जाओ। घर पहुंचकर रबाई ने अपने बिस्तर के नीचे खुदाई की और खजाना वहीं गड़ा हुआ था। दर्शन यही है कि परितृप्ति की खोज में तुम कहां-कहां भटकते चले जाते हो, जबकि खजाना तुम्हारे पास ही है। तुम्हारे भीतर जो संपदा है, वह अकल्पनीय है।



**सम्पादकीय**

## नाबालिग वाहन चालक

यह बहुत दुखद और शर्मनाक है कि सड़कों पर नाबालिग वाहन चालकों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के द्वारका में जो त्रासद हादसा हुआ था, उसकी चर्चा थमने का नाम नहीं ले रही है। 23 वर्षीय साहिल धनेश्रा की मौत केवल उनकी बिलखती माता के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के लिए चिंता की बात है। ऐसा क्यों होता है कि अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन थमा देते हैं? वैसे, ऐसे मामलों में दोषी नाबालिग के लिए ही नहीं, उनके अभिभावक के लिए भी सजा तय है। फिर भी नाबालिग वाहन चालकों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके लिए कितने अभिभावकों को जेल हुई है?? ऐसा कौन दोषी अभिभावक है, जो अधिकतम 25 हजार रुपये का जुमार्ना और तीन साल की सजा भुगत रहा है? क्या कानून केवल दिखावे के लिए बनते हैं और जब किसी अभिभावक को सजा देने की बात आती है, तो व्यवस्था नरम पड़ जाती है?

यह सच है, नाबालिग वाहन चालकों पर लगाम ठीक से नहीं कसी गई है। अपने घर के नाबालिग लड़कों-लड़कियों को अभिभावक वाहन चलाने के लिए दे देते हैं। बीते अक्तूबर में ही दिल्ली में एक सोलह वर्षीय लड़की ने कार चलाते हुए 64 वर्षीय बुजुर्ग की जान ले ली थी, उस किशोरी की मां के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। नाबालिग दोषियों की संख्या कतई कम नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी की ही बात करें, तो साल 2024 में नाबालिग वाहन चालन के 350 मामले दर्ज हुए थे, साल 2025 में 125 मामले दर्ज हुए थे। काश! कड़ी कार्रवाई होती, तो ऐसे जानलेवा वाहन चालन पर रोक लगती। इसी साल अब तक दिल्ली में ऐसे मामलों की संख्या 10 के करीब पहुंच गई है। यहां यह ध्यान देने की बात है कि ये केवल दर्ज मामले हैं। कानून से खिलवाड़ की वास्तविक शिकायतों की संख्या तो कई गुना ज्यादा होगी। आमतौर नाबालिगों को तभी पकड़ा जाता है, जब सड़क पर उनकी गंभीर गलती सामने आती है, अन्यथा आए दिन बड़ी संख्या में नाबालिगों को बगैर लाइसेंस के वाहन चलाकर स्कूल आते-जाते देखा जा सकता है। न अभिभावकों को ज्यादा चिंता है और न शिक्षकों को। बड़ी संख्या में ऐसे किशोर हैं, जिन्हें उनकी मनमानी पूरी करने के लिए हर तरह के वाहनों के साथ खुला छोड़ दिया गया है। आज सबसे बड़ी जरूरत यही है कि कानून को पूरी कड़ाई से लागू किया जाए।

### सत्ता, सेवा और समाज के त्रिकोण में हिंदुत्व की भूमिका

# हिंदुत्व का अगला अध्याय: बदलाव, संवाद और समावेश

सौ वर्षों की यात्रा केवल समय की गणना नहीं होती, बल्कि वह विचारों की साधना, संघर्षों की तपस्या और आत्ममंथन की निरंतर



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

प्रक्रिया होती है। हिंदुत्व की शताब्दी भी इसी ऐतिहासिक चेतना की प्रतीक है, जहां अतीत की स्मृतियां, वर्तमान की चुनौतियां और भविष्य की आकांक्षाएं एक-दूसरे में घुलकर नई दिशा रचती हैं। 27 सितंबर 1925 को नागपुर में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज केवल एक संगठन नहीं, बल्कि भारतीय समाज की आत्मा से जुड़ा एक व्यापक सांस्कृतिक आंदोलन बन चुका है। एक सदी बाद यह आंदोलन स्वयं से प्रश्न कर रहा है– क्या उसकी वैचारिक दिशा समय के अनुरूप विकसित हो पाई है, या उसे नए संदर्भों में पुनर्परिभाषित करना आवश्यक है? यह शताब्दी केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण, पुनसंयोजन और नवसृजन का ऐतिहासिक क्षण है, जहां हिंदुत्व अपनी नई पहचान को गढ़ने की प्रक्रिया में दिखाई देता है।

शताब्दी वर्ष में सरसंघचालक मोहन भागवत के विचार इस वैचारिक परिवर्तन की धुरी बनकर उभरे हैं। उनके भाषणों में हिंदुत्व को संकीर्ण धार्मिक दायरों से मुक्त कर एक व्यापक, समावेशी और मानवीय सांस्कृतिक चेतना के रूप में प्रस्तुत किया गया है। वे स्पष्ट करते हैं कि हिंदू होना किसी पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं, बल्कि वह एक सभ्यतागत स्वभाव है, जो भारत की विविधता को एक सूत्र में बांधता है। मुस्लिम, ईसाई या सिख–जो भी इस भूमि की साझा विरासत पर गर्व करता है, वह इस परंपरा का अभिन्न अंग है। यह दृष्टिकोण पुराने टकरावपूर्ण नैरेटिव से अलग एक नए संवादात्मक युग की घोषणा करता है, जहां सहअस्तित्व, सहयोग और सम्मान को प्राथमिकता दी जाती है। यही कारण है कि युवा पीढ़ी इस विचारधारा से जुड़ाव महसूस कर रही है और इसे भविष्य की राह के रूप में देख रही है।

री-कैलिब्रेशन की यह प्रक्रिया तब और अधिक स्पष्ट होती है, जब संघ ह्यपंच परिवर्तनह्ल जैसे अभियानों के माध्यम से सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों को केंद्र में लाता है। जब भागवत जी भीमराव अंबेडकर के करुणा, पवित्रता और अनुशासन के विचारों का उल्लेख करते हैं, तो हिंदुत्व लोकतांत्रिक और मानवीय मूल्यों से जुड़ता हुआ दिखाई देता है। यह दृष्टि युवाओं को यह सिखाती है कि राष्ट्रवाद केवल भावनात्मक नारों का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक आचरण की मांग करता है। आज की पीढ़ी इस सोच को डिजिटल मंचों, स्टार्टअप संस्कृति, स्वदेशी नवाचार और पर्यावरणीय आंदोलनों से जोड़ रही है। परिणामस्वरूप, हिंदुत्व एक आधुनिक, सक्रिय और रचनात्मक पहचान के रूप में उभर रहा है, जो परंपरा और प्रगति के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है।

फिर भी, यह वैचारिक परिवर्तन बिना सवालों और शंकाओं के नहीं है। आलोचक लगातार पूछते हैं कि क्या यह बदलाव वास्तव में आत्ममंथन का परिणाम है, या केवल समय के अनुरूप अपनाई गई एक रणनीति? क्या हिंदुत्व अपने प्रारंभिक चिंतकों जैसे विनायक दामोदर सावरकर और एम. एस. गोलवलकर की वैचारिक परंपरा से सचमुच आगे निकल पाया है, या केवल उसकी भाषा और प्रस्तुति बदली गई है? इन जटिल प्रश्नों के बीच मोहन भागवत की संवाद, मेल-मिलाप और विश्वास की अपील विशेष महत्व रखती है। वे स्वीकार करते हैं कि इतिहास ने समाज को गहरे घाव दिए हैं, लेकिन उन्हें भरने का रास्ता टकराव नहीं, बल्कि आपसी समझ और धैर्य से होकर जाता है। यह स्पष्टता हिंदुत्व को एक आत्मविश्वासी, परिपक्व और जिम्मेदार विचारधारा के रूप में स्थापित करने का प्रयास प्रतीत होती है।

समाज में उभरते नए नैरेटिव इस परिवर्तन को और अधिक मजबूती प्रदान कर रहे हैं। आज हिंदुत्व धीरे-धीरे किसी एक जाति, वर्ग या समुदाय की पहचान से ऊपर उठकर सामाजिक एकता और सामूहिक चेतना का प्रतीक बनने की कोशिश कर रहा है। सेवा भारती, ग्राम विकास योजनाएं और शिक्षा अभियान इस दिशा में ठोस उदाहरण हैं, जहां सेवा को विचारधारा से जोड़ा गया है। युवा इन पहलों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और राष्ट्र निर्माण को केवल राजनीतिक सत्ता तक सीमित नहीं रखते, बल्कि समाज के हर स्तर से जोड़कर देखते हैं। उनके लिए हिंदुत्व अब मंदिर-मस्जिद की बहसों से आगे बढ़कर रोजगार सृजन, पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी आत्मनिर्भरता का व्यापक मंच बन चुका है, जो इसे एक जीवंत सामाजिक आंदोलन का स्वरूप देता है।

डिजिटल युग में यह विचारधारा और भी नए रूपों में सामने आ रही है। सोशल मीडिया, पॉडकास्ट, ब्लॉग और ऑनलाइन अभियानों के माध्यम से युवा अपनी सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर रहे हैं। वे स्वदेशी उत्पादों, हरित ऊर्जा और भारतीय ज्ञान-परंपरा को आधुनिक संदर्भों से जोड़कर एक नए राष्ट्रवादी विमर्श का निर्माण कर रहे हैं। हालांकि, इसके साथ-साथ इस्लामोफोबिया, असहिष्णुता और जातीय श्रेष्ठता जैसे आरोप भी उभरते हैं, जो इस आंदोलन की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। संघ नेतृत्व इन प्रवृत्तियों से स्वयं को अलग रखते हुए सेवा, अनुशासन और समावेश पर निरंतर जोर देता है। इससे यह संदेश जाता है कि पुनसंयोजन केवल भाषणों और नारों तक सीमित नहीं, बल्कि व्यवहार, सोच और सामाजिक आचरण में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।

वैश्विक मंच पर हिंदुत्व को कई बार फार-राइट आंदोलन के चश्मे से देखा जाता है, किंतु भारत के भीतर यह स्वयं को राष्ट्र निर्माण की एक जीवंत प्रयोगशाला के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। शिक्षा में भारतीय दृष्टिकोण का पुनर्स्थापन, ग्रामोदय की अवधारणा, स्वदेशी अर्थव्यवस्था का विस्तार और सांस्कृतिक कूटनीति के नए प्रयोग इसके उभरते आयाम हैं। इन सभी प्रयासों के केंद्र में युवा शक्ति खड़ी है, जिनकी ऊर्जा, तकनीकी दक्षता और नवाचारशीलता इस विचारधारा को भविष्य की दिशा में ले जा रही है। यही वह संक्रमणकाल है, जो तय करेगा कि हिंदुत्व एक सीमित और बंद विचार-प्रणाली बनकर रह जाएगा या एक खुला, संवादशील और वैश्विक समाधान प्रस्तुत करने वाला व्यापक दर्शन के रूप में विकसित होगा।

## टिकट का 'लाइफ-सपोर्ट'

गंज के वयोवृद्ध नेता, माननीय 'खलीफा जी' का अंतिम समय ऐसा आ पहुँचा था कि यमराज के दूत उनके सिरहाने खड़े होकर ओवर-टाइम भत्ता माँग रहे थे। डॉक्टरों ने साफ कह दिया कि खलीफा जी अब 'विदाई गीत' के उस चरण में हैं जहाँ केवल राग भैरवी बजना शेष है–मुश्किल से घंटा-भर के मेहमान हैं। खलीफा जी की धर्मपत्नी, जो उम्र भर उनकी राजनीति और रसोइ के बीच पुल का काम करती रहीं, बिलख उठीं। उन्होंने डॉक्टर से कहा, डॉक्टर साहब, कोई ऐसा 'इंजेक्शन' ठोकिए कि ये कम से कम चार-पाँच घंटे और टिक जाएँ। शाम की गाड़ी से आलाकमान के दूत 'टिकट' लेकर आ रहे हैं, बिना उनके दर्शन किए ये चले गए तो इनकी आत्मा गंज की सड़कों पर 'इस्तीफा-इस्तीफा' चिल्लाती फिरेगी।

डॉक्टर ने स्टेथोस्कोप समेटते हुए कहा, माता जी, अब तो साक्षात धन्वंतरि भी आ जाएँ, तो इन्हें केवल 'मौन व्रत' दिला सकते हैं, जीवन नहीं।

तभी खलीफा जी के परम मित्र और गंज के नंबर एक के 'जुगाड़ी' पंडित जी पधारे। उन्होंने एक बार खलीफा जी के पीले पड़ते चेहरे को देखा और डॉक्टर से बोले, आप लोग तो डिग्री के बोझ तले दबे हैं। मैं इन्हें तब तक जीवित रख सकता हूँ जब तक दिल्ली वाली गाड़ी स्टेशन पर सीटी न मार दे।

डॉक्टर हँसे, यह असंभव है! मेडिकल साइंस इसकी इजाजत नहीं देता।

पंडित जी ने अपनी धोती संभाली और बोले, साइंस तो यह भी कहता है कि बिना भ्रष्टाचार के पुल नहीं बन सकता, पर हमारे गंज में तो खड़े हैं न! खैर, आप सब बाहर निकलिए, मुझे 'इलाज' करने दीजिए।

कमरे में सन्नाटा छा गया। पंडित जी खलीफा जी के कान के पास झुके और ऐसी आवाज में बोले जैसे कोई मुनीम बकाया वसूली कर रहा हो, खलीफा! अब तो तुम परलोक के वीआईपी कोटे में जा रहे हो। पर जाते-जाते वह जो तुमने 'आदर्श ग्राम' के फंड में से चार लाख उड़ाए थे, उसका हिसाब तो देते जाओ। और वह जो नहर के किनारे वाली जमीन की फाइल थी, वह किस चूहे ने कुतरी है?

यह सुनते ही खलीफा जी, जो अभी तक 'कोमा' के वीआईपी गेस्ट बने पड़े थे, झटके से उठकर बैठ गए।

**पञ्चांग राशिफल**

दिनांक - 20 फरवरी 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 07:00 सूर्यास्त 18:22
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - तृतीया 14:39 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - उत्तराभाद्रपदा 20:07 उपरांत रेवती
योग - साध्य 18:23 उपरांत शुभ
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन में रहेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 02 तारिख

**मेष-** सुख के साधन जुटेंगे। कानूनी बाधा दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी।

**वृषभ-** कुसंगति से बचें। परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है। व्यापार अच्छा चलेगा।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक करेगा।

**कर्क-** व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे। सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं।

**सिंह-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी सफल रहेंगे।

**कन्या-** धनार्जन होगा। पूँजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें। आत्मविश्वास बना रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव बना

**तुला-** प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यस्तता रहेगी। प्रसन्नता बढ़ेगी।

**वृश्चिक-** कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना रहेगी। विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी।

**धनु-** कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें।

**मकर-** मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे। अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए।

**कुंभ-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। धनार्जन होगा। घर की चिंता रहेगी।

**मीन-** विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे। कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं। मित्रों से मदद मिलेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## अविश्वास के साये में संसद,संवादहीनता की राजनीति और जनता के सरोकार

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में संसद के भीतर सत्ता और विपक्ष के बीच मतभेद कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब सदन के संरक्षक यानी



'स्पीकर' स्वयं को सदन की कार्यवाही से दूर कर लें, तो यह स्थिति लोकतांत्रिक ढाँचे के लिए गहरी चिंता का विषय बन जाती है। हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा लिया गया यह निर्णय कि वे तब तक सदन में नहीं लौटेंगे जब तक कि उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव और आचरण संबंधी विवादों का समाधान नहीं हो जाता, भारतीय संसदीय गरिमा के सम्मुख एक अभूतपूर्व संकट खड़ा करता है। प्रश्न यह नहीं है कि कौन सही है और कौन गलत, बल्कि प्रश्न यह है कि क्या हमारा लोकतंत्र उस परिपक्वता को खो रहा है जहाँ संवाद के माध्यम से समाधान निकाले जाते थे। विपक्ष का आरोप है कि उनकी आवाज को दबाया जा रहा है और सदन के अध्यक्ष का झुकाव सत्ता पक्ष की ओर है, वहीं सत्ता पक्ष इसे विपक्ष की हताशा और सदन को बाधित करने की एक सुनियोजित रणनीति करार दे रहा है। लोकतंत्र के हिसाब से किसी भी मुद्दे का इतना ज्वलंत होना और व्यक्तिगत टकराव में बदल जाना शुभ संकेत नहीं है। एक ओर जहाँ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव को अपना लोकतांत्रिक अधिकार मानता है, वहीं दूसरी ओर इसे स्पीकर के पद की गरिमा के साथ जोड़कर देखना भी आवश्यक है। यदि सदन का अध्यक्ष ही विवादों के घेरे में आ जाए, तो निष्पक्षता की वह नींव हिलने लगती है जिस पर पूरा सदन टिका होता है। सत्ता पक्ष की यह जिम्मेदारी है कि वह विपक्ष की शिकायतों को केवल शोर मानकर अनसुना न करे, क्योंकि एक जीवंत लोकतंत्र में विपक्ष की असहमति ही शासन को निरंकुश होने से रोकती है। दूसरी ओर, विपक्ष का पूर्ण विरोध और सदन को ठप कर देना भी जनता के हितों के साथ अन्याय है। संसद केवल भाषणों का केंद्र नहीं, बल्कि जन-कल्याण की नीतियों के निर्धारण का स्थान है।

संसदीय क्षेत्र में आने वाले सभी कार्यकारी गणों, चाहे वे सभा अध्यक्ष हों या माननीय सदस्य, उन्हें यह समझना होगा कि उनकी व्यक्तिगत मयार्दा और संस्थान की गरिमा एक-दूसरे से अभिन्न रूप से जुड़ी हुई हैं अनुशासन और जनता के विषयों को न्याय तभी मिल सकता है जब 'अधिकार' और 'कर्तव्य' के बीच एक सूक्ष्म संतुलन बना रहे यदि सत्ता पक्ष केवल संख्या बल के आधार पर विपक्ष की उपेक्षा करता है और विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है, तो अंततः हार लोकतंत्र की ही होती है वर्तमान गतिरोध को समाप्त करने के लिए दोनों पक्षों को अपनी अपनी मयार्दाओं के भीतर कदम पीछे खींचने होंगे।स्पीकर के पद को राजनीति से ऊपर रखना और सदन में स्वस्थ बहस का वातावरण बनाना ही वह एकमात्र मार्ग है जिससे संसदीय गरिमा को पुनर्जीवित किया जा सकता है। विचारणीय हो कि यह मामला केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का भी है, अंततः, संसद की सार्थकता इस बात में नहीं है कि किसने किसको झुकाया, बल्कि इस बात में है कि जनता के मुद्दों पर कितनी सार्थक चर्चा हुई।



शुभम दुबे
(दैनिक अवन्तिका)

## इन लोगों को भूल से भी नहीं करना चाहिए काली मिर्च का सेवन

काली मिर्च खाने के स्वाद को पूरी तरह बदल सकती है, फिर चाहे सूप हो, सब्जी हो, या काढ़ा, इससे आपको एक अलग ही तरह का टेस्ट मिलता है। यूं तो काली मिर्च को सेहत के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। यह ना केवल डाइजेशन बेहतर बनाता है, बल्कि मेटाबॉलिज्म को थोड़ा बूस्ट मिलता है, और इम्यूनिटी के लिए भी अच्छा माना जाता है।

काली मिर्च खाने के स्वाद को पूरी तरह बदल सकती है, फिर चाहे सूप हो, सब्जी हो, या काढ़ा, इससे आपको एक अलग ही तरह का टेस्ट मिलता है। यूं तो काली मिर्च को सेहत के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। यह ना केवल डाइजेशन बेहतर बनाता है, बल्कि मेटाबॉलिज्म को थोड़ा बूस्ट मिलता है, और इम्यूनिटी के लिए भी अच्छा माना जाता है। लेकिन हर किसी के लिए काली मिर्च फायदेमंद नहीं होती है। कुछ लोगों को इसके सेवन से नुकसान भी उठाना पड़ सकता है, खासकर जब इसे ज्यादा मात्रा में या हर दिन लिया जाए।

अगर आपको एसिडिटी, बवासीर, गले में जलन जैसी समस्याएं रहती हैं, तो काली मिर्च आपके शरीर पर उल्टा रिएक्ट कर सकती है। अक्सर हम इसे नजरअंदाज कर देते हैं और फिर परेशानी काफी ज्यादा बढ़ जाती है। तो चलिए



आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि किन लोगों को काली मिर्च का सेवन करने से बचना चाहिए-

### एसिडिटी या अल्सर की समस्या

अगर आपको एसिडिटी या अल्सर की शिकायत रहती है तो ऐसे में आपको काली मिर्च का सेवन करने से बचना चाहिए। काली मिर्च की तासीर गर्म होती है और यह पेट में एसिड बढ़ाती है। साथ ही, पेट की अंदरूनी परत में जलन पैदा कर सकती है, जिसकी वजह से आपको सीने में जलन या दर्द महसूस हो सकता है।

### बवासीर की समस्या

अगर आपको बवासीर की शिकायत है तो ऐसे में काली मिर्च के सेवन से आपके डाइजेस्टिव ट्रैक्ट में जलन पैदा हो सकती है। ऐसे में आपको मल त्याग करते समय दर्द या जलन का अहसास हो सकता है। साथ ही, यह दर्द और सूजन दोनों को बढ़ा सकता है। इसलिए, बवासीर होने पर मसालेदार खाने से परहेज करना चाहिए।

### प्रेग्नेंसी में बचें

अगर आप प्रेग्नेंट हैं तो ऐसे में आप काली मिर्च का सेवन सीमित मात्रा में कर सकते हैं, लेकिन इसे बहुत अधिक लेने से बचना चाहिए। वरना आपको एसिडिटी, जलन, गैस व पाचन में दिक्कत हो सकती है। दरअसल, प्रेग्नेंसी में पेट पहले से ही सेंसिटिव होता है और ऐसे में काली मिर्च का ज्यादा सेवन इसे और भी परेशान कर सकता है।

**धर्म–आस्था**

## हिंदू धर्म में बच्चे के जन्म के बाद मान्यताएं और संस्कार: एक झलक

हिंदू धर्म में जीवन के हर पहलू को एक गहरी आध्यात्मिक दृष्टि से देखा जाता है। विशेष रूप से बच्चे



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

के जन्म के बाद, कई महत्वपूर्ण संस्कार और मान्यताएं होती हैं, जो न केवल बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करती हैं, बल्कि उसके समग्र विकास में भी सहायक होती हैं। इन संस्कारों का उद्देश्य बच्चे को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक दृष्टि से शुद्ध और स्वस्थ बनाना है। इन संस्कारों का पालन धार्मिक परंपराओं के तहत किया जाता है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चले आ रहे हैं।

**सूतक-** बच्चे के जन्म के बाद की पहली और महत्वपूर्ण मान्यता सूतक है। यह एक प्रकार की अशुद्धता अवधि मानी जाती है, जो आमतौर पर 10 से 13 दिनों तक रहती है। इस दौरान परिवार के सदस्य धार्मिक कार्य, पूजा-पाठ और मंदिर में जाने से बचते हैं। इस अवधि का उद्देश्य मां और बच्चे को आराम देना और किसी भी प्रकार के संक्रमण से बचाना है। सूतक के दौरान हवन और शुद्धि की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाता है, ताकि घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सके। यह एक प्रकार से शारीरिक और मानसिक शुद्धिकरण का समय होता है।

**जातकर्म संस्कार:-** जातकर्म संस्कार जन्म के तुरंत बाद किया जाता है, जिसमें पिता द्वारा बच्चे को शहद या घी चटाना और उसके कान में मंत्र फूँकना शामिल है। यह संस्कार बच्चे के जीवन में अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना के रूप में माना जाता है। इसे एक प्रकार से आशीर्वाद के रूप में देखा जाता है, जिससे बच्चे के जीवन का शुभारंभ होता है। इस संस्कार का उद्देश्य बच्चे के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सही दिशा में लाना है।

**छठी पूजा** -छठी पूजा, बच्चे के जन्म के 6ठे दिन होती है और इसे बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। हिंदू धर्म में यह मान्यता है कि इस दिन विधाता द्वारा बच्चे का भविष्य निर्धारित किया जाता है। इस पूजा में बच्चे को विशेष रूप से आशीर्वाद दिया जाता है, और माता-पिता बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। यह पूजा पारिवारिक खुशियों और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है, जिसमें सभी रिश्तेदार और परिवार के सदस्य शामिल होते हैं।

**नामकरण संस्कार:-** नामकरण संस्कार, जो आमतौर पर बच्चे के 11वें या 12वें दिन होता है, बच्चों के जीवन का एक महत्वपूर्ण संस्कार है। इस संस्कार में बच्चे को नाम दिया जाता है, और इसके साथ ही उसे अपने जीवन के उद्देश्य की ओर मार्गदर्शन मिलता है। हिंदू धर्म में नाम का बहुत महत्व है, क्योंकि यह बच्चे के जीवन के आधार को मजबूत बनाता है और उसे एक विशिष्ट पहचान देता है। यह संस्कार पारिवारिक खुशी का प्रतीक होता है, जिसमें परिवार के सदस्य बच्चे के नाम को लेकर अपने विचार साझा करते हैं।

**निष्क्रमण संस्कार:-** निष्क्रमण संस्कार, जो आमतौर पर बच्चे के चौथे महीने में होता है, वह एक महत्वपूर्ण और धार्मिक प्रक्रिया है। इसमें बच्चे को पहली बार घर से बाहर ले जाकर सूर्य या चंद्रमा के दर्शन कराए जाते हैं। इसे एक प्रकार से बच्चे को बाहर की दुनिया से परिचित कराने का अवसर माना जाता है। इस संस्कार का उद्देश्य बच्चे को सही दिशा में बढ़ने और उसे जीवन के विविध पहलुओं से अवगत कराने का है। यह संस्कार बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है।

**स्वास्थ्य और स्वच्छता का महत्व:-** इन सभी संस्कारों का मुख्य उद्देश्य बच्चे और मां को स्वस्थ रखना है। सूतक के दौरान, यह सुनिश्चित किया जाता है कि मां और बच्चा किसी भी प्रकार के संक्रमण या बाहरी असर से बचें। इसके बाद हवन और शुद्धि की प्रक्रिया से घर में सकारात्मकता का संचार होता है। इन परंपराओं के माध्यम से एक सामूहिक शुद्धि और मानसिक शांति का प्रयास किया जाता है।

**पूजा-पाठ निषेध:-** सूतक के दौरान परिवार का कोई सदस्य पूजा-पाठ या मंदिर में नहीं जाता, क्योंकि यह मान्यता है कि इस समय परिशुद्धि की आवश्यकता होती है। यह अवधि परिवार के सदस्यों के लिए मानसिक और शारीरिक शुद्धिकरण का समय है।

**नजर उतारना:-** नवजात और मां को बुरी नजर से बचाने के लिए 'लोरी' या दीपक की रस्म की जाती है। यह मान्यता है कि किसी भी प्रकार की बुरी नजर या नकारात्मक ऊर्जा से बचने के लिए यह रस्म आवश्यक है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1796-2801 चना काबली- 3601-8526, चना बड़ा- 3640-5551, बटला- 4061, रायड़ा- 5775, उड़द- 3500, मसूर- 4841-5620, सोयाबीन- 1901-5841, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,53,800, रवा- 1,53,700 चांदी-टंच- 2,37,700 पाट- 2,36,600।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## नरवाई जलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई–शर्मा

**सारंगपुर।** रबी फसलों की कटाई का काम जल्द शुरू होने वाला है। कटाई के बाद खेतों में बची नरवाई या पराली जलाने की घटनाएं हर साल बढ रही हैं। इससे मिट्टी की उर्वरता घटती है। पर्यावरण को नुकसान होता है। पशुओं के चारे की बबार्दी होती है। नरवाई जलाने से कई बार पडोस के खेतों में रखी फसल जल जाती है। जनधन की हानि होती है। पशु-पक्षी जलकर मर जाते हैं। कई बार आग अनियंत्रित हो जाती है। इससे भारी नुकसान होता है, जिसकी भरपाई नहीं हो पाती। सारंगपुर तहसीलदार आकाश शर्मा ने बताया कि नरवाई जलाने पर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अभी से जनजागरूकता जरूरी है। नरवाई जलाने के नुकसान और उसके प्रबंधन को समझना होगा। गेहूं की कटाई के बाद खेतों में बचे सूखे तनों को नरवाई या पराली कहा जाता है। यह कंबाइन हार्वेस्टर से कटाई के बाद खेत में रह जाते हैं। किसान अगली फसल के लिए खेत जल्दी खाली करने के लिए इन्हें जला देते हैं। इन्हें जलाए नहीं बल्कि दूसरे तरीकों से इसका किसान बेहतर ढंग से उपयोग कर सकते है।

## भक्ति से बढकर कोई ज्ञान नहीं है, हमें गीता, भागवत व रामायण पढना चाहिए



**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम छापरा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजित की जा रही है। कथा महोत्सव के छठवें दिन कथा वाचक अर्चना दीदी ने कहा कि भगवान की भक्ति से बढकर कोई ज्ञान नहीं है। हमें गीता, भागवत एवं रामायण पढना चाहिए। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का विस्तार से वर्णन किया गया। इस दौरान विवाह का मंचन भी किया गया। भगवान श्रीकृष्ण की बारात निकाली गई, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा पंडाल स्थल पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह बधाई गीत गाए गए। हिंदू रीति-रिवाज से भगवान श्री कृष्ण और माता रुक्मिणी का विवाह कराया गया। कथावाचक ने भागवत कथा का महत्व बताया और श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के प्रेम का भाव श्रोताओं को समझाया गया। इसके बाद दोनों के पैर पूजन की रस्म निभाई गई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मिणी को उपहार स्वरूप बर्तन, कपडा, नगदी सहित अन्य सामान भेंट किया। कथा के मुख्य यजमान महेंद्र सिंह पटेल ने भागवत महापुराण की पूजा कर आरती की। इसके बाद प्रसादी वितरण की गई। कथा के दौरान गांव के सरपंच कैलाश सिंह राजपूत, प्रताप सिंह राजपूत, प्रेमसिंह पटेल, दरियाव सिंह पटेल, दिनेश कुमार, रमेश जागीरदार, मांगीलाल सेठ, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, जगदीश नागर, कैलाश टेलर सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद उपस्थित रहे।

## फागुनी अमावस्या पर सदभावना भजन मंडल द्वारा दी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति



**सारंगपुर।** नगर के पंडितवाडी स्थित श्री पूर्णेश्वर महादेव मंदिर पर संस्था सद्भावना भजन मंडल द्वारा सुमधुर गीत एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई। शुभारंभ सर्वप्रथम विघ्नहर्ता श्री गणेश एवं महाबली हनुमान को स्मरण कर भजनों के माध्यम से आराधना की गई। मंडल अध्यक्ष सुमित जैन ने अपने अंदाज में तुम ढूंढो मुझे गोपाल में खोई गैया तेरी भजन की प्रस्तुति दी, वही मंडल के श्रेष्ठ भजन गायक पंडित आनंद जोशी ने भी करके इशारों बुलाई गयो री बरसाने की छोरी, गायक रामगोपाल राठौर ने खबर मोरी न ली रे बहुत दिन बीते। इसी दौरान मंडल के वरिष्ठ लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने भी हे दुख भंजन मारुति नंदन, श्री राम जानकी बैठे हैं सीने में₹ प्रस्तुति दी। प.राजेंद्र जोशी ने मेली चादर ओढ के, रोहित जैन ने चौक पुराव, आनंद उपाध्याय ने राम को देखकर श्री जनक नंदिनी द्वार पर जा खडी की खडी रह गई। वरिष्ठ ओमप्रकाश सोनी ने, छोड बैठा है सारा जमाना हमें, भजन गायको द्वारा सुंदर मनमोहक प्रस्तुतिया देकर वातावरण को भक्ति एवं धार्मिकता से सराबोर कर दिया। बालमुकुंद गुप्ता, श्याम बृजवासी में भी अपने भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान आर्गन पर परमानंद जोशी, और तबला पर सुनील राव संगत दे रहे थे। इस अवसर पर रंगो का त्यौहार होली बसंत पंचमी से आहट दे देता है, भजन संध्या में होली गीतों की भी प्रस्तुति देकर माहौल रंगने का प्रयास गायक कलाकारों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सतीश राठौर, गोपाल वेद्य, कमल राठौर, लखन सोनी रवि राठौर आदि भजन प्रेमी उपस्थित थे।

## नारियाखेड़ा में 2 बच्चों के पिता ने लगाई फांसी

**सिरोल्या।** बरोठा थाना क्षेत्र के गांव नारियाखेड़ा में एक व्यक्ति ने अज्ञात कारण से घर में फांसी लगा ली?। टीआई सवितासिंह जाटव ने बताया कि बुधवार सुबह सूचना मिली कि नारियाखेड़ा में एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली है। हम बल के साथ गांव पहुंचे। मृतक का नाम संजू पिता ओमप्रकाश झाला (45) है। घटना सुबह करीब 9.15 बजे की है। मृतक के दो बच्चे हैं। घटना के वक्त पत्नी मजदूरी पर गई थी। शव को ग्रामीणों की सहायता से नीचे उतारा और पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है।

# राजवाड़ा में दूषित पानी से हड़कंप, नगर परिषद पर गंभीर लापरवाही के आरोप

### एफआईआर की मांग तेज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

नगर के वार्ड क्रमांक 1 एवं 3 स्थित राजवाड़ा मोहल्ला में दूषित पेयजल आपूर्ति का मामला अब व्यापक जनआक्रोश का रूप ले चुका है। आरोप है कि जिस बावड़ी से क्षेत्र में पानी की सप्लाई की जा रही थी, उसमें कई दिनों तक कुत्ता मरा पड़ा रहा और इसके बावजूद जल वितरण जारी रखा गया। इस घटना ने न केवल स्थानीय नागरिकों में भय और नाराजगी पैदा की है, बल्कि नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जनस्वास्थ्य पर खतरे का आरोप- स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से घरों में आ रहा पानी बदबूदार और मटमैला था। कई परिवारों ने बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर खतरा जताया है। नागरिकों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं की गई। कांग्रेस नेता राजमल सोनी ने आरोप लगाया कि बावड़ी में मृत कुत्ता होने की जानकारी के बावजूद जल आपूर्ति बंद नहीं की गई, जो सीधे-सीधे जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ है। भाजपा



नेता कैलाशनारायण परिहार ने भी नगर परिषद की लापरवाही को गंभीर बताते हुए कहा कि यह प्रशासनिक संवेदनहीनता का उदाहरण है।

पूर्व पार्षद का तीखा हमला- पूर्व पार्षद गौरीशंकर सूर्यवंशी ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जनता ने जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी निभाने के लिए चुना है, लेकिन प्रेस वार्ता में पूरे मामले को साजिश बताकर पल्ला झाड़ना उचित नहीं है। सूर्यवंशी ने दावा किया कि उनके कार्यकाल में शासन द्वारा निर्मित पानी की टंकी से सीधे वार्डों में जल आपूर्ति होती थी। उनका आरोप है कि वर्तमान परिषद ने टंकी की पाइपलाइन हटाकर निजी कुएं से पानी सप्लाई शुरू कर दी, जिससे इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने मांग की कि शासन द्वारा निर्मित टंकी से ही नियमित जल आपूर्ति बहाल की जाए।

सड़कों पर उतरा आक्रोश- पूर्व पार्षद सूर्यवंशी, कैलाश मालवीय, राजेश डीलर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद सीएमओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। राजवाड़ा से झंडा चैक तक ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। मौके पर कस्बा पटवारी जगदीश पाटीदार द्वारा पंचनामा तैयार किया गया, जिसके बाद लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। एसडीएम मिलिंद ढोके को शिकायत दर्ज कराकर निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

नगर परिषद की सफाई- वहीं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी ने आरोपों को निराधार बताते हुए घटना को साजिश करार दिया है। उनका कहना है कि परिषद की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से यह मुद्दा उछाला जा रहा है। हालांकि बढ़ते विरोध और लगातार उठ रहे सवालों ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा कर दिया है।

अब प्रशासनिक जांच पर टिकी नजर- फिलहाल मामला प्रशासनिक जांच के अधीन है। शहर की जनता स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की मांग कर रही है। यदि जांच में लापरवाही सिद्ध होती है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होना तय माना जा रहा है। राजवाड़ा की यह घटना नगर प्रशासन के लिए एक बड़ी परीक्षा बन गई हैकृअब देखना यह है कि जांच कितनी निष्पक्ष होती है और जनता को राहत कब तक मिलती है।

# गंगानगर चोरी का खुलासा, सात महिला गिरफ्तार, 50 सीसीटीवी से पकड़ाई आरोपी

### ऑपरेशन 'त्रिनेत्रम' में 60 हजार का सामान बरादम,

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने गंगानगर में हुई नकबजनी का खुलासा करते हुए सात महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी किया गया करीब 60 हजार रुपये का सामान भी बरामद किया है। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत की गई।



फरियादी अरुण पांडे, निवासी कालानीबाग देवास, ने 17 फरवरी 2026 को औद्योगिक क्षेत्र थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि गंगानगर स्थित उनके स्क्रैप गोदाम की दीवार तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने गोदाम से कमानी के पत्ते, क्लच प्लेट, पिस्टन, लोहे की रॉड, एसी ब्लोवर, तीन बैटरी और पानी की मोटर सहित भारी मात्रा में सामान चुरा लिया था। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने नकबजनी के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। गठित टीम ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत घटनास्थल के आसपास लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की। फुटेज के विश्लेषण के दौरान कुछ संदिग्ध महिलाएं क्षेत्र में घूमती हुई दिखाई दीं। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर इन महिला आरोपियों को पकड़ लिया।

पूछताछ में महिला आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे कचरा बीनने के बहाने कॉलोनियों और औद्योगिक क्षेत्रों की रेकी करती थीं। मौका मिलते ही वे एक संगठित गिरोह के रूप में चोरी की वारदातों को अंजाम देती थीं। पुलिस ने इन महिला आरोपियों से चोरी किया गया करीब 60 हजार रुपए का पूरा सामान जब्त कर लिया है।

औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत क्षेत्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी महिलाएं औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के इलाकों में कीमती सामान चोरी कर उसे स्क्रैप कारोबारियों को बेच देती थीं।

## कर्ज में डूबे प्रदेश का बजट, महंगाई से नहीं मिली राहत- शर्मा

**देवास।** प्रदेश विधानसभा में पेश किए गए बजट को कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने आम जनता के लिए निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में न तो महंगाई कम करने के उपाय हैं और न ही कोई ऐसा निर्णय लिया गया जिससे आम आदमी को तुरंत राहत मिले। पेट्रोल-डीजल पर टैक्स में कोई कमी नहीं की गई, जिससे रोजमर्रा की बढ़ती कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को विधानसभा में सालाना बजट पेश किया। सरकार ने इसे युवा रोजगार और किसान हितैषी बजट बताया, लेकिन विपक्ष का कहना है कि घोषणाओं के अलावा ठोस प्रावधान नजर नहीं आते।

विधानसभा में मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 25 लाख 95 हजार बेरोजगार पंजीकृत हैं। ऐसे में रोजगार के बड़े दावों पर सवाल उठ रहे हैं। मनरेगा के तहत 125 दिन रोजगार देने की बात कही गई है, जबकि पिछले वर्ष केवल एक प्रतिशत जरूरतमंदों को ही 100 दिन का रोजगार मिल पाया था। कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने कहा कि बजट में विभागों को राशि आवंटित करने का विवरण तो है, लेकिन नई योजनाओं के लिए पैसा कहां से आएगा, यह स्पष्ट नहीं किया गया। उन्होंने प्रदेश पर बढ़ते कर्ज को लेकर भी चिंता जताई।

जानकारी के अनुसार, 17 फरवरी 2026 तक प्रदेश सरकार करीब 72,900 करोड़ रुपये का कर्ज ले चुकी है। यदि यही स्थिति रही तो कर्ज की सीमा जल्द पूरी हो सकती है। सुधीर शर्मा ने कहा कि बजट में न तो किसी बड़े टैक्स में कमी की घोषणा की गई और न ही पेट्रोल-डीजल पर टैक्स घटाया गया।

## अभ्युदय व समृद्ध मध्य प्रदेश की दिशा में बजट

**शुजालपुर।** आम बजट 2026 को लेकर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने इसे विकसित मध्य प्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि महिला, युवा, किसान और गरीब वर्ग के सशक्तिकरण का स्पष्ट संकल्प है। तिवारी के अनुसार बजट में कौशल विकास, रोजगार सृजन, कृषि उन्नयन तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता देकर सरकार ने समावेशी विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## ट्रांसफर में लगी भीषण आग बड़ा हादसा टला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खिलचीपुर।

ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग मची अफरा तफरी बड़ी दुर्घटना होने से टली खिलचीपुर सिटी पोर्शन रोड बस स्टैंड रहवासी इलाके का मामला सामने आया है। जहां 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में शोट सर्किट से सोमवार सुबह करीब 10 बजे के आस पास आग लग गई। आग की लपटे करीब जमीन से आठ से दस फीट ऊपर उठाती रही थी। ओर आग की चिंगारियां निकल रही थी। इस घटना मोजूद लोगों के बीच हड़कंप मच गया। घटना की दूरी से लगभग 60 फिट दूर मानवता की मिसल देखने को मिली जहां पर जलते ट्रांसफार्मर से दूर



किराना व्यापारी रामबाबू गुप्ता ने तत्काल मौके पर पहुंच कर अग्नि शामक यंत्र की मदद से आग को बुझाया गया। इस बीच मोके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना बिजली विभाग को दी करीब 20 ,25 मिनट के बाद बिजली आपूर्ति बंद हुई । ट्रांसफार्मर में लगी आग का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ ओर किराना व्यापारी की तारीफ की जा रही है।

मौके पर मौजूद व्यक्ति का कहना है कि लोगों का कहना है कि यह ट्रांसफार्मर लंबे समय से कई बार तारों में विद्युत प्रवाह के दौरान चिंगारियां निकलती रहती थी। विद्युत विभाग के अधिकारीयों की बड़ी लापरवाही को दशार्ता है। रोड के बीच में स्थित होने के कारण आसपास रहने वाले लोग और व्यापारियों की ऐसी कई दुकानें संचालित है जो कि लोगों की जान-माल का खतरा बन सकती थी। सोमवार को भी सुबह ट्रांसफार्मर में अचानक आग से नीचे झुल रहे केबलों ने आग पकड़ ली और धू-धू कर जलने लगीं। लोगों के अनुसार, यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

# श्री हनुमान चालीसा एवं श्रीराम रक्षास्तोत्र के 12वें संस्करण का भव्य लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के मध्य श्री हनुमान चालीसा एवं श्रीराम रक्षास्तोत्र के 12वें संस्करण का भव्य लोकार्पण श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, हजारीबाग में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में आध्यात्मिक गरिमा और भक्तिमय वातावरण का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।इस पावन अवसर पर भागवताचार्य पं. बालकृष्ण शास्त्री एवं भागवताचार्य मनीष भाई (श्री दुर्गा धाम परिवार, बदनावर) के करकमलों से पुस्तक का विधिवत विमोचन राम नाम बैंक संचालक एवं पुस्तक प्रकाशक ओमप्रकाश गेहलोत की उपस्थिति में किया गया।लोकार्पण समारोह के दौरान गुरुजनों द्वारा



विधिवत पूजन-अर्चन एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया, जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो उठा।

अपने उद्बोधन में भागवताचार्य पं. बालकृष्ण शास्त्री ने कहा कि हनुमान चालीसा का नियमित एवं श्रद्धापूर्वक पठन व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है तथा समाज में धर्मभाव को सुदृढ़ बनाता है। वहीं श्री दुर्गा धाम परिवार के मनीष भाई ने पुस्तक के सुंदर एवं आकर्षक प्रकाशन हेतु प्रकाशक को बधाई देते हुए सुझाव दिया कि आगामी संस्करणों में दैनिक जीवन में उपयोगी मंत्रों को भी स्थान प्रदान किया जाए। इस सुझाव को गेहलोत ने सहर्ष स्वीकार करते हुए इसे भविष्य में सम्मिलित करने की सहमति दी। कार्यक्रम में हरिकिशन मेलवाणी, कैलाश पाटीदार, भेरूलाल शर्मा, जे.पी. यादव, प्रेमनारायण खीची, राजकुमार माथुर, अरुण शर्मा, सुभाष पंड्या, भैरूलाल शर्मा, भरतलाल शर्मा, सुभाष गुप्ते, पंकज भावसार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के अंत में उपस्थित भक्तों ने इस आध्यात्मिक पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में धर्म एवं संस्कारों के संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया।



## खेरिया विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीक्षांत समारोह

**सुसनेर।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया में दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति से विद्यालय परिसर उत्सवमय बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक भेरूलाल ओसारा ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में कक्षा पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि हाई स्कूल प्राचार्य जुबेर खान एवं विशेष अतिथि दिनेश मेहता ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सफलता की सशक्त आधारशिला है।

## श्री कामधेनु गो अभ्यारण सालरिया में अमावस्या पर गोकथा



**सुसनेर।** सालरिया श्री कामधेनु गो अभ्यारण सालरिया में मंगलवार को अमावस्या के पावन अवसर पर गोकथा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुश्री वंदना शर्मा का स्वागत डॉ. विक्रम सिंह, लालसिंह सलारिया, कालूसिंह एवं समस्त ग्वाल समाज, व्यवस्थापक और कर्मचारियों द्वारा पुष्प वर्षा व पारंपरिक सम्मान के साथ किया गया। गोकथा के दौरान वंदना शर्मा ने कहा कि सत्य से बढ़कर कोई सेवा नहीं है और जो व्यक्ति गौ माता की सेवा करता है। उसकी झोली कभी खाली नहीं रहती। उन्होंने भगवान के सत्य-चित-आनंद स्वरूप का वर्णन करते हुए गौ सेवा को संसार का सर्वोच्च आनंद बताया। साथ ही गोबर, गोमूत्र, दूध और दही के धार्मिक व स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने गौ माता की परिक्रमा को समस्त तीर्थों के समान फलदायी बताते हुए कहा कि गौ सेवा से ही वेतरणी नदी पार की जा सकती है।

## प्रशासन ने की होली और रमजान को शांति से मनाने की अपील



**सुसनेर।** स्थानीय पुलिस थाने पर आगामी होली और रमजान पर्व के मद्देनजर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पिछले कुछ दिनों से नगर में हो रही घटनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर विशेष चर्चा की। एसडीओपी देवनारायण यादव, तहसीलदार रामेश्वर दांगी और टीआई अक्षय सिंह बेस ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारे और शांति के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। नगर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की बात भी कही गई। बैठक के दौरान एसडीओपी ने बाइक चालको से हेलमेट पहनने की भी अपील की। बैठक में मार्केटिंग अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह काँवल, जिला पंचायत सदस्य कालुसिंह गणेशपुरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सजनसिंह कलारिया, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पूर्व पार्षद फकीर मोहम्मद खान, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, विधानसभा ब्लॉक कांग्रेस संगठन मंत्री आशिक हुसेन बोहरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु पाटीदार एवं इरशाद मोहम्मद कुरैशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंदरसिंह कांवल, मोहन कानूडीया, मेहरबानसिंह सिसोदिया, आशिक हुसेन मंसूरी, एमपीईबी सुपर वाइजर इमरान खान आदि मौजूद रहे।

## गुम हुए बालक को तलाश कर माता पिता के सुपूर्द किया



**इंगोरिया।** मां-बाप की डाट-फटकार से घर से बिना बताए गायब हुए 13 वर्षीय बालक को इंगोरिया पुलिस ने मंगलवार रात साढ़े नौ बजे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। राहुल पिता कचरूलाल भील निवासी सोहन गढ़ थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम उम्र 13 वर्ष को पुलिस ने बड़नगर रोड ग्राम धुरेरी से तलाश कर माता पिता को सूचना दी थी। हेड मुहर्रिर सरदारसिंग खरते ने बताया कि थाना प्रभारी दीपेश व्यास के मार्गदर्शन में सहा उप निरीक्षक दिनेश निनामा, शिवकांत पांडेय और संदीप बामनिया ने गुम हुए बालक को तलाश कर 15 फरवरी को धुरेरी गांव से ढूंढ लिया था।

न्यूज कॉलम

## समूह चर्चा और पर्यावरण जागरूकता रैली आयोजित




**आगर-मालवा।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर स्वयंसेवकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण जैसे महत्वपूर्ण संदेशों के साथ आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान पेड़ बचाओ जीवन बचाओ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को प्रकृति के संरक्षण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय कार्य बल के अंतर्गत बात करें, बोझ हल्का करें विषय पर समूह चर्चा का आयोजन किया गया। समूह चर्चा में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अपनी भावनाओं और समस्याओं को साझा करना, संवाद और सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाने पर विशेष बल दिया गया। जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय कार्य बल नोडल अधिकारी आकांक्षा श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक मुकेश कुमार दांगी, बद्रीलाल डाबी एवं स्वयंसेवकों ने बात करें बोझ हल्का करें विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा माध्यमिक विद्यालय मैना के परिसर की साफ सफाई की गई। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण तथा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। विशेष शिविर के दूसरे दिन की गतिविधियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व और जनजागरूकता के प्रति युवाओं की सक्रिय भूमिका को सार्थक रूप से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सदस्य सीमा मुवेल, सागर भारती सुधीर, नितेश आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक शिवम पाटीदार ने किया एवं आभार सहायक प्राध्यापक बद्रीलाल डाबी ने माना।

क्षेत्र में तेज हवा और ओलावृष्टि से किसानों की टूटी कमर

# एक दर्जन गांवों में गेहूं फसलों में नुकसान

## गांव राठौर खेड़ी में दर्जनों बबूल के पेड़ हुए धराशायी, घरों के टीन चदर उड़े, बिजली के तार टूटने से रात अंधेरे में बीताना पड़ी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खरसौदकलां

क्षेत्र में बुधवार की रात मौसम मे अचानक काले घने बादल के साथ रात नौ बजे के दरम्यान पानी के साथ ओलावृष्टि हुई। जिसमें गेंहू की खड़ी फसल में भारी से नुकसान पहुंचा है।

क्षेत्र में बेमौसम पानी के साथ ओलावृष्टि होने से खेत में खड़ी गेंहू की फसल से लाखों का नुकसान हुआ है। फसल में क्षति से किसानों की कमर टूटी है। पानी के साथ मक्का और आंटी के आकार के ओले से खेत में गेंहू की फसल पूरी तरह खेत में सो गई है ।साथ में चने और लहसुन में भी नुकसान हुआ है। पास के गांव ओरडी, बादरबेला, भुवासा, काजा खेड़ी, लिम्बास, सलवा, चिरोलाकलां, राठोर खेड़ी में तेज हवा के साथ पानी एवं ओले ने कहर बरपाया है। राठौर खेड़ी के किसान सूर्य नारायण सिंह राठौड़ ने बताया कि गांव में तेज हवा के साथ पानी बरसा। हवा से एक दर्जन से अधिक बबूल भी तहस नहस हो गए। यहां तक की गांव की 33 कवि की लाइन के तार भी टूट चुके थे। एसे में रात भर लोगों को घर में अंधेरे में रहना पड़ा। गांव में दर्जन वर्ष अधिक मकान के छत के चद्दर भी हवा में उड़ गए। पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने ओलावृष्टि क्षेत्र के गांव के दोरा कर पिडीत किसानो से खेत खेत जाकर मिले। साथ में अधिकारी को तत्काल सर्वे कर मुआवजा संबंधित बात भी की। इस दौरान क्षेत्र के किसान सुरेश पटेल दिनेश सनोलिया, चाद शाह, घनश्यामसिंह, प्रकाश सलवा, सूर्यनारायणसिंह, राठौर गोविंद माली, शंकर लाल जादव एवं ग्रामिणजन उपस्थित थे।



**In The Court Of Civil Judge, Senior Division, Susner District Agar Malwa**
**Presiding Officer: श्रीमती अरुणधती परस्ते**

आवेदन पत्र अतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमाक (MIC SUC/0000001/2026)
राधा पाटीदार......
आवेदक
Vs
सर्वसाधारण जनता.......अनावेदक

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांक :- 16/03/2026**

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण जनता पता- ग्राम धारूखेड़ी तहसील व जिला आगर मालवा मप्र
(2) आम जनता को सचित किया जाता है कि आवेदक राधा पाटीदार पता ने मृतक उमाशंकर निवास धारूखेडी की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16 मार्च 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16 मार्च 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरात, यदि अनुपस्थित रहे ती प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 17 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(अरुणध्ती परस्ते)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,**
**सुसनेर, जिला आगर-मालवा (म.प्र.)**

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि की न्यायालय अवकाश पर होगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**कार्यालय तहसीलदार**
**तहसील शुजालपुर**
**जिला-शाजापुर**

क्रमांक/रीडर-1/2026/क्यू. शुजालपुर दिनांकः 18/02/26

**विज्ञप्ति**

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खुशीलाल विश्वकर्मा पिता बापूलाल जाति सुतार निवासी ग्राम रायपुर तहसील शुजालपुर द्वारा माता जी जमनाबाई की मृत्यु दिनांक 04.11.2002 को होना बताया गया जिसके मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु तहसील कार्यालय शुजालपुर में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इसमें किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह न्यायालय तहसीलदार शुजालपुर में उपस्थित होकर प्रकाशन दिनांक से सात दिन के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजरने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह विज्ञप्ति पत्र आज दिनांक 18/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।

## आचार्य श्री विजय रत्नकीर्तिसूरी महाराज का नगर में हुआ मंगल प्रवेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

धर्म ही शाश्वत तत्व है, धर्म से दूरिया कम होती है, धर्म वह शक्ति है जिसके माध्यम से सभी आपस में मिलते है। जहॉ दूरिया है वहॉ धर्म नही है। आज एकत्रीकरण का कारण भी धर्म ही है, व्यक्ति गौण है। उक्त उदगार नगर के गौरव माटी के रत्न आचार्य श्री विजय रत्नकीर्तिसूरी म.सा. ने स्थानीय आराधना भवन में महती धर्म सभा में व्यक्त किए। प्रवेश चल समारोह के आराधना भवन पहुँचने पर धर्म सभा में आचार्यश्री ने यह भी कहा कि आत्मा की प्रसन्नता ही परमात्मा की भक्ति का फल है। भगवान की पूजा-उपासना पैसो से नही होती है भक्ति के उपरान्त सोच, व्यवहार व दृष्टि में बदलाव की अनुभूति होना चाहिए। 10 वर्ष पश्चात आपके नगरागमन पर श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जिनालय आदिनाथ कालोनी से नवकारसी उपरान्त प्रवेश चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से निकला। यहां नवकारसी का लाभ राजेन्द्रकुमार मांगीलाल बोहरा चांदीवाला परिवार ने लिया।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग उज्जैन, ग्रामीण**
**संयुक्त प्रशासनिक संकुल प्रथम तल द. कक्ष कमांक 132 जिला उज्जैन**

क्र. 612 /रीडर-1/2026/ उज्जैन दिनांक 17/02/2026

**// विज्ञप्ति //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील, उज्जन अंतर्गत ग्राम चंदेसरी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 57 रकबा 0.120 हे. में से 0.04 हे. पर सीवरेज पंपिग स्टेशन निर्माण हेतु भूमि आवंटन किये जाने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में अपर आयुक्त नगर पालिक निगम, उज्जैन द्वारा नजूल निर्वतन नियम 2020 अंतर्गत प्रारूप 1 में भूमि आवंटन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/समूह/संस्था को आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकार्ता के कार्यालय में नियत समयावधि 18/03/2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**अनुभाग उज्जैन**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण आम जन को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जुझार पिता निर्भय सिंह जी केवट जाति केवट निवासी ग्राम इंगोरिया तहसील बड़नगर द्वारा ग्राम मसवाड़िया खालसा तहसील बडनगर जिला उज्जैन स्थित भुमि सर्वे न.- 49/3 रकबा 0.60 है , सर्वे न. 49/2 रकबा 0.60 है की भुमि स्वामी विमल कुमार पिता मदनलाल तथा रवि ददरवाल पिता मदनलाल जी कुमावत निवासी नरसिंगा से भुमि क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशी प्रदान कर दी है तथा एक सोदा चिठठी मेरे पक्षकार के पक्ष मे उपरोक्त भुमि स्वामी द्वारा सम्पादीत की है तथा शीघ्र ही उक्त भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष मे पंजीकृत होना है यदि उक्त भुमि के सबंध मे किसी भी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह संम्पत्ति किसी के पक्ष मे रहन हो, अथवा किसी के पक्ष मे कोई अनुबंध पत्र या भुमि सबंधीत किसी प्रकार का मुखत्यारनामा आम ,या मुखत्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती मे उपरोक्त भुमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित , स्वत्व, अधिकार हो तो इस जाहीर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखीत रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी।सुचित हो-दिनांक-19/02/2026

**रवि रावल**
**सर्विस प्रोवाइडर बडनगर**
**जिला उज्जैन (मप्र), मो. 9981226537**

**THE PANCHMAHAL DISTRICT CO-OPERATIVE MILK PRODUCER'S UNION LTD.**
**LUNAWADA ROAD, P. B. NO. 37, GODHRA-389001**
**E TENDER NOTICE**
**Tender Reference – GD/T-BOOT BASIS/2025-26/50 (RE-TENDER)**
The Tender is Invited by THE PANCHMAHAL DISTRICT CO-OPERATIVE MILK PRODUCERS' UNION LTD. for the appointment of agency for **1. 200 KLD Ultrafiltration and Reverse Osmosis system on BOOT Basis AT UJJAIN, MADHYAPRADESH** The interested bidders/agencies may download the tender documents from website **tenders.nprocure.com** from **20/20/2026 to 27/02/2026** . Last date of submission online **05/03/2026** and last date of hard copy submission **07/03/2026.** The Dairy reserves the rights to reject any or all tenders or accept any tender without assigning any reason thereof.
**MANAGING DIRECTOR**
**PDCMPUL-GODHRA**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी जगन्नाथ पिता स्व. अमरा जी जाति बलाई निवासी ग्राम 30 सुरासा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका सर्वे क्रमांक 261/1 रकबा 0.5120 हैक्टेयर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.5120 हैक्टेयर भूमि प.ह.न. 39 स्थित ग्राम सुरासा तहसील घटिटया जिला उज्जैन मप्र में होकर उक्त भूमि का विक्रय टोकन / सौदा चिट्ठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।

यह कि उक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके । अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो ।

इति दिनांक-19-02-2026

**ज्योतिष शर्मा**
**(दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय पता -उन्हेल चौराहा, भैरवगढ़, उज्जैन मप्र**
**मो.नं. 96300-65216**

**संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. भोपाल**

कार्यालय ई-5 पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल-462016
ई-मेल: mptownplan@mp.gov.in दूरभाष: 0755-2427091

क्रमांकः TDR2025114142223496 दिनांक: 03-Feb-2026

**(नियम 2 के उपनियम (एक) का खण्ड (झ) देखिये) उत्पादन क्षेत्र संबंधी अधिसूचना**

मध्यप्रदेश हस्तांतरणीय विकास नियम 2018 के नियम 3 (पांच) शक्तियों का उपयोग करते हुए, Municipal Corporation Ujjain द्वारा Transportation हेतु ली गई सम्पत्ति, जिसके लिए संचालक एतद द्वारा सार्वजनिक जानकारी हेतु Ujjain निवेश क्षेत्र में उत्पादन क्षेत्र को निम्नलिखित अनुसूची में दर्शाए अनुसार प्रस्तावित है:-

**अनुसूची**

निर्दिष्ट योजना/प्रावधान के अंतर्गत परियोजना **"Road Widening work from V.D. Cloth Market to Chhoti Puliya (Part iv From Teliwada chouraha to Tanki chouraha)"**, जिसकी क्रियान्वयन एजेंसी **"Municipal Corporation Ujjain"** है, **'Ujjain'** क्षेत्र में स्थित है तथा यह परियोजना **"Transportation"** हेतु प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्य से संबंधित क्षेत्र/भूमियों का विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया जाता है।

**Detail of Proposed Plot**

| क्रमांक | भूखंड/प्लाट क्र. | क्षेत्र / मोहल्ला | प्रभावित व्यक्तियों का विवरण | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 19/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Gulab Bai W/O Sidhu lal ji | 4 |
| 2 | 20 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shyam Sundar, Suresh, Satish Ji | 13 |
| 3 | 21 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Manoj Kumar S/O Rajendra ji | 10 |
| 4 | 22 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Abdul Hamid S/O Abdul Rehman | 10 |
| 5 | 23 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Prakash chandra Ji Khandelwal S/O Babulal Ji | 8 |
| 6 | 23/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shehzad Begum W/O Masid Ji | 6 |
| 7 | 23/2 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Smt Parveen Khan W/O Wamik Aftab, Sharif Aftab Khan | 5 |
| 8 | 24 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Rajedra Ji S/O shyam Sundar Ji Sugandhi | 16 |
| 9 | 24 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Haji Allah Banda S/O Vald | 14 |
| 10 | 24/2 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Haji Nuruddin | 9 |
| 11 | 25 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Mohd Yunus S/O Haji Yusuf | 3 |
| 12 | 26/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Barkat Bi W/O Haji Yusuf | 2 |
| 13 | 26 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Koshalya bai | 2 |
| 14 | 27 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Rameshwar prasad ji | 7 |
| 15 | 28 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Dr Parvej Khan | 11 |
| 16 | 22 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Abdul Hamid S/O Abdul Rehman | 10 |
| 17 | 21 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Manoj Kumar S/O Rajendra ji | 10 |
| 18 | 19/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Gulab Bai W/O Sidhu lal ji | 4 |
| 19 | 19/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shanti Devi W/O Giriraj | 5 |
| 20 | 19 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Saraswati Devi W/O Om prakash | 3 |
| 21 | 22 | Ramratan Sharma Marg | Shahana W/O Mustaq Ji Ahmad | 4 |
| 22 | 30 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Nafisa Bi W/O Ishtiyak Ahmad Ji | 15 |
| 23 | 30/2 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Sajan Bai W/O Jagdish Kumawat | 3 |
| 24 | 31 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Asad S/O Hussain Ahmad | 4 |
| 25 | 29 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Aman Ullah Khan S/O Rahmat Ullah Ji | 2 |
| 26 | 29 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Gopal Gehlot S/O Bhagwan Gehlot | 2 |
| 27 | 34 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Qazi Sanaur Rehman | 10 |
| 28 | 35 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Raza Usmani S/O Nawab Usmani | 13 |
| 29 | 37 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Mahesh Pandey S/O Ramesh Ji Pandey | 3 |
| 30 | 21 | Udayan Marg Ujjain | Shankar Lal Ji S/O Govardhan Lal Ji Rathore | 99 |
| 31 | 29 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Vandana W/O Antim Jain | 2 |
| 32 | 9 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Gopal Singh Gehlot S/O Bhagwan Singh | 9 |
| 33 | 5 | Ramratan Sharma Marg | Kamar Ahmad S/O Ika Bhai | 4 |
| 34 | 4 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Kishore Kumar Ji Lalwani | 3 |
| 35 | 1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Lal Chand Jain S/O Khamechand Jain | 6 |
| 36 | 30/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Jyoti Omprakash Nahata | 3 |
| 37 | 33 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Pushottam Agarwal ji | 1 |
| 38 | 72/2 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Maksud Ji S/O Wali Mohd | 1 |
| 39 | 46 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Rajendra Babulal Jain | 4 |
| 40 | 45 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shyamdas Mindhar Mal Makidiya | 7 |
| 41 | 44/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Ashish Pita Ch Mohan Neema | 3 |
| 42 | 43 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shanta Bai Mahadeo Sharma | 7 |
| 43 | 40/2 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Chandra prakash Ji Sharma | 8 |
| 44 | 39 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Isha Kumar Upadhyay | 3 |
| 45 | | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Manjula Rana Ashok Ji Rana | 6 |
| 46 | 29/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Kiran S/O Anil Kumar | 3 |
| 47 | 25 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Rafiq Qureshi S/O Abdul Shakoor | 8 |
| 48 | 44/2 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Krishna Ji Girdhari Ji | 3 |
| 49 | Part of 44 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Gauri Shankar S/O Mate Chand | 9 |
| 50 | 6 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Kedar Gehlot S/O Madan Singh | 1 |
| 51 | 6/3 | Ch Shakher Azad Marg | Mala Devi Chhabra W/O Ashok Ji | 5 |
| 52 | 6/4 | Ch Shakher Azad Marg | Shri Shailendra Kumar S/O Kailash Narayan | 6 |
| 53 | 5 | Ch Shakher Azad Marg | Shri Tahir Ratlam Wala S/O Ma. Qurban Hussain | 13 |
| 54 | 30/4 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Batul W/O Mohd Ali | 3 |
| 55 | 8/2 | Chhoti Chowk Naya Bakery Ch Shakher Azad Marg | Shri Johar Ali S/O Ibrahim Ali | 7 |
| 56 | 3/1/A | Ch Shakher Azad Marg | Smt Rashida Akhtarwala W/O Akbar Ali | 7 |
| 57 | 3/2/2 | Ch Shakher Azad Marg | Smt Shagira Akhtarwala W/O Mohd Hussain | 7 |
| 58 | 4/1 | Ch Shakher Azad Marg | Smt Hamida Bano W/O Mohd Farooq | 7 |
| 59 | 3 | Ch Shakher Azad Marg | Shri Ghulam Rasool S/O Abdul Rehman | 7 |
| 60 | 1 | Ch Shakher Azad Marg | Smt Gul Afsha Sheikh W/O Mohd Sarfaraz Sheikh | 17 |
| 61 | 2 | Ch Shakher Azad Marg | Shri Zakiruddin | 8 |
| 62 | 1 | Gopal Mandir Marg | Shri Nasir Ahmad S/O Bashir Ahmad | 11 |
| 63 | 1/6, 1/7, 1/8 | Pani Ki Tanki Chauraha Mirza Naim | Mohd Rashid S/O Haji Bashir | 3 |
| 64 | 4 | Khara Kuan Thane Ke Paas | Shri Mayur Agarwal S/O Gopaldas Agarwal | 11 |
| 65 | 4/5 | Tripathi Laj Ram Ji Ki Gali | Smt Fiza W/O Hakimuddin | 4 |
| 66 | 4/1, 5/3, 4/1, 5/2/2 | Gopal Mandir Marg | Shri Girdharilal S/O Tulsiram Ji | 3 |
| 67 | 4/1, 5/3, 4/1, 5/2/2 | Gopal Mandir Marg | Shri Manoj Kumar S/O Banshilal Baswani | 3 |
| 68 | 4/1, 5/3, 4/1, 5/2/2 | Gopal Mandir Marg | Shri Durgadas S/O Banshilal Baswani | 3 |
| 69 | | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shri Ashish Malviya S/O Shanti Kumar Ji | 16 |
| 70 | 14 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shri Kesrimal Ji S/O Manmal Ji Chaudhary (Dukan) | 5 |
| 71 | 14 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shri Kesrimal Ji S/O Manmal Ji Chaudhary | 3 |
| 72 | 14 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shri Manish Sharma S/O Kailash Chand Sharma | 2 |
| 73 | 14 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shri Manish Sharma S/O Kailash Chand Sharma (Dukan) | 4 |
| 74 | 18 | B.G. Palace Mirza Naim Baig Marg | Shri Dev Kumar Patni Hemlata Ji | 4 |
| 75 | 18 | B.G. Palace Mirza Naim Baig Marg | Shri Harishankar Namdev S/O Ram Rasad Ji | 5 |
| 76 | 18 | B.G. Palace Mirza Naim Baig Marg | Smt Shaina Khan W/O Iqbal | 50 |
| 77 | 18 | B.G. Palace Mirza Naim Baig Marg | Smt Shehnaz W/O Jamil Attar | 12 |
| 78 | 18 | B.G. Palace Mirza Naim Baig Marg | Smt Mehnaz Ahmad W/O Sadiq Ji | 28 |
| 79 | 18 | B.G. Palace Mirza Naim Baig Marg | Shri Sunil Godia Ji | 44 |
| 80 | 18 | B.G. Palace Mirza Naim Baig Marg | Smt Vandana Patidar W/O Shantilal | 4 |
| 81 | 18 | B.G. Palace Mirza Naim Baig Marg | Shri Mukesh Kumar Lalwani S/O Naval Ji | 2 |
| 82 | 18 | B.G. Palace Mirza Naim Baig Marg | Smt Sangeeta W/O Ramesh Ingle | 1 |
| 83 | 13 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Smt Ikrami Begum W/O Mirza Naim Baig | 22 |
| 84 | 12/3 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Smt Nafisa W/O Mohsin Ali (Dawas Wale) | 5 |
| 85 | 12/1, 12/2 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Vivek Jaiswal S/O Kash Chand Ji | 11 |
| 86 | 11 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Allah Banda S/O Haji Nuruddin | 26 |
| 87 | 11/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Qasim Ali S/O Inayat Hussain | 7 |
| 88 | 11/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Iqbal Mansoori S/O Haji Yusuf | 3 |
| 89 | 11/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Haji Gafur S/O Haji Allah | 11 |
| 90 | 10 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Rameshwar prasad S/O Kesrimal | 2 |
| 91 | 9 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Saleem Firdosi S/O Syed Amjad | 9 |
| 92 | 8 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Ittasam Begum W/O Hasnat Qureshi | 13 |
| 93 | 7 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Dr Kamran Sultan S/O Hasnat Qureshi | 14 |
| 94 | 5 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shri Nikhil Nagar Ji | 1 |
| 95 | 3 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Smt Nafisa Warsi | 1 |
| 96 | 2 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Surendra Kumar Sharma S/O Shiv prasad | 13 |
| 97 | 97 | Ramratan Sharma Marg | Qasim Safai S/O Fakhuddin | 8 |
| 98 | 97/1 | Ramratan Sharma Marg | Prabhuram S/O Dolatram | 5 |
| 99 | 6 | Ramratan Sharma Marg | Fazal Rehman S/O ibdullah ji | 2 |
| 100 | 3 | Ramratan Sharma Marg | Smt Meena Mantri W/O Ghanshyam Ji | 0 |
| 101 | 4 | Ramratan Sharma Marg | Smt Chanda Mantri W/O Manmohan Ji | 2 |
| 102 | 5 | Ramratan Sharma Marg | Jannat Bi W/O Mah. Shoaib | 3 |
| 103 | 30 | Ramratan Sharma Marg | Afzal Hussain, Baby Jamda, Sultana Bi, Malka Bi, Mumtaz Bi, Firdos Bi | 7 |
| 104 | 31 | Ramratan Sharma Marg | Firdos S/O Kale Khan | 6 |
| 105 | 29/2 | Ramratan Sharma Marg | Mohd. Iqbal S/O Bhure Khan | 7 |
| 106 | 29/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Mohd. Saleem S/O Bhure Khan | 6 |
| 107 | 29 | Ramratan Sharma Marg | Mohd. Gani S/O Bhuru Khan | 6 |
| 108 | 16 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Haji Nuruddin Ji | 8 |
| 109 | 17/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Radha Devi W/O Hakum Ji | 5 |
| 110 | 26 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Prabha devi w/o late.Radhe shyam vyas | 27 |
| 111 | 25 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shahid Khan s/o Rashid Khan | 3 |
| 112 | 24 | Ramratan Sharma Marg | Sameer Hussain s/o Akbar Hussain | 2 |
| 113 | 23 | Ramratan Sharma Marg | Akhtar Bi, Kallo Bi, Mumtaz Bi, Anno Bi | 4 |
| 114 | 22 | Ramratan Sharma Marg | Shahana W/O Mustaq Ji Ahmad | 4 |
| 115 | 18 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Suresh Chandra S/O Rachorlal Ashok Ji Kabra | 6 |
| 116 | 19 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Saraswati Devi W/O Om prakash | 3 |
| 117 | 19/1 | Mirza Naim Baig Marg Ujjain | Shanti Devi W/O Giriraj | 5 |
| | | | कुल | 960 वर्ग मीटर |

प्रस्तावित उत्पादन क्षेत्र घोषित किए जाने हेतु किए गए प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की समयावधि के लिए आम जनता के निरीक्षण हेतु **https://tdr.mp.gov.in/Web/publicObjection/97/TDR2025114142223496** की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगे।

यदि कोई आपत्ति / सुझाव प्रस्तावित उत्पादन क्षेत्र के संबंध में हो तो, वह **संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. भोपाल** अथवा **संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय Ujjain** को, दैनिक समाचार पत्रों में इस सूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से **15 दिवस** की अवधि का अवसान होने के पूर्व सम्यक विचार हेतु प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

**संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

# मंगलसूत्र झपटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार : एक बदमाश को पति ने दबोचा, पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से पकड़ा दूसरा आरोपी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

गंगासागर कॉलोनी में मंगलसूत्र झपटने की घटना सामने आई। यह वारदात सोनाली पति रितेश शर्मा निवासी एमआईजी 40 गंगासागर कॉलोनी के साथ हुई। महिला रात करीब 8.45 बजे अपने पति के साथ कॉलोनी में पैदल टहल रही थी।

**पीछे से आए बाइक सवार**

शिवजी के मंदिर के सामने टर्न पर पीछे से एक बाइक पर दो युवक आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने महिला के गले में पहने सोने के मंगलसूत्र पर झपटा मारा। झटके से मंगलसूत्र टूट गया और



महिला के कपड़ों पर गिर पड़ा।

**पति ने दिखाई सतर्कता**

महिला के पति थोड़ी दूरी पर आगे चल रहे थे। जैसे ही महिला ने शोर मचाया, पति तुरंत पीछे दौड़े और बाइक सवारों को पकडने की कोशिश की। इस दौरान एक बदमाश को मौके पर ही पकड़ लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

**महिला की रिपोर्ट पर केस दर्ज**

महिला की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पकड़े गए संदिग्ध से पूछताछ की गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। जांच के दौरान पुलिस ने अन्य सबूत जुटाए। उसी आधार पर संदिग्ध के एक अन्य साथी को भी हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों ने मिलकर झपटमारी की घटना करना स्वीकार किया।

**दोनों आरोपी आपस में रिश्तेदार**

पुलिस ने आरोपी शिवम उर्फ शिवनारायण (28) पिता तुलसीराम मीणा निवासी बरबड़ और सिकु उर्फ चिकु पिता लक्ष्मण मीणा निवासी ग्राम रुणिया थाना घंटाली जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान), हाल मुकाम बरबड़ रतलाम को गिरफ्तार किया है। दोनों आपस में रिश्तेदार हैं और मिलकर वारदात को अंजाम दे रहे थे।

**बिना नंबर की बाइक जब्त**

औद्योगिक थाने के सब इंस्पेक्टर ध्यानसिंह सोलंकी ने बताया कि आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की बाइक भी जब्त की गई है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य मामलों में भी उनकी संलिप्तता की जांच कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कुख्यात तस्कर भय्यू लाला की मौत, परिजनों ने पुलिस पर लगाया हत्या का आरोप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

जिले के सुरजनी गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ 5 हजार रू. के इनामी और 19 गंभीर मामलों के आरोपी भय्यू लाला उर्फ वाहिद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना के बाद से क्षेत्र में भारी तनाव का माहौल है। गुरूवार को परिजनों ने मामले को लेकर लदूना चौराहे पर प्रदर्शन किया। प्रशासन द्वारा डॉक्टरो की पैनल से पोस्टमार्टम के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त किया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार भय्यू लाला, जो 10 किलो एमडी ड्रग्स मामले में फरार चल रहा था और जिस पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में करीब 19 आपराधिक मामले दर्ज थे, बीती रात अपने घर में मृत पाया गया। भय्यू लाला उर्फ वाहिद के शव को देर रात पुलिस सीतामऊ हास्पिटल लेकर आई। उसके बाद शव को मंदसौर जिला अस्पताल लाया गया।



लदूना चौराहे पर प्रदर्शन करते मृतक के परिजन।

बताया जा रहा है जब पुलिस टीमें उसकी तलाश में घर पहुंचीं, तो आरोपी संभवतः पुलिस से बचने के लिए घर में रखी एक पेटी में छुप गया था। पेटी में दम घुटने के कारण उसकी मौत हो गई। एडिशनल एसपी हेमलता कुरील ने बताया कि भय्यू लाला पर एनडीपीएस और धारा 307 जैसे 18-19 मामले दर्ज थे। भय्यू लाला के परिजनों की मांग पर डॉक्टरों की पैनल के माध्यम से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

दूसरी और एक विडियो अनुसार मृतक की पत्नी ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस कर्मियों ने घर में घुसकर भय्यू लाला के साथ मारपीट की, जिससे उनकी मृत्यु हुई। पत्नी ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस पिछले कई महीनों से उन्हें धमका रही थी और पैसों की मांग कर रही थी। उसके द्वारा घर से डीवीआर ले जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है और परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजनों की मांग पर प्रशासन ने पोस्टमार्टम मंदसौर में डॉक्टरों के एक पैनल द्वारा कराने का निर्णय लिया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

# प्रदेश सरकार युवा उद्यमियों को आगे बढ़ने का कर रही प्रयास

**जावरा** ।प्रदेश सरकार युवा उद्यमियों को हर संभव आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है ।विगत पांच वर्षों में साढ़े तीन हजार युवा उद्यमियों को 329 करोड़ का अनुदान दिया गया है ।सूक्ष्म व लघु उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर दी । विधायक डॉ पांडेय ने रतलाम जिले में नए उद्योग व निवेश को लेकर विषय उठाया था। जिस पर मंत्री कश्यप ने बताया कि जिले में विगत पांच वर्षों में 3625 युवा उद्यमियों को 329 करोड़ रुपये का विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनुदान प्रदान किया गया ।इसके अलावा जिले के औद्योगिक क्षेत्र में 11 भूखण्डों को आवंटित किया गया है। विधायक डॉ पांडेय के प्रश्न पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि रतलाम शहर के अमृत सागर तालाब के पर्यावरणीय सरंक्षण हेतु विगत पांच वर्षों में 13 करोड़ 65 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की ।जिले की 6 नदियों व एक तालाब के प्रदूषण की जांच की गई ।जिले में 14 स्थानो पर भूमिगत जल स्त्रोत के माध्यम से पेयजल व्यवस्था की जाती है ।जानकारी में बताया कि वायु प्रदूषण की स्थिति में जिले में एक्यू आई स्तर में मध्यम स्थिति बनी हुई है ।विगत 5 वर्षों में बेहतर वायु की स्थिति निरंतर खराब ही हो रही है ।विधायक डॉ पांडेय के नगर बहु उत्पाद औद्योगिक क्षेत्र की प्रगति के प्रश्न पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में सीसी रोड,स्टॉर्म वाटर ड्रेन, सीवर लाइन,ओवरहेड टैंक,सहित विभिन्न कार्य पूर्ण कर लिए गए ।विद्युत कार्य एवं वैकल्पिक पहुँच मार्ग आगामी 6 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य है। यहां 8 निवेशकों का भौतिक प्लाट सर्वे कार्य पूर्ण हो गया।

# बजट में जावरा विधानसभा क्षेत्र को मिली 74 करोड़ की सौगात

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

प्रदेश का बजट समावेशी होकर विकासशील बजट है ।जावरा विधानसभा क्षेत्र को साढ़े 74 करोड़ रु से अधिक की सौगात इस बजट में मिली है ।,जिससे क्षेत्र के नागरिकों में हर्ष का वातावरण है।

विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जावरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यो के प्रस्तावों को शासन स्तर पर कार्यवाही में सम्मिलित किया गया है ।विधानसभा में प्रस्तुत बजट में क्षेत्र को ३ महत्वपूर्ण सड़क मार्गो की स्वीकृति मिली है ।ये सड़क मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होकर लम्बे समय से ग्रामीणजनों की मांग पर कार्यवाही की जा रही थी ।जिसके लिए मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री से विभिन्न स्तर पर आग्रह किया गया था।

डॉ पांडेय ने आगे बताया कि बजट में कुल लगभग 74.55 करोड़ रु की स्वीकृतियां मिली है ।जिसमे राकोदा-माऊखेड़ी-रियावन-कालूखेड़ा मार्ग निर्माण के अलावा ग्राम मावता-रियावन-चिपिया-माऊखेड़ी-धामेडी-राकोदा-बडायला माताजी मार्ग निर्माण की स्वीकृति मिली है ।जावरा -नयागांव फोरलेन हाईवे पर लगातार हो रही दुर्घटना को नियंत्रित करने के लिए ब्लेक स्पॉट चिन्हित किये गए है ।उन स्थानों पर मार्ग संधारण व सुरक्षात्मक उपाय के कार्य को भी बजट में सम्मिलित किया गया है ।मार्ग के ग्राम माननखेड़ा में दीर्घकालिक परिशोधन कार्य की स्वीकृति दी गई है ।इसके साथ विगत वर्षों से चली आ रही प्रमुख मांग मन्दसौर जिले के पटलावद से जावरा तहसील के ग्राम मार्तंडगंज सड़क मार्ग की भी स्वीकृति मिली है। विधानसभा क्षेत्र को मिली सौगात से क्षेत्र में हर्ष है ।विधायक डॉ पांडेय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा व लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# नीमच पुलिस ने प्रश्न पत्र के नाम पर क्यूआर कोड से की जा रही ठगी पर किया सतर्क

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

प्रदेश सहित प्रदेश भर मे लिक प्रश्न पत्र की अपवाह फैलाकर कर कोड के माध्यम से पेपर के नाम पर रूपों की ठगी का मामला जानकारी में आया द्य इस पर पुलिस नीमच जिला पुलिस ने एक एडवाइजरी सूचना जारी की है द्य जिसके अनुसार नीमच जिले में कुछ सुचनाओं के अनुसार वर्तमान में समय में चल रही बोर्ड परीक्षा के प्रश्न-पत्रों के अनाधिकृत प्रसार एवं टेलीग्राम एप पर बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रों संबंधी फर्जी मैसेज प्रसारित हो रहे है। सायबर ठगों द्वारा प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के नाम पर क्युआर कोड एवं लिंक के माध्यम से ठगी की जा रही है। सायबर ठगों द्वारा अनजान लिंक, ,श्ध्द्म स्नद्वद्यद्ग एवं टेलीग्राम / वाट्सएप ग्रुपो के माध्यम से इस प्रकार के फर्जी मैसेज प्रसारित किये जाते है। जिस पर ध्यान न देने व की बात कही हैद्य सोशल मिडिया प्लेटफार्म्स पर प्राप्त होने वाले लीक प्रश्न-पत्रों संबंधी अफवाओं पर विश्वास न करें, बोर्ड परीक्षा के पेपर अत्यंत गोपनीय होते है इस प्रकार की अफवाओं पर ध्यान न दे।

सायबर ठगो द्वारा अक्सर पुराने या फर्जी प्रश्न-पत्रों को पैसे ऐंठने के लिये लीक बताकर प्रसारित किया जाता है। इस तरह के प्रलोभन से बचें एवं शत प्रतिशत वाले दावों के झांसे में न आएँ और न ही किसी को भुगतान करें। किसी भी अजनबी लिंक /.क्क्य फाईल पर क्लिक न करें, ऐसा करने पर आपका मोबाईल हेक एवं डाटा चोरी हो सकता है।

**ओटीपी एवं बैंक डिटेल की जानकारी साझा न करें।**

इस प्रकार के मैसेज प्राप्त होने पर सोशल मिडिया पर फारवर्ड एवं वायरल न करें। अवैध गतिविधियों से बचें लीक प्रश्न-पत्र खरीदना या साझा करना एक गंभीर कानूनी अपराध है इसमें शामिल पाये जाने पर छात्र को परीक्षा से प्रतिबंधित किया जा सकता है एवं कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। यदि आपको किसी व्यक्ति या समूह के पास संदिग्ध सामग्री या प्रश्न-पत्र होने संबंधी कोई सूचना प्राप्त होती है तो तुरंत नजदिकी थानें या पुलिस कन्ट्रोल रूप (07423-228000, 7049101042) से सम्पर्क करें।

# 25 को गरोठ में लगेगा युवा संगम रोजगार मेला

**मंदसौर।** जिला प्रशासन मंदसौर के तत्वावधान में 25 फरवरी, बुधवार को गरोठ स्थित शासकीय एसएन उदिया महाविद्यालय परिसर में प्रातः 10 से दोप. 2 बजे तक रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के साथ-साथ रोजगार एवं तकनीकी शिक्षा कौशल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस मेले में निजी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे यूएनओ मिन्डा लिमिटेड, मारुति सुजुकी, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिकल्स, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा और एचडीएफसी फाइनेंस सहित अन्य संस्थाएं साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहेंगी।

मेले में मशीन ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सेल्स एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, सुरक्षा गार्ड, इंश्योरेंस एडवाइजर और डाटा एंट्री ऑपरेटर जैसे विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए चयनित उम्मीदवारों को 8 से 23 हजार रुपये तक का वेतन दिया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता के तौर पर 8वीं, 10वीं, 12वीं पास से लेकर आईटीआई, स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमाधारी युवा इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

इच्छुक आवेदकों को अपने साथ समग्र आईडी, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा, रोजगार पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड और शैक्षणिक अंकसूचियों की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में सरकारी स्वरोजगार एवं ऋण योजनाओं की जानकारी हेतु विशेष स्टॉल भी लगाए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक मोबाइल नंबर 8269439970 पर संपर्क कर सकते हैं।

# हुसैन टेकरी पर होली पर्व की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

हुसैन टेकरी शरीफ पर २ मार्च से 4 मार्च तक मनाए जाने वाले होली पर्व की व्यवस्थाओं को लेकर अनुविभागीय अधिकारी सुनील जशवाल सीएसपी युवराज सिंह चौहान तहसीलदार पारस वेश्य ने हुसैन टेकरी कार्यपालन अधिकारी अब्दुल हकीम( एडवोकेट) व कर्मचारियों के साथ लोकनिर्माण विभाग, नगर पालिका, पी एच ई विभाग, विधुत विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए।

जिसमे विधुत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 2 से 4 मार्च तक विधुत व्यवस्था निरन्तर जारी रखे कटौती न हो ऐसी व्यवस्था बनाये। पी एच ई विभाग स्वच्छ जल



प्रदाय की उचित व्यवस्था करे। नगर पालिका अधिकारी साफ सफाई निरन्तर बनाये रखने की व्यवस्था करे। पी डब्लयू डी विभाग को हुसैन टेकरी के मुख्य मार्ग को दुरुस्त करने को कहा गया । जायरीनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हुसैन टेकरी पर अस्थाई डिस्पेंसरी की व्यवस्था करे।

इस अवसर पर हुसैन टेकरी कार्यपालन अधिकारी अब्दुल हाकिम से हुसैन टेकरी पर होली पर्व मनाए जाने की जानकारी दी कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि होली पर दो दिनी विशेष लोभानं होता है। जिसमे करीब 20 से 25 हजार श्रद्धालुओ का मजमा लगता है ।साथ ही ऐसी मान्यता है इस लोभानं से असाध्य रोगी व ऊपरी हवा से पीड़ित लोगों को लाभ होता है ।इस बार लोभानं 2 मार्च से 4 मार्च को सुबह 9 बजे दोपहर 3 बजे चूल वाले खेत बेरिकेटिंग में होगा। 3 मार्च को विशेष लोभानं रात्रि 11 बजे बेरिकेट में होगा।

इस अवसर पर अपने चूल वाले खेत मे लोभानं व्यवस्था के लिए बन रहे बेरिकेटिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा सभी विभागों के अधिकारियों एव हुसैन टेकरी कर्मचारियों को निर्देशित किया की हुसैन टेकरी पर होली की व्यवस्था निरन्तर बनाये रखे। यहा आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधाओं का सामना न करना पड़े। इस मोके पर नगर पालिका के सहायक इंजीनियर लोकेश विजय , अभय कांठेड़ ,हुसेन टेकरी कार्यपालन अधिकार के अलावा हुसेन टेकरी कर्मचारी बेरिकेट इंचार्ज सय्यद वसीम अली, स्वास्थ्य अधिकारी मंटू उर्फ नासिर अली ,वाटर सप्लायर वजाहत अली, लाइट इंचार्ज ताज मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज-कॉलम

### पेंशनर महासंघ की मासिक बैठक 21 को

**मंदसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ, नगर इकाई मंदसौर की मासिक मिलन बैठक कल 21 फरवरी, शनिवार को दोपहर 1.30 बजे स्थानीय डे केयर सेंटर पर आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से वर्ष 2025 की सदस्यता राशि की समीक्षा और वर्ष 2026 की सदस्यता प्रगति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर स्मृति नागरिक बैंक के प्रबंधक विशेष रूप से उपस्थित रहकर वरिष्ठ नागरिकों के साथ विभिन्न वित्तीय एवं जनहितकारी विषयों पर सीधा संवाद करेंगे। पेंशनर महासंघ के जिलाध्यक्ष अशोक रामावत, जिला सचिव चन्द्रकांत शर्मा और नगर अध्यक्ष आनंदीलाल पंड्या सहित अन्य पदाधिकारियों ने नगर की सभी मोहल्ला इकाइयों के अध्यक्षों, सचिवों और सदस्यों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### 300 क्वार्टर देशी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** पुलिस ने देहरी गेट, हरिजन बस्ती मंदसौर पर चार खाखी रंग की पेटी से 180 क्वार्टर देशी प्लेन शराब व विमल गुटका के थैले से 120 क्वार्टर देशी मशाला शराब पकड़ी। इस प्रकरण में युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट व धारा 132, 121 बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम मंदसौर कोतवाली पुलिस ने यह कार्यवाही की। इस प्रकरण में आरोपी भारत पिता विनोद निवासी देहली गेट हरिजन बस्ती के विरूद्ध उक्त धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

### हाईवे रोड पर सड़क हादसे में दम्पत्ति घायल

**मंदसौर।** पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के महू-नीमच हाईवे रोड़ थड़ोद फंटा पिपलियामंडी पर एक सड़क दुर्घटना में दम्पत्ति घायल हो गई। पुलिस ने इस प्रकरण में वाहन नं. एमपी 14 जेडए 3792 के अज्ञात चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा 15 फरवरी की शाम का है। आरोपी वाहन के अज्ञात चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर फरियादी प्रकाश (50) पिता मांगीलाल निवासी थड़ज़ेद की बाईक को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार फरियादी और उसकी पत्नी घायल हो गये।

### नीमच जिला मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस बैठक संपन्न

**नीमच।** हर पंचायत तक पहुंच, हर युवा की आवाज बुलंद के लक्ष को लेकर युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद पटेल ने अपने प्रभार क्षेत्र जिला नीमच की जावद विधानसभा अंतर्गत रतनगढ़ ब्लॉक युवा कांग्रेस की बैठक में सहभागिता की। बैठक में जिला अध्यक्ष मन्नू बन्ना, जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अर्जुन गुर्जर, विधानसभा उपाध्यक्ष कमल छपरीबंद, रतनगढ़ ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश जी शर्मा, नानालाल जी, अर्जुन धाकड़ जी, निर्मल पाटीदार जी सहित अन्य युवा कांग्रेस साथी उपस्थित रहे। इस दौरान गांव देहपुर एवं लुहारिया में चलो पंचायत कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं पर संवाद किया गया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
साकेत नगर झोन क्रमांक-10

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- आशीष मंगरुलकर पिता विट्ठलराव मंगरुलकर, अर्चना मंगरुलकर पति आशीष मंगरुलकर क्रेता- जितेन्द्र जैन पिता अनिल जैन पता- 23 एफएम स्कीम नं. 94 रिंगरोड इन्दौर पिन- 1001079150 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 (साकेत नगर) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी साकेत झोन क्रमांक-10 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777



### राघव जैन ने गुलमर्ग में रचा इतिहास, बने ऑल इंडिया स्नो स्कीइंग टॉपर

**मन्दसौर।** जिले के 19 वर्षीय युवा पर्वतारोही राघव जैन ने जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आयोजित एडवांस स्नो स्कीइंग कोर्स में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। भारतीय स्कीइंग और पर्वतारोहण संस्थान द्वारा 31 जनवरी से 13 फरवरी 6 तक आयोजित इस कठिन प्रशिक्षण में राघव ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए च्य् ग्रेडज् हासिल किया। देश भर के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों के बीच हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा में उन्होंने तीन अलग-अलग प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाकर ओवरऑल टॉपर का खिताब अपने नाम किया। जिला माउंटेनियरिंग संगठन के सदस्य राघव वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में इतिहास के छात्र हैं। इससे पूर्व भी वे नारकंडा (शिमला) में बेसिक और इंटरमीडिएट कोर्स श्ए ग्रेडश के साथ पूर्ण कर चुके हैं। राघव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कलेक्टर अदिति गर्ग, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, डॉ. क्षितिज पुरोहित और संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### तीन जिलों का संयुक्त कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग मंदसौर में आयोजित होगा

**भारतीय शिक्षण मंडल की बैठक में लिया निर्णय**

**मन्दसौर।** भारतीय शिक्षण मंडल जिला मंदसौर की संगठनात्मक बैठक में आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें मंदसौर, रतलाम और नीमच जिले का संयुक्त कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग मंदसौर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से श्री विक्रम सिंह सिसोदिया को मंडल का नया जिला संयोजक मनोनीत किया गया, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प दोहराया। संगठन ने आगामी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और ब्लॉक स्तर पर 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया है। बैठक में मालवा प्रांत के उपाध्यक्ष डॉ. क्षितिज पुरोहित और शिक्षक शिक्षा कार्य के संयोजक श्यामसुंदर देशमुख सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने नवीन सदस्यता लक्ष्य और अन्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

### आगामी त्योहारों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रहेगा प्रतिबंध

**जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई**



**मन्दसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग और एसपी विनोद कुमार मीना की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में आगामी पर्वों को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगामी त्योहारों के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों और डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने सामूहिक निर्णय लिया कि होली गेर के दौरान डीजे का प्रयोग नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरें न फैलाएं और शांतिपूर्ण तरीके से उत्सव मनाएं। इसके साथ ही नगर पालिका, विद्युत विभाग और स्वास्थ्य विभाग को सफाई, बिजली और एम्बुलेंस सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्थान पर अवैध रूप से डीजे बजने की शिकायत के लिए पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर जारी किए गए हैं।

### मंडी उपज बेचकर लौट रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से चालक की मौत

**नीमच।** जिले के सरवानिया महाराज पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम आकली पुलिया पर बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली चौकानखेड़ा निवासी, जो मंडी में कृषि उपज बेचकर मेलानखेड़ा की ओर लौट रहा था। रास्ते में अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली कलाच जानिया हादसे में चालक मनोहर भील, निवासी चौकानखेड़ा, की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल पहुंची और स्थिति को संभाला। चौकी प्रभारी निलेश सोलंकी के अनुसार प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने से दुर्घटना होना प्रतीत हो रहा है। जेसीबी मशीन की सहायता से ट्रैक्टर-ट्रॉली को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मर्ग कायम कर लिया है तथा मामले की जांच जारी है।

### संगीत स्वस्थ जीवन की मधुर सरगम और मानसिक शांति का आधार

**मन्दसौर।** राजीव गांधी शा. स्ना. महाविद्यालय और संगीत महाविद्यालय के बीच हुए एमओयू के अंतर्गत इतिहास विभाग द्वारा भारतीय संगीत का इतिहास विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता लता मंगेशकर शा. महाविद्यालय की व्याख्याता डॉ. अल्पना गांधी ने कहा कि आज के तनावपूर्ण और व्यस्त जीवन में संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने का एक सशक्त माध्यम है। संगीत मन को सुकून, शांति और नई ऊर्जा प्रदान कर जीवन में सकारात्मकता का संचार करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रो. उषा अग्रवाल ने कहा कि संगीत स्वस्थ जीवन की मधुर सरगम है और हमें इसे अपने जीवन में स्थान देना चाहिए ताकि हमारा तन और मन दोनों प्रसन्न रह सकें। अतिथि स्वागत शबनम खान द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। संचालन डॉ. शिवकुमार पाण्डेय ने किया तथा आभार प्रदर्शन ब्रजेंद्र सिंह कुशवाहा ने किया। इस दौरान डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. नितिन कारपेंटर, वर्षा सिंह राजपूत, के.के. टुटेजा, दिनेश पंवार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और प्राध्यापक उपस्थित रहे।



सरेड़ी के सरकारी स्कूल में टीचर की लापरवाही

## बच्चों के भविष्य से खिलवाड़, शिक्षा व्यवस्था पर उठने लगे सवाल

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला मुख्यालय से महज 5 किमी दूर ग्राम सरेड़ी का सरकारी स्कूल समय पर नहीं खुलने के कारण एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया, स्कूल खुलने के निर्धारित समय तक ताला लगा रहने से बच्चे इंतजार करने को मजबूर है प्राथमिक एवं माध्यमिक दोनों स्कूलों में करीब 10 शिक्षक पदस्थ है फिर भी लापरवाही का यह आलम बरकरार है, परीक्षा के इस दौर में नन्हे बच्चो के द्वारा पढ़ाई छोड़कर स्कूल का ताला खोलना और सफाई करना उनकी मजबूरी बन गई, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने से शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे है, सरपंच प्रतिनिधि ने स्कूल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए है उन्होंने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है अधिकारियों के आदेश बेअसर दिखाई दे रहे ई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर भी शिक्षक लापरवाह है, बे रोकटोक मनमर्जी से शिक्षक स्कूल पहुंचते हैं, समय का पालन और निगरानी पर भी सवाल उठ रहे अब सवाल ये भी उठता हैं कि जब आदेश और सिस्टम दोनों नाकाम हों और जिम्मेदार मौन, तब बच्चों का भविष्य कौन संवारेगा।

## भारतीय जैन संगठन की नगर इकाई घोषित मीना चौधरी बनीं अध्यक्ष





**शुजालपुर।** भारतीय जैन संगठन की नगर इकाई का गठन करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष साशा जैन एवं जिला अध्यक्ष ग्रीष्मा शाह की अनुशंसा पर समाजसेवी मीना चौधरी को नगर इकाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार सचिव पद पर बबीता चोपड़ा, सहसचिव हर्षिता जैन, कोषाध्यक्ष रूपल शाह तथा सहकोषाध्यक्ष सलोनी नरेलिया को मनोनीत किया गया है। संस्था के संरक्षक मंडल में प्रभा जैन, पुष्पा शाह, पुष्पा चौधरी एवं तेजकिरण जैन को चयनित किया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आरती मारवाड़ी, मेघा जैन, सीमा जैन, सोनाली जैन, हेमा सुराणा, निशा सुराणा, स्मिता शाह, संगीता गुगलिया, अंकिता चोपड़ा, मोना चौधरी, दीप्ति चोपड़ा एवं नीता सिरमौर सहित अन्य सदस्य शामिल किए गए हैं। नवगठित टीम ने समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने और संगठन की गतिविधियों को विस्तार देने का संकल्प व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने कहा कि नगर इकाई के माध्यम से सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा।

## नारायणा धाम में एनएसएस विशेष शिविर



**महिदपुर ।** शासकीय महाविद्यालय महिदपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का विशेष शिविर नारायणा धाम में लगा है। इसी तारतम्य में कैम्प के प्रभारी रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. घनश्याम सिंह दिनांक 18-02-2026 को स्वयंसेवकों करीना चैधरी, चंचल चैहान, नवाजिश, अहीरवार, अरुण इत्यादि के साथ महाविद्यालय के इतिहास विषय के प्राध्यापक डॉ. अनिल पड़ियार के साथ शा. उ. मा. विद्यालय नारायणा धाम परिसर में श्रमदान हेतु आए। स्वयंसेवकों द्वारा पौधरोपण हेतु गड्ढे खोदे गए एवं विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर की सफाई की गई। इस अवसर पर शा उ मा वि नारायणा के समस्त शिक्षक भी उपस्थित थे। उक्त जानकारी सत्यनारायण शर्मा द्वारा दी गई।

## साध्वी मीरा दीदी के मुख से प्रवाहित हो रही है श्री राम कथा की पावन गंगा



**महिदपुर।** महिदपुर तहसील के नारायणा धाम से पश्चिम दिशा में 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित श्री स्वर्णगिरी पर्वत मुखारविंद ग्राम चरणमया चिरमिया में अयोध्यावासी साध्वी सुश्री मीरा दीदी द्वारा राम कथा कही जा रही है। आज कथा में भगवान श्री राम के वन गमन से लेकर केवट द्वारा भगवान श्री राम के चरण पखारने का मार्मिक प्रसंग सुनाया। साध्वी दीदी ने कहा कि भाव में ही भगवान है भक्त का जहां भाव होता है वहां भगवान को आना ही पड़ता है। भगवान श्री राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण एवं पत्नी लक्ष्मी स्वरूपा सीता सहित गंगा के तट पर केवट की नैय्या में बैठने के लिए स्वयं चलकर आते हैं जो जगत को पार लगाने वाले हैं वह केवट को गंगा पार लगाने के लिए अनुरोध करते हैं। करुणा निधान भगवान अपने भक्तों का सदैव मान बढ़ाते हैं। संगीतमय श्री राम कथा में रामायण की चैपाइयों के साथ कथा सुन श्रोता मंत्र मुक्त होकर भाव विभोर हो जाते हैं। 11 फरवरी से दोपहर 12 से 3:00 बजे तक रामकथा का आयोजन हो रहा है जो 19 फरवरी तक चलेगा। कथा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु सम्मिलित हो रहे है। स्वर्णगिरी पर्वत तीर्थ क्षेत्र समिति ने अधिक से अधिक भक्तों से कथा में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

वाहनों के धुएं से हवा में घुल रहा प्रदूषण

# प्रशासन को कराना होगी शहर की सड़कों पर धुंआ छोडने वाले वाहनों पर कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

शहर की हवा में अब प्रदूषण बढता रहा है। सडकों पर जहरीली हवा से लडना जनता के लिए चुनौती बनती ही जा रही है। प्रशासन को इस समस्या को गंभीरता से लेना होगा तब कही जाकर प्रदूषण पर लगाम लग सकता था। खटारा सवारी वाहनों का धुआं हवा में घुलकर जानलेवा साबित हो रहा है। हैरत की बात यह है कि वाहनों से निकलने वाले प्रदूषण का ग्राफ कितना है और किन क्षेत्र में स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। इसका आंकड़ा न तो प्रदूषण विभाग और न ही यातायात पुलिस के पास है। इन दोनों विभागों का कहना है कि प्रदूषण जांच का काम आरटीओ के जरिये प्राइवेट कंपनी करती है।



### प्रदूषण विभाग में धुएं के कणों को मापने के लिए व्यवस्था नहीं

स्थानीय प्रशासनिक अमले के पास में वाहनों के धुएं से निकलने वाले सस्पेंडेड पार्टिकल को मापने की व्यवस्था नहीं है। जानकार बताते हैं कि यहां जब तक कोई अभियान नहीं चलता, तब तक कोई जांच कराने आता नहीं। जब दूसरे राज्यों में गाड़ी ले जाना होता है, तभी जांच कराने पहुंचते हैं। इस वजह से यह सिर्फ सफेद हाथी बना हुआ है।

### कार्रवाई जरुरी

परिवहन विभाग अगर चाहे तो प्रभावी कार्रवाई कर प्रदूषण फैलाने से रोक सकता है। इसके लिए जीरो टॉलरेंस अपनाने की जरूरत है लेकिन परिवहन विभाग आंकड़ों और संसाधनों की दुहाई देकर पल्ला ही झाडता है। इधर कुछ दिनों से सक्रियता बढ़ी है। अब दावे किए जा रहे हैं कि बड़ा परिवर्तन लाएंगे। स्थानीय प्रशासन के पास तो प्रदूषण जांचने का यंत्र तक नहीं है। यह कार्रवाई तभी करते हैं जब परिवहन विभाग साथ कार्रवाई कराए। अकेले ट्रैफिक पुलिस पॉल्यूशन में कोई चालान की कार्रवाई नहीं करती है।

**बोले जिम्मेदार**

सारंगपुर क्षेत्र में पुराने खटारा और धुंआ छोडने वाले वाहनों पर कार्रवाई के लिए हमारे द्वारा संबंधित विभागाधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देशित किया जाएगा। ताकि प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

**रोहित बम्हौरे, एसडीएम**

### ऐसे पड़ता है हम पर असर

डा.मनीष चौहान ने बताया कि प्रदूषण के शरीर पर प्रभाव पड़ता है। धूल कणों से फेफडे फैलने और सिकुड़ने की प्रक्रिया पर असर पड़ता है। सांस का रोग बढ़ता है। कार्बन त्वचा पर आने से वह उसे एब्जॉर्ब करती है, इससे त्वचा का डी-कलराइजेशन होता है। एलर्जी की शिकायत भी होती है। एलर्जी, बार-बार छींक आना और जुकाम की शिकायत। साथ ही इरिटेशन भी होता है। थ्रोट इंफेक्शन का खतरा रहता है, गले में कफ बनता है। अचानक खांसी आती है। चिड़चिड़ापन होना और चेहरे सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर अचानक खुजली होना।

# भाषा के फेर में महिला को समझा बच्चा चोर

### भीड़ ने पूछताछ के बाद पुलिस को सौपा, पुलिस ने वृद्धाश्रम भेजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शहर के कमलिया फाटक के समीप जगन्नाथपुरी कॉलोनी में मंगलवार की शाम को बुरखा पहने एक महिला को बच्चा चोर समझकर भीड़ ने पुलिस के हवाले कर दिया। संभवता यह स्थिति मौजूद लोगों द्वारा उक्त महिला की भाषा नहीं समझ पाने के चलते निर्मित हुई। पुलिस ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद इस महिला को जटाशंकर रोड स्थित वृद्धाश्रम में भेज दिया। पुलिस के अनुसार उक्त महिला को लेकर कोई भी शिकायत नहीं मिली। साथ ही महिला के पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं है। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम को कमलिया फाटक के समीप एक महिला को बुरखा पहने घुमते हुए देखा गया, जिससे आसपास के रहवासियों ने पूछताछ की तो वह सही जानकारी नहीं दे पा रही थी, साथ ही उसकी भाषा भी समझ नहीं आ रही थी। इस दरमियान मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई और बच्चा चोर जैसी चर्चाएं होने लगी। मौजूद भीड़ ने महिला के पास मौजूद झोले की तलाशी भी ली, कुछ देर पूछताछ करने के बाद इस महिला को पुलिस हेल्पलाईन के माध्यम से थाने पर पहुंचाया गया। थाना प्रभारी शिवकुमार यादव ने बताया कि महिला की जो भाषा है वह दक्षिण भारत प्रांत की प्रतित हो रही है, साथ ही वह मानसिक रूप से भी ठीक नहीं लग रही। वह अपना नाम मनीषा और मनोसा की तरह बता रही है, इस महिला के संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली और बच्चा चोरी की कोई घटना भी नहीं हुई है। इस महिला को अस्थाई रूप से वृद्धाश्रम भेजा गया है और उसके संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे की स्थिति स्पष्ट हो सके।

## सरकारी स्कूल में मासूमों से साफ करवाया शौचालय

**शाजापुर।** जिले के पिपलिया गोपाल स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय से शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां एक शिक्षक द्वारा मासूम बच्चों से स्कूल के शौचालय और बाथरूम साफ कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। मामले के तूल पकड़ने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जांच के आदेश दे दिए हैं। वायरल वीडियो में स्कूल के शिक्षक फजल एक मासूम बच्चे से शौचालय की सफाई करवाते हुए नजर आ रहे हैं।

## सीसीटीएनएस रैंकिंग ग्रुप-ए में जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**राजगढ़ ब्यावरा।** क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टमस के अंतर्गत ग्रुप-ए श्रेणी के जिलों की माह जनवरी 2026 की रैंकिंग जारी की गई। इस रैंकिंग में जिला राजगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। जिला राजगढ़ को इस रैंकिंग में डेटा क्वालिटी स्कोर में 80 में से 73 अंक, डेटा क्वांटिटी स्कोर में 80 में से 80 अंक इस प्रकार कुल स्कोर 160 में से 153 अंक जो कि ग्रुपझए के समस्त जिलों में सर्वाधिक है। उक्त सूची में ग्वालियर द्वितीय स्थान पर तथा रतलाम तृतीय स्थान पर रहा। इसके पश्चात शिवपुरी एवं मंदसौर ने संयुक्त रूप से उच्च स्थान प्राप्त किया। यह उल्लेखनीय उपलब्धि पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के प्रभावी मार्गदर्शन में जिले की समस्त पुलिस इकाइयों द्वारा सीसीटीएनएस पोर्टल पर किए गए गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं तकनीकी रूप से सटीक कार्य का परिणाम है।

# एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना



जन पंचायत तराना में जन साहस संस्था द्वारा संचालित महिला भूमि एवं संपत्ति अधिकार कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओ के भूमि अधिकारों और भूमि अधिकारों तक उनकी पहुँच पर परिपेक्ष का निर्माण करने के उद्देश्य के लिए सामुदायिक स्वयं सेवको की एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमे तराना, माकड़ौन और घट्टिया तहसील के 100 से अधिक महिला सामुदायिक स्वंय सेवको द्वारा भागीदारी की गयी.कार्यक्रम के दोरान एडवोकेट रजनीश मालवीय द्वारा गाँव से आयी महिला किसानो को हिन्दू उत्तराधिकार संशोधन अधिनियम 2005 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी तथा मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 के तहत भूमि का नामांतरण , सीमांकन , बटवारा ,रिकॉर्ड अपडेट , रास्ता विवाद , नक्शा बटांकन आदि में आने वाली समस्याओ को लेकर बातचीत की गयी और समस्याओ को हल करने के सुझाव दिए गए।कार्यक्रम की शुरूवात परिचय द्वारा की गयी जिसमे जन साहस टीम से रेखा डाबी द्वारा टीम और जन साहस संस्था का परिचय दिया गया. रवि कुमार द्वारा किसानो के सम्बन्ध में कविता व प्रेरणा गीत किया गया तथा महिला भूमि एवं संपत्ति अधिकार कार्यक्रम का परिचय और कार्यक्रम के अंतर्गत की जाने वाली एक्टिविटी पर विस्तार से जानकारी दी गयी। टीम से भावना धुजावरा, अनीता चौहान व चांदनी डाबी द्वारा महिला किसानों को कृषी से जुडी सरकारी योजनाओ तथा सामाजिक जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी गयी. तथा भूमि से जुड़े दस्तावेज जैसे बी -1 ,खसरा , नकल , नक्शा , नामांतरण पंजी, रजिस्ट्री व पावती जैसे दस्तवेजो के बारे में बताया गया। इस मोके पर महिला भूमि एवं संपत्ति अधिकार कार्यक्रम की पूरी टीम उपस्थित रही व सभी का आभार संस्था से रीना परमार द्वारा व्यक्त किया गया।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विवि द्वारा त्रिमूर्ति शिव जयंती पर शिव ध्वज लहरायां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



ब्यावरा शहर के अपना नगर सेवा केंद्र पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी द्वारा 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई और शिव ध्वज लहराया तथा दीप प्रज्वलित कर प्रतिज्ञा करवाई शिव बाबा के आशीर्वचन सुनाए। परमात्मा शिव देवों के भी देव महादेव ब्रह्मा, विष्णु और शंकर के भी रचयिता हैं जिन्हें हम त्रिमूर्ति, तीनों लोकों के मालिक त्रिलोकिनाथ, तीनों कालों को जानने वाले त्रिकालदर्शी कहते हैं। विश्व की सभी आत्माओं चाहे वो देव-आत्मा हो महान आत्मा हो पुण्य - आत्मा हो धर्मात्मा हो परमपिता परमात्मा शिव है वह अजन्मा है अभोक्ता है। उनका रूप निराकार ज्योर्तिबिंदु है वो परमधाम निवासी है शिव का अर्थ कल्याणकारी है परमात्मा निराकार है इसका अर्थ यह नहीं कि उसका कोई आकार नहीं है बल्कि उसका कोई शरीर नहीं है आकार का अर्थ स्थूल आंखों से न दिखने वाला सूक्ष्म ज्योर्तिबिंदु स्वरूप है ?परमात्मा का निवास स्थान परमधाम है. देवताओं के सूक्ष्म लोक से भी ऊपर एक असीमित रूप से फैला हुआ तेज सुनहरे लाल रंग का प्रकाश है जिसको अखंड ज्योति महत्त्व अथवा ब्रह्म तत्व कहते हैं। यह तत्व पांच प्राकृतिक तत्वों से अति सूक्ष्म है। इसका भी साक्षात्कार दिव्य चक्षु द्वारा ही हो सकता है। इस स्थान को ब्रह्मलोक, परमधाम, मुक्तिधाम, शांतिधाम, निर्वाणधाम, मोक्षधाम अथवा शिवपुरी कहा जाता है। इस लोक में न संकल्प है न कर्म है। हम अपना हाथ अथवा मुख ऊपर की ओर ही उठाते हैं क्योंकि जाने अनजाने यह स्मृति परमपिता परमात्मा की है जो ऊपर परमधाम में निवास करते हैं। सभी धर्मों में सर्वशक्तिमान परमात्मा के बारे में एक बात सर्वमान्य है कि परमात्मा ज्योर्तिबिंदु स्वरूप है। शिवलिंग का कोई शारीरिक रूप नहीं है क्योंकि यह परमात्मा का ही स्मरण चिन्ह है। शिव का शाब्दिक अर्थ है 'कल्याणकारी'और लिंग का अर्थ है प्रतिमा अथवा चिह्न या लक्षण। अतः शिवलिंग का अर्थ हुआ कल्याणकारी परमपिता परमात्मा की प्रतिमा। प्राचीनकाल में शिवलिंग हीरों के बनाए जाते थे क्योंकि परमात्मा का रूप ज्योर्तिबिंदु है। विभिन्न धर्मों में भी परमात्मा को इसी आकार में मान्यता दी गई है। अन्य पवित्र अवसरों पर ज्योति स्वरूप परमप्रिय परमात्मा की स्मृति में अपने घरों अथवा धार्मिक स्थानों, मंदिरों और गुरुद्वारों आदि में दीपक अथवा ज्योति को अवश्य जलाते हैं। भारत में विश्व के 12 प्रसिद्ध मठों को भी ज्योर्तिलिंग मठ कहा जाता है । आज चारों तरफ एक ही लहर है कि कोई हमारे मन को तसल्ली दे, हमें प्यार करें हमारी भावनाओं को समझे। हमारे दिल को चैन व आराम देने के लिए दिलाराम परमात्मा शिव अब इस धरा पर अवतरित हो चुके हैं और हम सभी इसका पूरा-पूरा सुख ले रहे हैं। मैं चाहती हूं कि सभी उस दिलाराम परमात्मा का सुख लें, अब वह सुनहरी घड़ियां हम सबकी नजरों के सामने होगी क्योंकि परमात्मा शिव के आगमन से नई दुनिया का आगमन निश्चित है । भारत देश पुनः देवभूमि व धन-धान्य से संपन्न बनेगा जहां सुख, शांति व संपत्ति के अखुट भंडार होंगे। एक धर्म, एक राज्य, एक भाषा होगी। ऐसी स्वर्णिम दुनिया का शुभ संदेश जन-जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। परमात्मा शिव के हम बच्चों के प्रति यही शुभ आशाएं हैं कि हे बच्चों आपको जो कुछ मिला है वो जन-जन में बांटो और उसे बढ़ाते जाओ। हमने तो पहचाना और लोग भी इसे पहचानें ऐसा न हो कि कोई वंचित रह न जाए कोई उलाहना न दे, कोई यह न कहने लग जाए कि भगवान आया और आपने बताया नहीं तो इस महाशिवरात्रि के अवसर पर चारों तरफ शिव संदेश फैलाओ ताकि पूरे विश्व के कोने-कोने से एक ही आवाज आए कि हमारा परमात्मा शिव इस धरा मंच पर आ चुका है।



## स्कूली बच्चों का विदाई समारोह संपन्न बच्चों को स्मृति चिन्ह

**महिदपुर रोड।** नगर के नागदा मार्ग पर स्थित टिनिट्री स्कूल की कक्षा पांचवी तथा आठवीं में अध्ययन रत स्कू ली बच्चों का विदाई समारोह बुधवार को विद्यालय कैंपस में आयोजित किया गया इस दौरान विद्यालय संचालक आशुतोष यादव तथा शिक्षकीय स्टाफ ने स्कूली बच्चों को परीक्षा में शानदार सफलता के लिये आवश्यक टिप्स प्रदान किये कक्षा पांचवी तथा आठवीं के स्कूली बच्चों ने अपनी और से विद्यालय को संयुक्त रूप से एक स्मृति चिन्ह भेंट किया विद्यालय संचालक आशुतोष यादव ने बताया कक्षा आठवीं तथा पांचवी के स्कूली बच्चे नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा देने उपस्थित होंगे।

## गिरधारीलाल देवतवाल बने अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष

### 350 में से 284 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग




**शाजापुर।** अभिभाषक संघ के चुनाव संपन्न हुए। जहां उपाध्यक्ष पद के लिए 350 में से 284 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद परिणाम की घोषणा की गई, जिसमें उपाध्यक्ष पद पर गिरधारीलाल देवतवाल को विजय घोषित किया गया और सभी ने उन्हें बधाई देते हुए स्वागत किया। अभिभाषक संघ के चुनाव की प्रक्रिया पिछले एक सप्ताह से चल रही थी। पहले प्रत्याशियों ने आवेदन जमा किए। इसके बाद नाम वापसी की प्रक्रिया हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए मैदान में करणसिंह गुर्जर, सचिव पद पर शैलेंद्र वर्मा, सह सचिव पद पर विकास सक्सेना, लाइब्रेरियन सचिव के पद पर तेजकरन मेवाड़ा व कोषाध्यक्ष पद पर नरेंद्र जायसवाल को कोई प्रतिद्वंदी न होने पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया था। लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी गिरधारीलाल देवतवाल, मदनसिंह चौहान व शिव कलेशरिया के मैदान में होने से 17 को मतदान कराया गया। जहां 350 मतदाताओं में से 284 अभिभाषकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें गिरधारीलाल देवतवाल को 188 तथा मदनसिंह चौहान को 53 वोट मिले। वहीं शिव कलेशरिया को 39 मतों से संतोष करना पड़ा। डाले गए मतों में से 3 मत निरस्त हुए तथा नोटा में भी एक वोट डाला गया। इस तरह गिरधारीलाल देवतवाल 92 मतों से विजयी घोषित हुए जिन्हें सभी ने शुभकामनाएं देते हुए उनका स्वागत किया।

## पीएम श्री एमएस ग्रुप शाला स्कूल में वार्षिक उत्सव का समापन



**सारंगपुर।** पीएम श्री एमएस ग्रुप शाला सरकारी स्कूल में मंगलवार को वार्षिक उत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ सुरेश विरमाल रहे। मुख्य अतिथि विरमाल ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को मोबाइल के दुष्परिणामों की जानकारी दी और इससे होने वाले शारीरिक व मानसिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल का सीमित व सही उपयोग करने का आह्वान किया। बीईओ विरमाल ने कहा कि पीएम श्री के रूप में चयनित इस स्कूल के सभी बच्चों को आधुनिक सुविधाओं से लैस बेहतर शिक्षा मुहैया करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में वार्षिकोत्सव की परिपाटी प्रारंभ करना व बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों के लिए मंच प्रदान करना अच्छा प्रयास है। दूसरे विद्यालय को भी अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में बीआरसी बीएल वर्मा, नरसिंह शर्मा, पार्षद कुलदीप राठौड, संकुल प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय, सविता लववंशी आदि उपस्थित थे।

## हज टीकाकरण कैम्प में हुआ 57 हज यात्रियों का टीकाकरण

**आगर मालवा।** हज पर वही जाते है जिन्हें आका बुलाते है बड़े नसीब वाले होते जो आका के दर पर जाते है ऐसे ही आगर जिले से हज के लिए मक्का-मदीना जाने वाले 57 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। ईदगाह पर हज कमेटी द्वारा आयोजित हज टीकाकरण केम्प में शहर काजी जियाउलहक कुरैशी,त्यौहार कमेटी जिला अध्यक्ष नजीर अहमद,हज कमेटी जिला अध्यक्ष जफर खान,वक़्फ कमेटी जिला अध्यक्ष आमीर खान राही,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री शाहरुख अहमद,,आशिक हुसैन मंसूरी, मुजफ्फर मुल्तानी,टीपू सुल्तान,,समीर मुल्तानी एवं शुगरा बी सहित जिला अस्पताल की टीम में शामिल डॉ अजहर मुल्तानी,ज्योति रावल,नीलमणि ,शिवानी सूर्यवंशी,वाजिद खान,साजिद खान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन शामिल हुए। सभी हज पर जाने वाले यात्रियों का आयोजको द्वारा पुष्पमाला से स्वागत कर अल्पहार कराया व ऐहराम का तोफा देकर दुआओं की दरखास्त की।

प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर चर्चा में है। हाल ही में प्रियंका ने अपने हॉलीवुड करियर के साथ ही अपनी आगामी फिल्म 'द ब्लफ' के बारे में कई खुलासे किए हैं।



# प्रियंका चोपड़ा ने हॉलीवुड करियर को लेकर किए खुलासे

## बताई 'द ब्लफ' से जुड़ी बातें...'

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड ही नहीं बल्कि हॉलीवुड सिनेमा पर भी राज कर रही हैं। प्रियंका की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' 25 फरवरी को रिलीज हो रही है। हाल ही में प्रियंका ने अपनी फिल्म 'द ब्लफ' के अलावा अपने हॉलीवुड करियर को लेकर कई खुलासे किए हैं। साथ ही प्रियंका ने यह भी बताया कि उनके लिए 'द ब्लफ' क्यों खास है?

### प्रियंका का हॉलीवुड करियर

प्रियंका चोपड़ा जोनस ने हॉलीवुड करियर में अपनी उन्नति के बारे में कहा, 'मुझे अभी भी ऐसा नहीं लगता कि मैं सफलता के सबसे ऊपर पहुंच गई हूं, लेकिन मुझे अपनी काबिलियत पर पूरा भरोसा है।'

### खुद पर भरोसा करती हैं प्रियंका

प्रियंका ने आगे कहा, 'जब मैं पहली बार हॉलीवुड आई थी, तब से मैंने कभी खुद को कमजोर नहीं महसूस किया। भले ही लोग मुझे जानते नहीं थे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था। मुझे पता था कि मैं क्या कर सकती हूं और मेरी क्या कीमत है। मेरा आत्मविश्वास कभी कम नहीं हुआ। हो सकता है मुझे कम मौके मिले हों या कम कामयाबी मिली हो, लेकिन मुझे अपने टैलेंट और मेहनत करने की ताकत पर हमेशा भरोसा रहा।'

### किसकी तरह बनना चाहती हैं प्रियंका

प्रिंयका ने कहा, 'मैं बहुत मेहनत करने वाली हूं। किसी भी रोल या किरदार को अच्छे से निभाने के लिए मैं बहुत समय और मेहनत लगाती हूं। लेकिन ये सोचना कि मैं सफलता की मंजिल पर पहुंच गई हूं? ऐसा कभी नहीं हुआ। मुझे आज भी लगता है कि मैं अभी वहां नहीं पहुंची। बहुत से शानदार लोग हैं, जिन्होंने कमाल का काम किया है और मैं भी उनके जैसा बनना चाहती हूं।'

### कब रिलीज होगी 'द ब्लफ'

'द ब्लफ' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई. फ्लावर्स ने किया है। इसकी पटकथा फ्लावर्स और जो बॉलारिनी ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन और टेमुएरा मॉरिसन ने अभिनय किया है। फिल्म 'द ब्लफ' 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।

### 'द ब्लफ' के बारे में प्रियंका ने क्या कहा

प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपनी नई फिल्म 'द ब्लफ' के बारे में कहा, ''द ब्लफ' मेरी फिल्मों में एक नया बदलाव लाने वाली फिल्म है। मुझे लगता है कि यह मेरी फिल्मोग्राफी में, खासकर अंग्रेजी फिल्मों में, विविधता लाने की दिशा में एक अच्छा कदम है। यह फिल्म संस्कृति और इतिहास की गहराई को छूती है, लेकिन साथ ही यह एक मजेदार, भावुक और रोमांचक समुद्री डाकू फिल्म भी है। इसमें ढेर सारा ड्रामा, एक्शन और भावनाएं हैं।'

### कैसी फिल्में करना पसंद करती हैं प्रियंका

प्रियंका ने आगे बताया कि उन्हें कैसी फिल्में करना पसंद हैं। प्रियंका ने कहा, 'मुझे अलग-अलग तरह की कहानियां और जॉनर आजमाना बहुत पसंद है, इसलिए फिल्म 'द ब्लफ' को करके मुझे बहुत खुशी हुई।' फिल्म 'द ब्लफ' 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।

# रितेश देशमुख की अगली फिल्म का पोस्टर हुआ रिलीज, हाथ में तलवार और भगवा झंडा लहराते दिखे एक्टर

19 फरवरी को जन्मे शिवाजी महाराज ने उस वक्त स्वराज का सपना देखा, जब देश का ज्यादातर हिस्सा विदेशी सत्ता के अधीन था। उन्होंने स्वराज के लिए संघर्ष किया। आज उनकी जयंती के मौके पर रितेश देशमुख ने उनपर समर्पित अपनी आने वाली फिल्म पोस्टर रिलीज किया। साथ ही उन्होंने इसकी रिलीज डेट का भी खुलासा किया।

**शिवाजी महाराज पर आधारित होगी फिल्म:** शिव जयंती के खास मौके पर एक्टर-निर्देशक रितेश देशमुख ने अपनी ऐतिहासिक फिल्म 'राजा शिवाजी' का पहला पोस्टर जारी किया। पोस्टर में रितेश हाथ में तलवार और भगवा ध्वज लिए वह रणभूमि में खड़े दिखाई दे रहे हैं। यह लुक सीधे तौर पर इशारा करता है कि फिल्म में शिवाजी महाराज के स्वराज के संघर्ष को दिखाया जाएगा। पोस्टर के साथ मेकर्स ने दमदार कैप्शन भी शेयर किया, जिसमें लिखा था, 'जब अंधेरा था, तब एक ज्योति जली, जब इतिहास ठहर गया, तब एक युवा योद्धा ने उसे फिर से लिखा।'



**कब रिलीज होगी मूवी:** फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और जेनेलिया डिसूजा ने किया है। वहीं म्यूजिक मशहूर जोड़ी अजय-अतुल ने दिया है। स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में संजय दत्त, विद्या बालन, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, फरदीन खान और भाग्यश्री जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

## बॉक्स ऑफिस

# छठे दिन पस्त हुई 'तू या मैं', जानें 'ओ रोमियो' समेत बाकी की हालत?



'ओ रोमियो' ने जहां बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाई है, वहीं 'तू या मैं' की हालत खराब चल रही है। आइए जानते हैं 'मदार्नी 3' और 'बॉर्डर 2' का हाल।

13 फरवरी को सिनेमाघरों में 'ओ रोमियो' और 'तू या मैं' रिलीज हुई थी। जहां शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' को दर्शक प्यार दे रहे हैं, वहीं शनाया कपूर की फिल्म 'तू या मैं' बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है। आइए जानते हैं बुधवार को बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों के अलावा 'मदार्नी 3' और 'बॉर्डर 2' ने कितना कलेक्शन किया है?

### 'ओ रोमियो' का कैसा है प्रदर्शन?

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की अदाकारी वाली फिल्म 'ओ रोमियो' ने छठे दिन यानी बुधवार को 3.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का टोटल कलेक्शन 43.85 करोड़ रुपये हो गया है। ओपनिंग डे और वीकएंड पर इस फिल्म ने अच्छा कलेक्शन किया था। यह फिल्म हुसैन उस्तरा की कहानी बताती है, जिसका किरदार शाहिद कपूर ने निभाया है।

### दर्शकों को तरसी 'तू या मैं'

अपनी रिलीज के छठे दिन 'तू या मैं' ने बॉक्स ऑफिस पर 27 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 3.97 करोड़ रुपये हो गया है। इसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव ने अहम किरदार निभाया है। यह फिल्म रोमांटिक थ्रिलर है। ये फिल्म थाई सर्वाइवल थ्रिलर/हॉरर 'द पूल' का रीमेक है।

### ठंडा पड़ा 'मदार्नी 3' का जोश

'मदार्नी 3' ने इक्कीसवें दिन 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। बॉक्स ऑफिस पर इसका कुल कलेक्शन 45.9 करोड़ रुपये हो गया है। रानी मुखर्जी की अदाकारी वाली यह फिल्म बच्चों की तस्करी और भिखारी माफिया पर आधारित है। फिल्म में पुलिस का किरदार निभाने वाली रानी मुखर्जी इन मामलों को सुलझाती हैं।

### 'बॉर्डर 2' की घटी कमाई

वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' ने 27वें दिन 55 लाख रुपये कमाए हैं। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने अब तक 323.80 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इसमें सनी देओल के अलावा वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ ने अहम किरदार निभाया है। यह फिल्म भारत-पाकिस्तान के 1971 के युद्ध पर आधारित है।

# Sport

टी20 विश्व कप 2026 का 38वां ग्रुप मुकाबला जिम्बाब्वे ने छह विकेट से जीत लिया। कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ जिम्बाब्वे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 179 रनों के लक्ष्य को तीन गेंदों के शेष रहते हासिल कर लिया। इस जीत के साथ जिम्बाब्वे ने अपने ग्रुप स्टेज का समापन अजेय रहते किया है।

# अजेय रहते हुए सुपर-8 में पहुंचा जिम्बाब्वे

## श्रीलंका को उसके घर में छह विकेट से दी करारी शिकस्त

**कोलंबो।** ब्रायन बेनेट की तूफानी अर्धशतकीय पारी की मदद से जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को छह विकेट से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ सिकंदर रजा की अगुवाई वाली टीम ने टी20 विश्व कप 2026 में ग्रुप स्टेज का अजेय रहते हुए समापन किया और सुपर-8 में शानदार एंट्री की। गुरुवार को कोलंबो में खेले गए 38वें मुकाबले में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे ने तीन गेंदों के शेष रहते 182 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।



### ग्रुप-बी की टेबल टॉपर बनी जिम्बाब्वे

इस जीत के साथ जिम्बाब्वे की टीम ने ग्रुप बी की टेबल टॉपर भी बन गई। लीग चरण में खेले चार मुकाबलों में उसने तीन मैचों में शानदार जीत दर्ज की। वहीं, एक मैच बेनतीजा रहा। टीम सात अंक और + 1.506 के नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। इस हार के साथ मेजबान श्रीलंका दूसरे स्थान पर खिसक गई। उसके खाते में छह अंक और +1.741 का नेट रन रेट है। ग्रुप बी से सुपर-8 के लिए जिम्बाब्वे और श्रीलंका की टीमें पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं। वहीं, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ओमान का सफर ग्रुप स्टेज में ही समाप्त हो गया है। इस ग्रुप का आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और ओमान के बीच खेला जाना है।

जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को हराकर टी20 विश्व कप 2026 में एक बार फिर बड़ा उलटफेर कर दिया। इससे पहले टीम ने ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया था। जिम्बाब्वे की टीम सुपर-8 में भारत, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के साथ ग्रुप-1 में है, जबकि श्रीलंकाई टीम न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप-2 में है।

### श्रीलंका की पारी

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम को कुसल परेरा और पथुम निसांका की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने पांच ओवरों में 54 रन की साझेदारी की।

कुसल 14 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद निसांका ने कुसल मेंडिस के साथ 43 गेंदों में 46 रन जुटाते हुए श्रीलंका को 100 के स्कोर तक पहुंचाया।

मेंडिस ने टीम के खाते में 14 रन का योगदान दिया, जबकि निसांका ने 41 गेंदों में 8 चौकों के साथ 62 रन टीम के खाते में जोड़े।

इनके अलावा, पवन रत्नायके ने 25 गेंदों में 5 बाउंड्री के साथ 44 रन की पारी खेली।

विपक्षी खेमे से ब्लेसिंग मुजारबानी, ब्रैड इवांस और ग्रीम क्रेमर ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि एक विकेट रयान बर्ल के हाथ लगा।

### जिम्बाब्वे की पारी

जवाब में जिम्बाब्वे ने 19.3 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम को ब्रायन बेनेट और तदिवानाशे मारुमानी की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों के बीच 8.3 ओवरों में 69 रन की साझेदारी हुई।

मारुमानी 26 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 34 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद बेनेट ने रयान बर्ल के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन जुटाते हुए टीम को 98 के स्कोर तक पहुंचाया।

बर्ल 12 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 23 रन की पारी खेलकर पवेलियन लौटे।

यहां से बेनेट ने कप्तान सिकंदर रजा के साथ 40 गेंदों में 69 रन जुटाते हुए टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया।

सिकंदर रजा 26 गेंदों में 4 छक्कों और 2 चौकों के साथ 45 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद बेनेट ने 48 गेंदों में 8 चौकों के साथ 63 रन की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को शानदार जीत दिलाई।

मेजबान खेमे की तरफ से दुशन हेमंथा ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए, जबकि दसुन शनाका और दुनिथ वेल्लालगे ने 1-1 विकेट हासिल किया।

# 'बीसीसीआई और भारत के साथ बेहतर संबंध चाहते हैं', बांग्लादेश के खेल मंत्री अमीनुल हक का बयान

**ढाका।** बांग्लादेश में नई सरकार का गठन हो चुका है। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद तारिक रहमान ने भारत के साथ पिछले एक साल के अंदर खराब हुए रिश्ते सुधारने की कोशिश तेज कर दी है। बांग्लादेश के नए खेल मंत्री अमीनुल हक ने कहा है कि वह भारत के साथ संबंध बेहतर करना चाहते हैं।

### रिश्ते सुधारना चाहता है बांग्लादेश

खेल मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अमीनुल हक ने कहा कि वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और भारत के साथ रिश्ते सुधारना चाहते हैं और सारे मुद्दों को जल्द सुलझाना चाहते हैं। उन्होंने कहा,'शपथ लेने के बाद, मैं संसद भवन में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। उनसे टी20 विश्व कप पर बात की। यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं। हम सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं।'



### 'भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं'

अमीनुल हक ने कहा, 'खेल के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी हम भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। राजनीतिक दिक्कतों के कारण, हम टी20 विश्व कप नहीं खेल सके। अगर चर्चा हुई होती, तो उन मुद्दों का समाधान हो गया होता और हमारी टीम विश्व कप का हिस्सा होती।'

### आईसीसी ने बाहर किया था

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के बाद बीसीसीआई ने केकेआर को बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 की अपनी टीम से बाहर करने का आदेश दिया था। केकेआर ने बोर्ड का आदेश माना था। इसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने विश्व कप 2026 के लिए अपनी टीम को भारत भेजने से इनकार कर दिया और अपने मैच श्रीलंका में शिफ्ट करने की मांग आईसीसी से की।

# कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रचा इतिहास, सबसे ज्यादा अंतरराष्टीय मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बनीं

**कैनबरा।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने गुरुवार को इतिहास रच दिया। वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाली शीर्ष महिला खिलाड़ी बन गईं। इस मामले में उन्होंने न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बेट्स को पीछे छोड़ दिया।

बता दें कि, भारतीय टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है और तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। गुरुवार को दूसरा मुकाबला कैनबरा में खेला गया, जिसमें मेजबानों ने भारत को 19 रनों से हराकर सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंचा दी। इससे पहले टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को शुरूआती मुकाबले में मात दी थी।

### हरमनप्रीत कौर ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

दूसरे टी20 मुकाबले में उतरते ही भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। यह उनका 356वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला था। इससे पहले यह रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के नाम दर्ज था, जिन्होंने 356 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### क्राइम ब्रांच ने पकड़ा फरार आरोपी नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद

**इंदौर।** इंदौर में अवैध मादक पदार्थों की खरीदी-बिक्री करने वालों के खिलाफ इंदौर क्राइम ब्रांच की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में टीम ने बुधवार को एक और फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि 12 फरवरी को एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार आरोपी कासिम खान से पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारी मिली थी। इसी के आधार पर पहले साउथ टोड़ा निवासी रिजवान अंसारी को गिरफ्तार किया गया था। रिजवान से पूछताछ में एक और फरार आरोपी हसन अली निवासी दौलतगंज का नाम सामने आया। इसके बाद टीम ने मुखबिर और टेक्निकल इनपुट के आधार पर उसे ट्रेस कर बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार इस मामले में पहले पकड़े गए आरोपी से 14 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 40 हजार रुपए बताई गई है। प्रारंभिक पूछताछ में हसन अली ने बताया कि वह रिपेयरिंग का काम करता है और पांचवीं तक पढ़ा है। क्राइम ब्रांच को उम्मीद है कि पूछताछ में ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की जानकारी भी सामने आ सकती है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### एयरपोर्ट क्षेत्र में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, पुलिस ने शुरू की जांच

**इंदौर।** इंदौर के एयरपोर्ट क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रिलायंस पेट्रोल पंप के पास लोगों ने सुबह एक युवक को फंदे पर लटका देखा और तुरंत सूचना दी। राम शाक्य ने बताया कि मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा गया और जांच की गई। युवक की पहचान अमन पुत्र पंकज निवासी बाबू मुराई कॉलोनी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही उसकी बहन गुड्डी को मौके पर बुलाया गया। उसने बताया कि अमन रात से घर नहीं लौटा था और परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। परिजनों के मुताबिक अमन कुछ समय से डिप्रेशन में था और छोटा-मोटा काम करता था। घर में उसके माता-पिता रहते हैं और उसकी शादी नहीं हुई थी। पुलिस को मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच जारी है।



# नर्सी मूंजी यूनिवर्सिटी में तोड़फोड़ करने वालों पर प्रकरण दर्ज

### आरोपियों में बजरंग दल के चार कार्यकर्ता भी, वेलेंटाइन वीक का कार्यक्रम रुकवाने पहुंचे थे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर की नर्सी मूंजी यूनिवर्सिटी में तोड़फोड़ के मामले में गांधी नगर पुलिस ने बजरंग दल के चार कार्यकर्ताओं सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। ये लोग 12 फरवरी को यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में जबरिया घुस गए थे और उसे अश्लील बताते हुए हंगामा किया था। इस दौरान तोड़फोड़ भी की गई थी।

हालात इतने बिगड़े कि पुलिस को पहुंचकर स्थिति संभालनी पड़ी। यूनिवर्सिटी ने अपना पक्ष भी रखा, लेकिन आरोपी कार्यक्रम बंद कराने पर अड़े रहे, आखिर कार्यक्रम रोक दिया गया। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराए। जिनकी जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।



डीसीपी जोन-1 कृष्णलाल चंदानी ने बताया कि 12 फरवरी को निम्स यूनिवर्सिटी में हंगामा हुआ था। जिसमें कुछ बजरंग दल के कार्यकर्ता डंडे ओर पाइप लेकर अंदर घुसे थे। उन्होंने छात्रों के साथ मारपीट की। वही कैंपस के कांच फोड़ दिए थे। इस मामले में यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से आवेदन दिया गया था। जिसकी जांच के बाद बुधवार को गांधी नगर पुलिस ने तोड़फोड़, बलवा, जबरन घुसने ओर मारपीट की धाराओं में बजरंग दल के 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर की है। यूनिवर्सिटी में वेलेंटाइन वीक के तहत कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें कैंपस के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। इस दौरान यूनिवर्सिटी का स्टाफ और प्रोफेसर भी मौजूद थे। मामले में पुलिस ने कृष्णा मोघे, चेतन राठौर, रोहित चौहान, योगेश प्रजापत, दुर्गेश कुमार सहित उनके अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# रिश्तेदार ने की 14 साल की छात्रा से छेड़छाड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के द्वारकापुरी क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय छात्रा के साथ उसके एक रिश्तेदार द्वारा छेड़छाड़ और मानसिक प्रताड़ना का मामला सामने आया है। आरोपी मूल रूप से गुना का निवासी बताया गया है, जो पारिवारिक मदद के लिए इंदौर आया था। पीड़िता बुधवार को परिजनों के साथ द्वारकापुरी थाने पहुंची। उसकी शिकायत पर अनिल प्रजापत निवासी बरखेडा गुना के खिलाफ छेड़छाड़ ओर पॉस्को एक्ट के चलते एफआईआर की गई है। पुलिस को दी शिकायत में छात्रा ने बताया कि जुलाई में उसके पिता का एक्सीडेंट होने के बाद परिवार की सहायता के लिए आरोपी को इंदौर बुलाया गया था। वह कुछ समय से उनके घर में रह रहा था और परिवार के कामों में मदद कर रहा था।

### इंदौर में बना 66वां ग्रीन कॉरिडोर

# दोनों किडनियां और लिवर से दूसरों को मिलेगी नई जिंदगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में बुधवार देर रात 66वां ग्रीन कॉरिडोर बना। इसमें खरगोन गांवशिंदे कॉलोनी निवासी विजय जायसवाल की ब्रेन डेड के बाद महत्वपूर्ण अंगों को ट्रांसप्लांट करने की प्रक्रिया शुरू की गई। दरअसल 15 फरवरी को सड़क हादसे में घायल होने के बाद उन्हें विशेष ज्युपीटर हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। उन्हें बुधवार को डॉक्टरों की टीम ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया।

उनकी पत्नी आराधना जायसवाल, भाई विनोद, विशाल जायसवाल और बेटे प्रथमेश की सहमति के बाद रात में दो ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। पहला कॉरिडोर विशेष जुपिटर हॉस्पिटल से एयरपोर्ट तक बनाया गया। जुपिटर अस्पताल से हार्ट की टीम 10.37 बजे हार्ट लेकर निकली और 10.52 बजे एयरपोर्ट पहुंच गई। जहां से उसे विमान के जरिए अहमदाबाद भेजा गया। वहां यह हार्ट एक मरीज को ट्रांसप्लांट किया जाएगा।

वहीं दूसरा कॉरिडोर विशेष ज्युपीटर से चोइथराम हॉस्पिटल तक बनाया गया है। जहां ग्रीन कॉरिडोर 11.15 बजे प्रारंभ हुआ और 11.21 बजे, मात्र 6 मिनट में पूर्ण हो गया। यहीं उनकी एक किडनी चोइथराम हॉस्पिटल में एडमिट एक व्यक्ति को और दूसरी किडनी विशेष ज्युपीटर में एडमिट मरीज को ट्रांसप्लांट की जाएगी।

उनका लिवर विशेष ज्युपीटर में एडमिट मरीज को ट्रांसप्लांट किया जा रहा है। यह प्रोसेस लंबी और देर रात तक चलेगी। मुस्कान ग्रुप के काउंसलर्स संदीपन आर्य, जीतू बगानी और लक्की खत्री द्वारा समन्वय स्थापित कर सारी प्रक्रिया शुरू करवाई गई।

# 19 से 21 तक जल आपूर्ति बाधित रहेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में नगर निगम 19 फरवरी से 48 घंटे का मेगा शटडाउन लेने जा रहा है। वांचू पाइंट पर 1200 एमएम की क्षतिग्रस्त पाइपलाइन बदलने और नर्मदा प्रोजेक्ट से जुड़े तकनीकी कार्यों के चलते यह निर्णय लिया गया है। शटडाउन 19 फरवरी की सुबह से शुरू होगा, जिसके कारण 19, 20 और 21 फरवरी को शहर के कई इलाकों में जल आपूर्ति बाधित रहेगी। निगम ने प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से पानी सप्लाई की व्यवस्था करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

नगर निगम के जलकार्य प्रभारी बबलू शर्मा ने बताया कि वांचू पाइंट पर बिछी पुरानी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे बड़ी मात्रा में पानी का अपव्यय हो रहा था। इस लाइन को बदलकर नई पाइपलाइन डाली जाएगी। शटडाउन के दौरान नर्मदा प्रथम और द्वितीय चरण के सभी पंप बंद रहेंगे।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

अवसर अवसर अवसर
श्रेयस मार्केटिंग
उज्जैन के साथ करें शुभ शुरूआत
EXCITING CAREER OPPORTUNITY
PART TIME / FULL TIME
आवश्यकता है
अनुभवी युवा/प्रोफेशनल्स (12वीं पास से एमबीए तक)
शास. / अशासकीय कर्मचारी बिजनेसमैन
गृहिणी/कामकाजी बुजुर्ग/पेंशनर जो अपनी आय/बॉनस में वृद्धि चाहते है
ROLES
Marketing Manager
Merketing Executive
Sales Executive
Team Leader
Telecaller
WALK - IN INTERVIEW
Call or drop message on WhatsApp for interview schedule
OFFICE : नवकार पैराडाइज, तरणताल के सामने, उज्जैन
संपर्क सूत्र 9673979711, 9179656511

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मेटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com